सुप्रभात
रांची, गुरुवार
22.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 159



12 दुनिया के 50 महानतम कलाकारों की सूची में शाहरूख शामिल

## नियोजन नीति पर हंगामे के बीच सदन में मुख्यमंत्री ने कहा
# युवा जो चाहेंगे, सरकार वही करेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि युवाओं की भावनाओं के अनुरूप शीघ्र ही नियोजन नीति बनायी जायेगी। श्री सोरेन बुधवार को सदन के द्वितीय पाली में नियोजन नीति को लेकर बयान दे रहे थे। सीएम ने कहा, अब हम पीछे मुड़ कर नहीं देखना चाहते हैं। हम एक ऐसी नीति बनायेंगे, जो हमारे युवा छात्र चाहते हैं। हम एक बिंदु पर बातचीत कर रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि बहुत जल्द एक ऐसी नीति लेकर आयेंगे, जिससे राज्य की जनता का भी भला होगा। वहीं शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन हंगामे और विपक्ष के वाकआउट के बीच 8. 533 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।

### सदन का घेराव करने पहुंचे थे युवा

मालूम हो कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन भाजपा ने नियोजन नीति को लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा के मुख्य द्वार पर भाजपा विधायकों ने सरकार पर युवाओं को ठगने का आरोप लगाया। उधर नियोजन नीति रद्द होने के विरोध में हजारों छात्र विधानसभा का घेराव करने पहुंचे थे। (शेष पेज 11 पर)



### कमिटमेंट पर अडिग हैं, इसे करेंगे पूरा

सीएम ने कहा कि अब ऐसी नीति बनाने पर विचार कर रहे हैं, जो विधिसम्मत व नीतिपूर्वक होगी। फिर, ऐसे हालात का सामना ना करना ना पड़े। हम कमिटमेंट पर अडिग हैं और पूरा भी करेंगे। हम हर हाल में आदिवासी- मूलवासी और खासकर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं का भला चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 की नियोजन नीति को हाईकोर्ट से खारिज करने और इसको लेकर छात्रों में उबाल को देखते हुए गंभीरता पूर्वक विचार-विमर्श किया जा रहा है। यह नियोजन नीति क्यों रद्द हुई, इसके पीछे किसका हाथ था, अब हम इस तरफ हम नहीं जाना चाहते। यह राज्य की जनता और आदिवासी मूलवासी छात्र नौजवान जान चुके हैं। सीएम ने कहा कि हर राज्य में सरकार अपने प्रदेश के छात्र-छात्राओं के लिए अपने स्तर से नीति, नियम बनाती है। पर हर मामला झारखंड में ही क्यों उलझ जाता है। यह बताने की जरूरत नहीं है। राज्य के युवा निश्चिंत रहें।

## 8,533 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन सदन ने 8 हजार 533 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस दौरान विपक्ष ने सदन का बहिष्कार किया। अनुपूरक बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि इस अनुपूरक बजट से राजकोषीय लक्ष्यों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार अपने बेहतर वित्तीय प्रबंधन से इस अतिरिक्त राशि की व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा राशि ऊर्जा विभाग के लिए है। इसके पीछे वजह है।



उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य की जनता को 100 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था। इसे लागू कर दिया गया है। इस पर आनेवाले खर्च के लिए 2733 करोड़ रुपये का प्रावधान ऊर्जा विभाग के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग को 595 करोड़ रुपये, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग को 197 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 434 करोड़ रुपये, गृह, कारा एवं आपदा विभाग को 220 करोड़ रुपये, श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग को 160 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास विभाग को 217 करोड़ रुपये, नगर विकास एवं आवास विभाग को 251 करोड़ रुपये, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को 1058 करोड़ रुपये, ग्रामीण कार्य विभाग को 350 करोड़ रुपये,महिला बाल विकास विभाग को 1158 करोड़ रुपये का प्रावधान अनुपूरक बजट में किया गया है।

## सम्मेद शिखरजी की पवित्रता कायम रखेगी सरकार

**रांची।** राज्य सरकार ने गिरिडीह स्थित सम्मेद शिखर जी क्षेत्र की पवित्रता बरकरार रखने का आश्वासन दिया है। दरअसल, कांग्रेस के निलंबित विधायक डॉ इरफान अंसारी ने सम्मेद शिखर जी क्षेत्र को अहिंसक व शाकाहारी क्षेत्र घोषित करने की मांग की थी। साथ ही, जैनियों के सबसे पवित्र स्थान को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने से मांस-मदिरा का सेवन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सम्मेद शिखर को पिछले दिनों पर्यटक स्थल के रूप में घोषित किया गया था। इससे सकल दिगंबर जैन समाज में रोष है। इस पर सरकार की ओर से सकारात्मक भरोसा दिया गया।




# तीसरी वर्षगांठ पर सरकार देगी लोगों को कई तोहफे
## सीएम ने की तैयारियों की समीक्षा, दिये निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो


**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सरकार की तीसरी वर्षगांठ पर दस लाख किसानों के बीच सुखा राहत की राशि बांटी जायेगी। वह बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 29 दिसंबर 2022 को डीबीटी के माध्यम से राज्य के 10 लाख किसानों को सूखा राहत राशि, 25 लाख प्री-मैट्रिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं 5 लाख 60 हजार बच्चियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभ का तोहफा देंगे। कुल 1200 करोड़ रुपये की राशि का होगा वितरण। कई मॉडल स्कूल भवनों

### 29 को प्रोजेक्ट भवन में होगा मुख्य समारोह

का होगा उदघाटन, लॉन्चिंग ऑफ पोर्टल फॉर मॉनिटरिंग इंफ्रा प्रोजेक्ट्स एवं स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल का भी होगा शुभारंभ। उन्होंने कहा कि इस दौरान कई महत्वपूर्ण पोर्टल का होगा शुभारंभ। आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित सहित सभी वर्ग को उनका हक-अधिकार देने का संकल्प है। उन्होंने पदाधिकारियों को लाभुकों का रजिस्ट्रेशन, वेरीफिकेशन एवं तकनीकी पहलुओं की पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने को कहा है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग द्वारा उक्त अवसर पर शुभारंभ किए जाने वाले प्रगति पोर्टल से संबंधित सभी आवश्यक तैयारी ससमय पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि 29 दिसंबर को स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल का शुभारंभ किया जाना है। इस पोर्टल के शुभारंभ होने से राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को राज्य सरकार की खेल नीति का पूरा लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल की व्यवस्था एवं उसकी तकनीकी बारीकियों की पूरी जांच सुनिश्चित कर लें। (शेष पेज 11 पर)

## समीक्षा बैठक : खत्म नहीं हुआ कोरोना, सतर्कता जरूरी
# चीन में तबाहीवाला वैरिएंट भारत पहुंचा

- सरकार अलर्ट, अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की रैंडम सैंपलिंग शुरू
- मॉस्क और प्रोटोकॉल जरूरी
- नये वेरिएंट के चार मामले भारत में भी मिले



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीन में जिस वैरिएंट (ओमिक्रॉन का सब वैरिएंट बीएफ7) ने तबाही मचायी है, उसी वैरिएंट के चार मामले भारत में सामने आये हैं। गुजरात से तीन मामले जबकि, ओड़िशा से एक मामला सामने आया है। भारत में स्थिति खराब न हो, इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को समीक्षा बैठक की। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मांडविया ने बैठक में कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, ऐसे में सतर्कता अभी बहुत जरूरी है। निरंतर निगरानी की आवश्यकता है। यह उनका दायित्व है कि देश में कोविड न फैले और देश के सभी नागरिक स्वस्थ रहें। कोविड के नये वैरिएंट बीएफ 7 को लेकर सरकार अलर्ट मोड में है। एहतियात के तौर पर हवाईअड्डों पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की रैंडम सैंपलिंग शुरू कर दी गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने फैसला लिया है कि हर सप्ताह कोरोना के मामलों की समीक्षा होगी।

**मास्क व कोविड प्रोटोकाल मानना जरूरी :** समीक्षा बैठक के दौरान श्री मांडविया ने सतर्कता, सावधानी और निगरानी बरतने पर खास जोर दिया। उन्होंने कहा मॉस्क लगाना अभी जरूरी है। सार्वजनिक तथा भीड़भाड वाले स्थानों पर कोविड मानको का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिव और मुख्य सचिव पत्र भी भेजा गया है। (शेष पेज 11 पर)

### पांच-पांच किलो के दो आइइडी बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिहंभूम के टोन्टो थाना क्षेत्र के रेंगड़ाहातू गांव स्थित विचागुटू टोला से सुरक्षा बलों ने पांच-पांच किलो का दो आइइडी बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बुधवार को बताया कि प्रतिबंधित नक्सलियों के विरुद्ध कोल्हान कोर एरिया में लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम गुप्त सूचना मिली कि टोंटो थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से बम लगाने की सूचना के बाद सर्च अभियान इसे बरामद किया।

## कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण यार्ड में हादसा
# क्रेन पलटने से अभियंता की मौत, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांटाटोली फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य करा रही कंपनी के नामकुम स्थित यार्ड में बुधवार को क्रेन पलटने से एक इंजीनियर चूड़ामणि की मौत हो गयी। हादसे में एक सुपरवाइजर हसन अली समेत दो घायल हो गये। सुपरवाइजर का इलाज रिम्स में चल रहा है। उसकी हालत गंभीर है। निर्माण का कार्य दिनेशचंद्र आर अग्रवाल कंपनी को दिया गया है।



वहीं, कंपनी के द्वारा ही फ्लाईओवर के निर्माण में होने वाले पाइलिंग का काम पेटी कॉन्ट्रैक्ट के रूप में चामुंडा पाइल प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। जिस सिविल इंजीनियर चूड़ामणि की मौत हुई है, वह चामुंडा पाइल प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी थे और गुमला के निवासी थे। वहीं घायल सुपरवाइजर का हसेन अली बंगाल के मालदा जिले का रहने वाला है। हादसे से मृतक अभियंता के परिजनों में आक्रोश है और मुआवजा की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है। खबर के मुताबिक अभियंता चुड़ामणि क्रेन के बगल से मोबाइल से बात करते हुए जा रहे थे। (शेष पेज 11 पर)

## नियोजन नीति रद्द होने के विरोध में विधानसभा घेरने पहुंचे युवा
# सीएम के निर्देश पर विधायकों की टीम ने मनाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट से नियोजन नीति 2021 रद्द होने के बाद राज्य के युवाओं में आक्रोश है। इसका असर सदन के भीतर और बाहर भी दिखा। नियोजन नीति रद्द होने के विरोध में विधानसभा का घेराव करने बुधवार को बड़ी संख्या में छात्र जगन्नाथ मंदिर के पहुंच गये। विरोध को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। रैली की शक्ल में नये विधानसभा की ओर बढ़ रहे छात्रों की मांग है कि सरकार तत्काल ऐसी नियोजन नीति लाए, जिससे रिक्त पदों पर नियुक्ति हो सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



के निर्देश पर एक विधायकों की टीम ने छात्रों से बातचीत कर उन्हें मनाया। विधायकों की टीम में लंबोदर महतो, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, दीपिका पांडे सिंह, सुदिव्य कुमार सोनू और विनोद सिंह मौजूद थे। उन्होंने छात्रों से बात की और कहा कि सभी विधायक उनकी मांग से सहमत है। उन्होंने कहा कि हर हाल में नियोजन मिलनी चाहिए। इसके लिए उन्हें सड़क पर बैठने की जरूरत नहीं है। बल्कि पढ़ाई करने की जरूरत है। छात्रों ने विधायकों के सामने अपनी बात रखी। छात्रों का कहना था कि ऐसी पढ़ाई का क्या फायदा जब परीक्षा ही सरकार नहीं ले सकती है तो। करीब एक घंटे की बातचीत में विधायकों ने उनकी बात सरकार तक पहुंचाने की बात कही और कहा कि किसी भी हाल में यह मामला जल्द सुलझा लिया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

## स्कूल बस पलटी, 15 छात्रों की मौत
### स्टडी टूर पर जा रहे थे बच्चे, 22 छात्र अस्पताल में भर्ती

एजेंसी

**इम्फाल।** मणिपुर के नोनी जिले में बुधवार को टूर पर जा रही एक स्कूल बस पलट गयी। हादसे में कम से कम 15 छात्रों की मौत की खबर है। कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। राष्ट्रपति और प्रधानवमंत्री समेत तमाम नेताओं ने स्कूली बच्चों की मौत पर गहरा दुख जताया है। बस में 36 छात्र और टीचर्स भी मौजूद थे। स्टडी टूर पर जाते वक्त बस ओल्ड कछार रोड पर फिसल गयी। मृतकों में 5 छात्राएं भी हैं। घटना सुबह 11.30 बजे की है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में दो बसों के दुर्घटनाग्रस्त होने का दावा किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बस थम्बलनू हायर सेकेंडरी स्कूल, यारिपोक की थीं। ये खौपूम की ओर टूर पर जा रही थी। 22 छात्रों को इम्फाल के मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे पर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दुख जताया है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर एनडीआरएफ और मेडिकल टीम पहुंच कर राहत और बचाव कार्य में लगी है।

## न्यूज डायरी

### साक्ष्य के अभाव में कुंदन पाहन बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत ने बुधवार को भाकपा माओवादी के कुख्यात नक्सली कुंदन पाहन को साक्ष्य के अभाव में एक केस में बरी कर दिया। सुनवाई के दौरान रांची पुलिस की ओर से पांच गवाह प्रस्तुत किये गये। वर्ष 2008 में कुंदन पाहन के खिलाफ रांची के नामकुम थाना में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कुंदन पाहन की ओर से अधिवक्ता ईश्वर दयाल किशोर ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि कुंदन पाहन ने राज्य सरकार की सरेंडर नीति के तहत वर्ष 2017 में रांची के डीआईजी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया था। इस पर पांच करोड़ नकद लूटने, एक किलो सोना लूटने, स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर फ्रांसिस इंदवार और पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या के अलावा कई मामले दर्ज हैं।

### संसद में बाणेश्वर राय के परिजनों को सुविधा की मांग

**रांची।** आजाद हिंद फौज के लेफ्टिनेंट रहे रांची के बाणेश्वर राय के परिवार सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने से संबंधित मामला सदन में सांसद संजय सेठ ने उठाया। सांसद ने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व को अब तक की सरकारों ने सम्मान नहीं दिया। लेफ्टिनेंट बाणेश्वर राय ने आजाद हिंद फौज की इंटेलिजेंस विंग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सांसद ने कहा कि ऐसे समर्पित और बलिदानी देशभक्त का परिवार सरकारी सुविधाओं से वंचित है। उनके परिवार के पास रहने तक के लिए घर नहीं है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत सरकार उनकी समीक्षा कर, उन्हें सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराये।

### लिव-इन में रह रही युवती की गला रेत कर हत्या

**हजारीबाग।** पुलिस लाइन स्थित सरकारी क्वार्टर में जवान परशुराम कुमार के साथ लिव-इन में रह रही युवती रिंकी की गला रेत कर हत्या कर दी गयी। खून से लथपथ अवस्था में रिंकी का शव क्वार्टर से बरामद किया गया है। बताया जाता है कि रिंकी कुमारी पुलिस लाइन से महज 300 मीटर दूर लक्ष्मी पेट्रोल पंप पर काम करती थी। वहीं पलामू निवासी पुलिस जवान परशुराम कुमार हजारीबाग में पदस्थापित है। परशुराम कुमार की पत्नी का निधन भी कुछ माह पहले संदिग्ध अवस्था में हुआ था। इसके बाद से वह पेट्रोल पंप कर्मी रिंकी कुमारी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगा था।

### टेलर और बोलेरो में टक्कर दो की मौत, छह गंभीर

**रांची।** सिल्ली थाना क्षेत्र के रांची-टाटा मार्ग बंता के समीप टेलर और बोलेरो के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना बुधवार अहले सुबह 3 :00 बजे की है। मृतकों में मंटू मांझी(35) और रितेश मांझी (30 ) दोनों सखे भाई थे। घायलों में विक्की मांझी, सूरज मांझी, बिपुल मांझी, बिक्रम मुंडा काजल मांझी शामिल है।

### वीर बुद्ध भगत की जयंती 17 फरवरी को

रांची। केंद्रीय सरना समिति और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद वीर बुधू भगत की जयंती 17 फरवरी को शिलागाई गांव में धूमधाम से मनाएगा। केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की ने बताया कि 17 फरवरी को वीर बुद्ध भगत की जयंती समारोह को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 51,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

# झारखंड भवन में कार्यरत अधिकारियों कर्मियों को मिलेगा विशेष दिल्ली भत्ता

**मूल वेतन का 15 प्रतिशत भत्ता मिलेगा, मिली मंजूरी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड भवन नयी दिल्ली के नियमित पदाधिकारियों-कर्मचारियों को विशेष दिल्ली भत्ता देने की स्वीकृति राज्य सरकार ने दी है। इसके तहत विशेष परिस्थितियों को देखते हुए राज्य सरकार ने झारखंड भवन नयी दिल्ली में नियमित रूप से कार्यरत राज्य सेवा संवर्ग तथा क्लास-2 वर्ग-3 एवं वर्ग चार के पदाधिकारियों-कर्मचारियों को मूल वेतन का 15 प्रतिशत विशेष दिल्ली भत्ता मिलेगा।

**स्थानिक आयुक्त ने महंगाई को बताया कारण :** स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन नयी दिल्ली ने इस संबंध में राज्य सरकार को जानकारी दी थी कि कार्य प्रकृति भिन्न है। प्रोटोकॉल अतिविशिष्ट, विशिष्ट महानुभावों के आवागमन तथा विभिन्न केंद्रीय मंत्रालय एवं दिल्ली स्थित अन्य कार्यालय आदि से समन्वय का कार्य करना पड़ रहा है। वहीं आपातकालीन स्थिति जैसे, कोविड-19 के समय कार्यालय अवधि से अधिक देर रात तक एवं अवकाश के दिनों में भी प्रायः पदाधिकारी-कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित रह कर कार्य का निष्पादन करते हैं। सरकारी आवास उपलब्ध नहीं होने के कारण पदाधिकारियों व कर्मचारियों को अधिक दूरी से आना-जाना पड़ता है। उनके आवागमन पर लागत अधिक आती है। कर्मियों का खर्च भी बढ़ रहा है। स्थानिक आयुक्त ने इसी आलोक में विशेष भत्ता देने का अनुरोध झारखंड सरकार से किया था।

## प्रवर्तन निदेशालय के शपथ पत्र पर सियासत तेज

# झारखंड में राष्ट्रपति शासन लागू हो : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने झारखंड में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है। श्री मरांडी ने सदन के बाहर बुधवार को कहा कि सीएम हास्यास्पद बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार ने केस को मैनेज करने की कोशिश की, इससे साफ लगता है कि राज्य में अराजक स्थिति है। उन्होंने कहा कि पहले ठेका को मैनेज करने की कोशिश होती है और अब उनके प्रेस सलाहकार केस को मैनेज करने का प्रयास करते हैं। गौरतलब है कि बरहरवा टोल प्लाजा विवाद मामले में ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीन चिट देने के मामले में हाई कोर्ट में शपथ पत्र दायर किया है। शपथ पत्र में कई सनसनीखेज बातों का उल्लेख किया गया है।

जानकारी के मुताबिक ईडी के शपथ पत्र में पंकज मिश्रा, अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ पिंटू एवं महाधिवक्ता सहित अन्य लोगों के बीच मोबाइल फोन से हुई बातचीत का भी जिक्र किया गया है। इसके बाद से सियासत तेज हो गई है।

उन्होंने सीएम के द्वारा बिहार यूपी के लोगों पर की गई टिप्पणी की आलोचना की और कहा कि शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सदन में जिस तरह से मुख्यमंत्री ने बिहार-यूपी के लोगों पर साजिश के तहत झारखंडी हित में बनी नीतियों को न्यायालय में ले जाने की बात कही है वह हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में जाने के लिए लोग स्वतंत्र हैं। मुख्यमंत्री का सदन में बोलना कहीं से भी शोभा नहीं देता है। अपनी कमी को छिपाने के लिए इस तरह के बातें की जाती हैं।

## खबर एक नजर में

### सरकारी कर्मियों को क्रिसमस का तोहफा, आज से होगा वेतन का भुगतान



**रांची।** क्रिसमस को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सरकारी कर्मियों को क्रिसमस का तोहफा दिया है। उन्हें गुरुवार से ही वेतन मिलने लगेगा। वित्त विभाग के उप सचिव राजकिशोर खाखा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि क्रिसमस पर्व को देखते हुए झारखंड कोषागार संहिता 2016 के नियम 139 में निहित प्रावधानों के तहत राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि झारखंड सरकार, राज्यपाल सचिवालय और विधानसभा के अफसरों और कर्मियों को दिसंबर माह के वेतन का भुगतान 22 दिसंबर से किया जाये।

### मनी लाउंड्रिंग के आरोपी को पुलिस पेपर दिया

**रांची।** ईडी ने 101 करोड़ रुपये मिड डे मील फंड गबन कर मनी लाउंड्रिंग करने के मामले के आरोपी जेल में बंद बिल्डर भानु कंस्ट्रक्शन के पार्टनर संजय कुमार तिवारी को बुधवार को पुलिस पेपर की आपूर्ति कर दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने आरोपी संजय तिवारी को पुलिस पेपर लेने के बुलाया था। पुलिस पेपर लेने से टालमटोल करने के प्रयास के कारण आरोपी को अदालत कक्ष में लगभग दो घंटे काटना पड़ा। मामले में अब आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई होगी। आरोपी के वकील ने अदालत से इसके लिए समय की मांग की है। अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख नौ जनवरी निर्धारित की है।

### गर्भवती की हत्या के दोषियों को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने बुधवार को गर्भवती विवाहिता की दहेज हत्या के आरोप में दोषी करार चान्हो निवासी पिता-पुत्र को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, दोनों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में हनिफ अंसारी एवं उसके बेटे रियाजुल अंसारी को सजा सुनाई है। दोनों घटना के बाद से ही जेल में है। घटना को लेकर मृतका का पिता सिराज अंसारी ने चान्हो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विवाहिता रेशमा परवीन सात महीने की गर्भवती थी।

### तीन जनवरी तक गुरमुख सिंह मुखे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

गुरुचरण सिंह 'बिल्ला' गोलीकांड

**रांची।** गुरूमुख सिंह मुखे की क्रिमिनल रिवीजन पर झारखंड हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने अंतरिम आदेश को 3 जनवरी तक विस्तार दे दिया है। अंतरिम आदेश के मुताबिक इस केस में फिलहाल मुखे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत में हुई। गुरूमुख सिंह मुखे की ओर से वरीय अधिवक्ता आर एस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने अदालत में पक्ष रखा। यह मामला झारखंड सिख प्रतिनिधि बोर्ड के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह उर्फ बिल्ला की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। जिसमें मुखे को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। जब इस घटना को अंजाम दिया गया था उस समय गुरुमुख सिंह मुखे सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के चैयरमैन के पद पर थे। यह मामला जमशेदपुर ज़िले से जुड़ा हुआ है।

# पंकज मिश्रा व बच्चू यादव की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 1000 करोड़ रुपये से अधिक की मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी को ईडी की विशेष अदालत ने बुधवार को खारिज कर दी है। बच्चू यादव ने मामले में आरोप गठन से पूर्व अपने आप को आरोप मुक्त करने को लेकर 29 नवंबर को अर्जी दाखिल की थी। जिसमें कहा गया था कि मामले में ईडी ने बिना किसी आरोप के ही आरोपी बना दिया है। मामले से मुक्त किया जाए। मामले की सुनवाई के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक अतीश कुमार ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ चार्जशीट दाखिल है। जिसमें उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत है।

**लोकसभा में सांसद संजय सेठ की मांग**

# यूपीएससी में शामिल किया जाये पत्रकारिता व जनसंचार का विषय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पत्रकारिता और जनसंचार को एक विषय के रूप में यूपीएससी में शामिल करने को लेकर सांसद संजय सेठ ने आज लोकसभा में आवाज उठाई। उन्होंने शून्य काल के दौरान सरकार के समक्ष सदन के माध्यम से अपना आग्रह रखा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता और जनसंचार वर्तमान की शिक्षा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है। देश में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पत्रकारिता और जनसंचार की पढ़ाई कर रहे हैं। प्रतिवर्ष देश के विभिन्न संस्थानों से लगभग 50 हजार से अधिक विद्यार्थी पत्रकारिता में स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त करते हैं। वर्तमान व्यवस्था में पत्रकारिता के विद्यार्थी पत्रकारिता, जनसंपर्क और विज्ञापन जैसे क्षेत्रों में जाकर बेहतर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएससी में पत्रकारिता के विषय को शामिल किया जाये। यह विषय सरकार और जनता के बीच समन्वय बनाने वाला विषय है। यदि यूपीएससी में पत्रकारिता और जनसंचार को शामिल किया जायेगा तो बड़ी संख्या में हमें ऐसे अभ्यर्थी मिलेंगे जो सरकार और जनता के बीच बेहतर समन्वय का काम कर सकेंगे।

# पूर्व मंत्री एनोस एक्का एवं उनकी पत्नी की अपील पर हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का की ओर से दायर अपील याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। अपीलकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता जितेंद्र एस सिंह ने पैरवी की। मामले में एनोस एक्का, उनकी पत्नी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में निचली अदालत द्वारा दी गई सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की है। प्रार्थी की ओर से खुद को मामले में निर्दोष बताते हुए हाइकोर्ट में सजा को चुनौती दी गई है। यहां बता दें कि 25 फरवरी 2020 को सीबीआइ के विशेष जज एके मिश्रा की अदालत ने एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन को 7 साल की सजा सुनायी थी।

**एनोस के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी है फैसला सुरक्षित :** वहीं एनोस एक्का की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निचली अदालत द्वारा दी गई सजा को भी चुनौती दी गई है जिस पर कोर्ट ने 18 अक्टूबर 2022 को फैसला सुरक्षित रखा है। अब तक इस पर कोर्ट का आदेश नहीं आया है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एनोस एक्का को ईडी कोर्ट ने अप्रैल 2020 में 7 साल की सजा सुनायी थी। कोर्ट ने दो करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था। एनोस पर 20 करोड़ 31 लाख 77 हजार की मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप था।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त मो परवेज खॉन, पिता–स्व0 अजीम खॉन, सा0–दाउद गली नाजीर गली लेन चर्च रोड, थाना–लोवर बजार, जिला–रॉंची, के विरूद्व माननीय न्यायालय द्वारा स्तेहार निर्गत किया गया है। लोअर बजार थाना काण्ड संख्या– 76/2016, दिनांक–19.03.2016, धारा–353/224 /225/ 34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त है। बिहार एवं झारखण्ड के प्रमुख स्थानीय सामाचार पत्र में प्रकाशित कराना अति आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि प्राथमिकी अभियुक्त मो परवेज खॉन के बारे पता चलने पर इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, रांची। – 9431706139
थाना प्रभारी, लोअर बजार, रॉंची। – 9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 285615 Police(22-23).D

**AFFIDAVIT**

I, NARESH JHA SON OF SHRI SARJUN JHA R/o PANCHWATI COLONY, KARAMCHOWK, VIDYANAGAR, HARMU RANCHI (JHARKHAND) do hereby solemnly decleare vide affidavit No. 1220 dated 21.12.2022 that ADITYA RAJ is my son, but now his name changed from ADITYA RAJ TO KAVISH ADITYA JHA and his actual date of birth is 23.12.2007. This affidavit I have changed his name in all certificates as KAVISH ADITYA JHA instead of ADITYA JHA.

## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 12/2022-23 दिनांक 12.12.2022, जिसका PR NO 284813 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D है जो Construction of 200x165mm dia x 200 mtr depth High Yield Drilled Tube well with Submersible Motor Pump with its allied works for Muktidham Electric Cremation Ramgarh Near Thana Chowk, Ramgarh for the year 2022-23 से संबंधित है, को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | Date:- 16.12.2022 at 05.00 PM | Date:- 19.12.2022 at 05.35 PM |
| 2 | बीड प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | Date:- 23.12.2022 up to 05.00 PM | Date:- 26.12.2022 up to 05.00 PM |
| 3 | परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि | Date:- 24.12.2022 up to 03.00 PM in the office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Ramgarh | Date:- 27.12.2022 up to 03.00 PM in the office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Ramgarh |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | Date:- 24.12.2022 at 05.00 PM | Date:- 27.12.2022 at 05.00 PM |

नोटः–शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ

PR285582 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

## समाहरणालय सिमडेगा (स्थापना शाखा)

**प्रेस विज्ञप्ति**

**संविदा पर नीलाम पत्र पदाधिकारी की नियुक्ति हेतु आवेदन**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार, रॉंची के पत्रांक 10/लोक मांग वसूली (PDR)-30/2019–2150/रा0, दिनांक 26.08.2020 द्वारा जिलों में नीलाम पत्र वादों के अधिक संख्या में लंबित रहने एवं पदाधिकारियों की कमी के कारण यह निर्णय लिया गया है कि केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के सेवानिवृत्त राजपत्रित पदाधिकारियों को संविदा पर नीलाम पत्र पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति किया जाना अपेक्षित है।

यह नियुक्ति संबंधित जिला के उपायुक्त द्वारा अपने प्रमंडलीय आयुक्त की स्वीकृति से प्रथम बार एक वर्ष के लिए की जायेगी। प्रेस विज्ञप्ति के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, सिमडेगा के पद पर नियुक्ति हेतु उपायुक्त, सिमडेगा को आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30.12.2022 के अपराह्न 01:00 बजे तक कार्यालय दिवस में जिला स्थापना शाखा, सिमडेगा में हाथों–हाथ अथवा निबंधित डाक से जमा कराया जा सकता है। सेवा शर्त तथा आवेदन–पत्र की विहित प्रपत्र संलग्न है। लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम अंकित करना होगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सेवाशर्त निम्नलिखित हैः–**

1. आवेदक की उम्र 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. आवेदक को सेवाकाल में किसी प्रकार का दण्ड अधिरोपित नहीं होना चाहिए।
3. आवेदक के विरूद्ध कोई अपराधिक कार्यवाही संचालित/लंबित नहीं होने संबंधी नोटरी/कार्यपालक दण्डाधिकारी का शपथ होना चाहिए।
4. आवेदक को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वास्थ संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी से निर्गत होना चाहिए।
5. यह नियुक्ति प्रथम बार एक वर्ष के लिए किया जायेगा एवं Performance के आधार पर उनकी कार्यावधि का विस्तार योजना –सह– वित्त विभाग के संकल्प संख्या–1243/वि0, दिनांक 28.04.2016 के अनुरूप किया जायेगा।
6. संविदा के आधार पर नियुक्त पदाधिकारी की स्थिति में नियत मानदेय एवं अन्य लाभों का निर्धारण वित्त विभागीय संकल्प संख्या– 1243/वि0, दिनांक 28.04.2016 की कंडिका–7 के अनुसार देय होगी, जो निम्नलिखित है :–

अतः सम्यक विचारोपरान्त राज्य सरकार के द्वारा सेवानिवृत सरकारी कर्मियों को संविदा के आधार पर नियुक्ति करने की स्थिति में नियम मानदेय एवं अन्य लाभों का निर्धारण निम्न रूपेण करने का निर्णय लिया गया :–

| Sl. No. | Pay Band & Pay Scale at the time of retirement | G.P. | Fixed Honorarium per Month |
|---|---|---|---|
| 1 | PB-I, 5200-20200 | 1800, 1900, 2000, 2400, 2800 | 20,000/– |
| 2 | PB-II, 9300-34800 | 4200, 4600, 4800, 5400 | 25,000/– |
| 3 | PB-III, 15600-39100 | 5400, 6600, 7600 | 35,000/– |
| 4 | PB-IV, 37400-67000 | 8700, 8900, 10000 | 45,000/– |
| 5 | HAG 67000-79000 | – | 55,000/– |
| 6 | Apex Scale=80,000 (fixed) | – | 65,000/– |

7. आवेदक जिला में सेवा देने के लिए इच्छुक हो तो जिला के उपायुक्त के समक्ष आवेदन पत्र समर्पित करेंगे।
8. नियुक्ति संबंधी जानकारी एवं आवेदन प्रारूप वेबसाईट www.simdega.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

उपायुक्त सिमडेगा

PR285598 (District)22-23*D


# ढुल्लू महतो की ओर से 9 जनवरी से 13 जनवरी तक प्रतिदिन होगी गवाही

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली जलेश्वर महतो की चुनाव याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में कोर्ट ने ढुल्लू महतो की ओर से गवाही के लिए 9 जनवरी से 13 जनवरी तक की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने प्रतिदिन गवाही होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने ढुल्लू महतो के आवेदन को स्वीकृत कर लिया, इस आवेदन में ढुल्लू महतो की ओर से कहा गया था कि वे विधायक हैं और जनता के काम का काफी लोड रहने के कारण बाकी सारे गवाहों की गवाही पूरी होने के बाद में वे अपनी गवाही देंगे। मामले की अगली सुनवाई 9 जनवरी 2023 को होगी।

जलेश्वर महतो की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने पैरवी की। उनकी ओर से ढुल्लू महतो की गवाही अंतिम में होने का विरोध नहीं किया गया। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि जलेश्वर महतो की ओर से गवाही बंद हो चुकी है। जलेश्वर महतो ने ढुल्लू महतो के निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह किया है। याचिका में कहा गया है कि जिस समय ढुल्लू महतो ने अपना नामांकन जमा किया था उस समय वे डिसक्वालिफाइड थे, क्योंकि उनको अलग-अलग धाराओं में सजा हुई है वह कुल मिलाकर 2 साल से ज्यादा का समय हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को आधार बनाते हुए कहा गया है कि ढुल्लू महतो का नामांकन रद्द होना चाहिए।

रिटर्निंग ऑफिसर को उसी समय ढुल्लू महतो का नामांकन कर रद्द कर देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने नहीं किया। याचिका में यह भी कहा गया था बहुत से बूथ जैसे बूथ नंबर 266 में 600-700 वोट पड़े थे लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने उसे जीरो दिखाया था। प्रार्थी जलेश्वर महतो की ओर से कहा गया है कि वे बहुत कम मतों के अंतर से हारे हैं, इसलिए ढुल्लू महतो के निर्वाचन को रद्द कर कुछ बूथों पर पुनर्मतदान करायी जाये।

# झारखंड आंदोलनकारियों को फ्रीडम फाइटर का दर्जा मिले : सुदेश महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विधानसभा में आजसू विधायक सुदेश महतो ने झारखंड आंदोलनकारियों को फ्रीडम फाइटर का दर्जा देने की मांग की। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को फ्रीडम फाइटर का दर्जा देने एवम सेनानियों को मिलनेवाली सुविधाएं तथा पेंशन देने संबंधी प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 20 अप्रैल 2021 को झारखंड आंदोलनकारियों, आश्रितों को और अधिक सुविधाएं मुहैया कराने एवं सम्मानजनक पेंशन देने के लिए प्रावधान किया गया है। इस पर स्पीकर ने हस्तक्षेप करते हुये कहा कि झारखंड राज्य आंदोलनकारियों के कारण बना है। अभी तक आंदोलनकारियों पर उचित निर्णय नहीं लिया गया है। सदन में आंदोलनकारियों के पक्ष में सम्मानजनक बातें आना चाहिए। वहीं, विधायक मथुरा महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी आज भी हासिये पर हैं। विधायक दीपक बिरुआ ने कहा कि छत्तीसगढ़ के तर्ज पर यहां की आंदोलनकारियों को सुविधा मिले। विधायक लोबिन हेम्ब्रेम ने कहा कि आंदोलनकारियों को आवास और सहयोग राशि मुहैया कराई जाय। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नीति को मंगाकर सरकार अध्ययन करेगी और जल्द उचित निर्णय लेगी।

**राबिता हत्याकांड का मामला लोबिन ने उठाया**

**रांची।** झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने सदन में कहा कि रुबिका पहाड़न की निर्मम हत्या से हर कोई मर्माहत है। उन्होंने सरकार से रुबिका के परिजनों को 20 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की। भाकपा माले के विधायक विनोद सिंह ने सदन में कहा कि गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग के 44 मजदूर कजाकिस्तान में फंसे हुए हैं उन्हें वापस लाने की मंजूरी मिल चुकी है लेकिन उनके पास वापस आने के लिए पैसे नहीं है इसलिए राज्य सरकार उन्हें वापस लाने की पहल करे।

## शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन हल्की नोंक-झोंक के बाद चला प्रश्नकाल

# ...और स्पीकर ने सदन शुरू होते ही भानु को डांट पिलायी

**प्रदीप यादव के सवाल पर भड़के स्पीकर, कहा–यहां के अधिकारियों को काम करने में रूचि नहीं**

उदय चौहान

**रांची।** पिछले दो दिन से सदन में चल रहे गतिरोध के बाद बुधवार को प्रश्नकाल चला। हालांकि, सदन की शुरूआत होते ही उस समय अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो गयी, जब भाजपा के भानुप्रताप शाही ने शोरगुल शुरू कर दिया। स्पीकर ने श्री शाही को मिट्ठी डांट पिलायी। उन्होंने कहा कि यह संसदीय परंपरा के लिए ठीक नहीं है। अभी आसन भी ग्रहण नहीं किये हैं और आप लोग हो-हल्ला कर रहे हैं। आसन सभी को बोलने का समान अवसर देता रहा है। स्पीकर के कड़े रूख के बाद विपक्षी सदस्य शांत हो गये। इसके बाद स्पीकर ने पक्ष-विपक्ष के कई सदस्यों की सूचनायें व व्यवस्था का सवाल लिया।

सदन के प्रथम पाली में ही एक बार फिर स्पीकर सरकारी काम-काज से नाराज हो गये। उन्होंने कहा कि यहां के अधिकारियों को काम करने मे रूचि ही नहीं है। दरअसल, कांग्रेस के प्रदीप यादव ने सवाल पूछा था कि तीन माह में भी राज्य सरकार एक भी पोर्टल नहीं बनवा पायी है। उन्होंने कहा कि 3 महीने में सिर्फ 404 निजी कंपनियों का निबंधन हुआ। निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण देने में सरकार नहीं दिखा रही गंभीरता। उन्होंने कहा था कि प्रदेश में 4000 से ज्यादा निजी कंपनियां हैं। 12 सितंबर को अधिसूचना जारी हुई थी, आज 3 महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन न तो कंपनियों का निबंधन हुआ है और नहीं कर्मचारियों का। इस पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बताया कि पोर्टल तैयार होने के बाद ही निबंधन होगा। जैप आईटी को पोर्टल बनाने का काम दिया गया है। डीपीआर तैयार हो रहा है। जैसे ही तैयार होगा पोर्टल ऑनलाइन कर दिया जायेगा। मंत्री के जवाब पर प्रदीप यादव ने कहा कि जब पोर्टल ही नहीं बना है तो 400 कंपनियों का निबंधन कैसे हो गया। उन्होंने कहा कि अगर इसमें और देर हुआ तो निजी कंपनियां बैक डोर से भर्ती कर लेंगे और कहेंगे कि अब 40,000 से कम वेतन के कर्मचारियों की जगह बची ही नहीं है। इसलिए सरकार तुरंत पोर्टल एक्टिव करे। इसी के बाद स्पीकर ने सरकार को गंभीरता बरतने का नियमन दिया।

इधर, झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि गिरिडीह में सिर्फ 43 कंपनियों ने ही निबंधन कराया है। निजी क्षेत्र की कंपनियों में प्रदेश के युवाओं को आरक्षण देने की यह अच्छी पहल थी। लेकिन विभाग की शिथिलता से यह नहीं हो पाया। उन्होंने इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी का भी गठन करने की मांग की। वहीं, स्पीकर ने मंत्री से कहा कि विभागीय अधिकारियों की रूचि कम दिख रही है। मंत्री ने सदन को आश्वासन दिया कि 20 जनवरी तक योजना को धरातल पर उतारने का काम करेंगे।

**पक्ष-विपक्ष के सदस्यों ने उठाये जनहित के कई मुद्दे**



### नियोजन नीति को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

बुधवार को सदन के बाहर भाजपा में नियोजन नीति को लेकर प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा के मुख्य द्वार पर भाजपा विधायकों ने सरकार पर युवाओं को ठगने का आरोप लगाया। विधायक हर घर मे कड़ुवा तेल, राज्य सरकार हो गया फेल, रोजगार छीनने वाली सरकार होश में आओ, फर्जी नियोजन नीति बननेवाली सरकार शर्म करो के नारे लगा रहे थे। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि सरकार राज्य के युवाओं को ठगने का काम कर रही है। फर्जी नियोजन नीति बनाकर इस सरकार ने राज्य के बेरोजगार नौजवानों को धोखा दिया है। भाजपा शुरू से ही कह रही थी कि सरकार ने तुष्टिकरण वाली नियोजन नीति बनाई है। एक तरफ सरकार हिंदी और अंग्रेजी को द्वितीय भाषा से हटा रही है और दूसरी तरफ उर्दू को जोड़कर बहुसंख्यक आबादी के साथ धोखा किया था। उधर,आजसू के विधायक लंबोदर महतो कुर्मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर धरना पर बैठे।

## झारखंड में क्रिसमस तक बढ़ेगा न्यूनतम तापमान

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बुधवार को ठंड रही। उत्तर-पश्चिम से पहुंच रही ठंडी हवाओं के कारण कनकनी महसूस की गयी। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार अगले चार-पांच दिन राहत की बात कही जा रही है। झारखंड में बढ़ती ठंड के बीच अगले चार-पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोत्तरी होगी। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 23 से 25 दिसंबर तक राज्य में बादल छाये रहेंगे। 25 दिसंबर तक राज्य में कोहरे का असर देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिक आनंद ने बताया कि 14 दिसंबर से पूरे राज्य में न्यूनतम तापमान में कमी रिकार्ड की गयी है। अधिकतर इलाकों में यह कमी 6-7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड की गयी है। उन्होंने बताया कि उत्तर पश्चिम हवा का प्रवेश हो रहा है। जिससे न्यूनतम तापमान में कमी देखी जा रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान रामगढ़ जिले में न्यूनतम तापमान सबसे कम 7.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। वहीं राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 28.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

### प्रदेश अनुशासन समिति ने 14 दिनों में मांगा जवाब

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का विरोध कर रहे 7 कांग्रेसियों को शो-कॉज

### जवाब से असंतुष्ट होने पर निलंबन भी संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ बयानबाजी करने वाले 7 नेताओं से शो-कॉज मांगा गया है। पार्टी के अनुशासन समिति ने इन नेताओं को शो-कॉज नोटिस भेजा है। उनसे 14 दिनों के अंदर पक्ष मांगा गया है। इसके अलावा अनुशासन समिति ने कांग्रेस नेतृत्व से इन नेताओं को पार्टी से सस्पेंड करने की मांग की है। अनुशासन समिति के अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रसाद सिंह हैं। वहीं अन्य सदस्यों में अनादि ब्रम्ह, कालीचरण मुंडा, शमशेर आलम और अमुल्य नीरज खलखो शामिल हैं।



**इन्हें किया गया शो-कॉज :** जिन सात नेताओं को नोटिस भेजकर शो-कॉज मांगा गया है। उनमें आलोक दुबे, डॉ राजेश गुप्ता, साधु चरण गोप, राकेश तिवारी, सुनील सिंह, लाल किशोर नाथ शहदेव, अनिल ओझा हैं। बताते चलें कि विरोध कर रहे कांग्रेसी नेताओं ने पिछले दिनों प्रेस क्लब में एक बैठक की थी। बैठक में इन्होंने राजेश ठाकुर पर आरोप लगाया था कि वह पूर्व प्रदेश प्रभारी आरपीएन सिंह (जो अभी भाजपा में शामिल हो गए हैं) के प्रभाव में हैं। उन्हीं के संपर्क में रहकर वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला अध्यक्षों का गठन कर रहे हैं। विरोध कर रहे कांग्रेसियों ने 24 तारीख से बोकारो जिले में प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की भी बात कही है। अनुशासन समिति के मुताबिक जिन सातों लोगों को शो कॉज जारी किया गया है, उन्हें निलंबित करने की अनुशंसा भी समिति प्रदेश अध्यक्ष से करेगी। अनुशासन समिति मूकदर्शक बनकर नहीं रहेगी। दूसरे जिलों में भी इसी तरह की कुछ ऐसी सूचनाएं आयी हैं। ऐसे में सभी जिला अध्यक्षों को पत्र लिखकर कहा गया है कि जिन लोगों ने भी 4 दिसंबर के बाद पार्टी विरोधी कार्य किया है, उन पर कार्रवाई जरूर करें।

### अध्यक्ष को हटाने का कार्यक्रम जरूर होगा

नोटिस मिलने के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष का विरोध कर रहे नेताओं की प्रतिक्रिया भी आयी है। आलोक दुबे, राजेश गुप्ता, लाल किशोर नाथ यादव ने कहा कि अनुशासन समिति प्रदेश अध्यक्ष के प्रभाव में काम कर रही है। आखिर कहां है शो कॉज नोटिस? उन्होंने कहा है कि नोटिस आने पर जवाब जरूर देंगे। साथ ही भाजपा के प्रभाव वाले प्रदेश अध्यक्ष को हटाने के लिए बोकारो में प्रस्तावित कार्यक्रम जरूर करेंगे।

cmpdi A Mini Ratna Company
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834031, झारखण्ड, इंडिया
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।

## खबर एक नजर में

### संथाली फिल्मकार ने सीएम से की मुलाकात



**रांची।** संताली फिल्म सकाम ओड़ेच के निदेशक अजित टुडू ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री के समक्ष उन्होंने फिल्म सकाम ओड़ेच प्रदर्शित किया। संताली फिल्म सकाम ओड़ेच समाज में फैली कुरीति, छुआछूत आदि प्रवृत्ति के दुष्परिणाम पर आधारित एक सामाजिक फिल्म है। फिल्म में संताली कला-संस्कृति को भी प्रमोट किया गया है। मुख्यमंत्री ने फिल्म की सराहना की तथा फिल्म के निदेशक एवं कलाकारों के अभिनय को सराहा। इस अवसर पर सचिव विनय कुमार चौबे एवं फिल्म सकाम ओड़ेच के अभिनेता ईशाराज मुर्मू, गायक मुकेश आरडीएक्स टुडू एवं मार्केटिंग डायरेक्टर बलेस इमानुएल टुडू उपस्थित थे।

### होल्डिंग टैक्स बढ़ाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने होल्डिंग टैक्स बढ़ाए जाने पर सरकार से जवाब मांगा है। इस संबंध में गौरव बगराइ ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने होल्डिंग टैक्स बढ़ाए जाने के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने सर्कल रेट से होल्डिंग टैक्स वसूले जाने के बिंदु पर सरकार से जवाब मांगा है। अब मामले की अगली सुनवाई की तिथि कोर्ट ने 3 जनवरी निर्धारित की है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता जय प्रकाश ने पक्ष रखा। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रोहीतास्य राय ने पक्ष रखा।

### भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए राजेश सिन्हा सनी



**रांची।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार एवं त्रिपुरा के प्रभारी राजेश सिन्हा सनी राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चल रहे भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। देश में राजनीतिक स्वार्थपूर्ति के लिए भाजपा की विभाजनकारी नीतियों के विरुद्ध पूरे भारतवर्ष को एक सूत्र में जोड़ने एवं नफरत के वातावरण को मिटाने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से श्रीनगर तक चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा का कारवां राजस्थान के अलवर जिला में पहुंचा था। ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा का कारवां जब राजस्थान के अलवर जिला में पहुंचा तो वहां युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सनी ने राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल हुए। श्री सिन्हा ने यात्रा के दौरान चलते चलते राहुल गांधी से अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन के गतिविधियों के संबंध में चर्चा की। साथ ही साथ गृह राज्य झारखण्ड के सम्बंध में चर्चा हुई। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने बिहार एवं झारखंड के राजनीतिक हालत एवं संगठन के सबंध में भी राहुल गांधी से चर्चा की।

## रांची में प्राकृतिक चिकित्सा की अपार संभावनायें : संजय सेठ

### लोकसभा के अधीनस्थ आयुष मंत्रालय की बैठक में शामिल हुए सांसद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा के अधीनस्थ आयुष मंत्रालय की संसदीय समिति की बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक में सांसद संजय सेठ प्रमुख रूप से मौजूद रहे। संसदीय समिति की बैठक में आयुष मंत्रालय के अधिकारियों और सांसदों की उपस्थिति में मंत्रालय के द्वारा देशभर में किये गये कार्यों और योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि देश में 109 आयुष अस्पतालों का निर्माण चल रहा है। जबकि देशभर में 8566 आयुष हेल्थ और वैलनेस सेंटर का संचालन किया जा रहा है। 109 अपग्रेडेड आयुष शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना की गई।

सांसद संजय सेठ ने यह सुझाव दिया कि रांची सहित पूरा झारखंड प्राकृतिक व वनों से आच्छादित प्रदेश है। यहां कई ऐसे स्थान हैं, जहां पर प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र खोले जा सकते हैं। आयुर्वेदिक उत्पादों से जुड़ी खेती की जा सकती है। सांसद ने कहा कि राजधानी रांची को फोकस करते हुए आसपास के इलाकों में प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र खोले जायें। आयुर्वेद से जुड़ी जड़ी बूटियों का उत्पादन शुरू किया जाये। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और बेहतर जड़ी बूटी भी मिल सकेगी।


### मशीन लगने से 1300 मीटर तक की विजिबिलिटी में उतरेगा विमान

# रांची एयरपोर्ट पर लगायी जा रही है इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम मशीन, नहीं होगी परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर नई इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) मशीन लग रही है। इसके बाद विमानों के डायवर्ट और समय पर लैंड नहीं होने की समस्या कम हो जायेगी। मशीन की वजह से विजिबिलिटी हजार मीटर तक ज्यादा हो जाएगी। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक के एल अग्रवाल ने यह जानकारी दी है। श्री अग्रवाल ने बताया कि आईएलएस मशीन नहीं होने के कारण वर्तमान में जब तक ढाई हजार मीटर तक विजिबिलिटी नहीं होती, तब तक विमान को लैंड करना मुश्किल होता है लेकिन जब नई आईएलएस मशीन पूर्ण रूप से लग जाएगी तो 1300 मीटर तक की विजिबिलिटी में भी विमान को लैंड कराया जा सकेगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि ठंड के मौसम में कुहासा के कारण एयरलाइंस का डायवर्ट होना साधारण बात है। इसीलिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ने ठंड के मौसम में यात्रियों के लिए विशेष सुविधा का इंतजाम किया है।

**आईएलएस कुहासे में विमान लैंडिंग में मददगार :** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद बताते हैं कि आईएलएस मशीन में लोकलाइजर और गाइडर पाथ नाम के दो यंत्र होते हैं। जिसमे सेंसर लगा होता है। कुहासे के दौरान यह सेंसर एरोप्लेन को लैंड कराने में मदद करता है यदि विजिबिलिटी कम होती है, वैसे में आईएलएस मशीन महत्वपूर्ण होती है।



गौरतलब है कि राजधानी का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट देश के बेहतरीन एयरपोर्ट में शुमार है। उसके बावजूद यहां पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की व्यवस्था अब तक मौजूद नहीं थी। जरूरत है ऐसे आधुनिक इंस्ट्रूमेंट या मशीनों को जल्द से लगाया जाने की ताकि यात्रियों को समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

### चर्चित कोचांग सामूहिक दुष्कर्म मामले के जॉन जोनस टुडू को राहत नहीं

**रांची।** खूंटी में वर्ष 2018 में हुए चर्चित कोचांग सामूहिक दुष्कर्म मामले के सजायाफ्ता जॉन जोनस टुडू को झारखंड हाइकोर्ट से बुधवार को राहत नहीं मिली। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने उसकी औपबंधिक जमानत याचिका खारिज कर दी। जॉन जोनस टुडू ने अपने भाई की शादी का हवाला देते हुए औपबंधिक जमानत की गुहार कोर्ट से लगायी थी। बता दें कि खूंटी के सिविल कोर्ट ने 17 मई 2019 को इसे सामूहिक दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सामूहिक दुष्कर्म का यह मामला साल 2018 जून महीने का है। खूंटी जिले में पांच लड़कियों को अगवा कर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। तब आदिवासियों का पत्थलगड़ी आंदोलन चल रहा था। उस समय एक एनजीओ से जुड़ी पांच महिलाएं कोचांग गांव में जागरुकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक करने गयी थीं। निचली अदालत ने फादर अल्फांसो को घटना का साजिशकर्ता माना था।

## राज्य के एनएचएम अनुबंधकर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम

### कहा- विभागीय मंत्री के निर्देश के बावजूद विभाग ने साध रखी है चुप्पी

### 2005 से राज्य भर में अनुबंध पर काम कर रहे करीब 10,000 कर्मचारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यभर के एनएचएम अनुबंध कर्मियों ने बुधवार को काला बिल्ला लगाकर काम किया। इस दौरान कर्मचारियों ने एकजुटता भी दिखायी। कहा कि अपने जीवन का स्वर्णिम समय अनुबंध पर काम करने के बाद भी सरकार हमारी सुध नहीं ले रहा है। हमें नियमित नहीं किया जा रहा है। मजबूरन हम सभी लोग काला बिल्ला लगाकर काम कर रहे हैं।

मालूम हो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 2005 से राज्य भर में करीब 10,000 कर्मी अनुबंध पर काम कर रहे हैं। दर्जनों बार धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन देने के बावजूद भी इन्हें स्थायी नहीं किया गया है। अनुबंध के तहत काम करने वाले कर्मचारियों में एएनएम, जीएनएम, आयुष चिकित्सक, कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। अनुबंध पर काम करते हुए कर्मचारियों की उम्र सीमा भी समाप्त हो गई है। ऐसे में कर्मचारियों ने मांग की है कि रिक्त पदों के विरुद्ध योग्यता के अनुसार सभी को समायोजित किया जाये।

**पीत पत्र के बावजूद नहीं हुआ कोई कार्रवाई :** वहीं बीते दो माह पूर्व अनुबंध कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा था। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने पीत पत्र संख्या 878, 17 अक्टूबर के माध्यम से विभाग को समायोजन को लेकर निर्देश दिया था। बावजूद विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया है।

### मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग का संकल्प जारी

# अब आवास पर भी ऑफिस की सुविधा ले सकेंगे सीनियर आइएएस अधिकारी

### कोविड की वजह से वर्क फ्रॉम होम का भी चलन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सीनियर आइएएस अधिकारियों को अब उनके आवास में भी कार्यालय सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव को आवासीय कार्यालय की सुविधा उपलब्ध कराने की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। राज्य में वर्तमान में अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव को विभाग के विभागाध्यक्ष व आधिकारिक प्रधान के रूप में दायित्वों का निर्धारण किया गया है। ऐसे में देखा गया है कि कई बार कार्यालय दिवस में कार्यालय में निर्धारित समय में उक्त कार्यों का समय पर निष्पादन नहीं हो पाता है।

### आवास पर मिलेंगी ये सुविधाएं

राज्य के सीनियर आइएएस अधिकारियों को आवासीय कार्यालय के लिए अलग से सुसज्जित फर्नीचर तथा एसी सहित कमरे, निर्बाद्ध बिजली आपूर्ति, इंटरनेट, ऑप्टिकल फाइबर, टेलीफोन, कंप्यूटर, प्रिंटर, टीवी, वीडियो कांफ्रेसिंग सिस्टम और आवासीय कार्यालय के लिए वाहन चालक, आदेशपाल आदि की सुविधा मिलेगी।

वहीं केंद्र व राज्य सरकार की ओर से दिये जा रहे अवकाश में भी भिन्नता होती है। कई बार राज्य के कार्यालय बंद रहते हैं और भारत सरकार के कार्यालय खुले रहते हैं। ऐसे में अधिकारियों को इसमें भी परेशानी होती है। सचिवालय में पांच कार्य दिवस भी है। इस वजह से कई बार शनिवार को कार्यालय खोलने के लिए विशेष निर्देश देने पड़ते हैं। कई बार संचिकाओं को अधिकारियों के आवास में ले जाकर भी निष्पादन करना पड़ता है।

वहीं, कोविड की वजह से वर्क फ्रॉम होम का भी चलन हो गया है। ऐसे में भविष्य में भी इसके बने रहने की संभावना है। इन सभी वजहों को देखते हुए सरकार ने वरिष्ठ पदाधिकारियों के आवास में ही कार्यालय की सुविधा अलग से देने का निर्णय लिया है, ताकि कार्यों का समय पर निष्पादन हो सके। कार्यालय आदि की सुविधा भवन निर्माण विभाग उपलब्ध करायेगा, अन्य खर्च प्रशासी विभाग उठायेगा। 300 यूनिट बिजली बिल का भुगतान भी प्रशासी विभाग करेगा। वहीं, कंप्यूटर ऑपरेटर, लिपिक आदि को अवकाश के दिन कार्यालय बुलाये जाने पर उनको अलग से भत्ता वित्त विभाग देगा।

## राष्ट्रीय युवा शक्ति ने दसवां स्थापना दिवस मनाया




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति ने बुधवार को दसवां स्थापना दिवस मनाया। इसकी अध्यक्षता उत्तम यादव ने की। उन्होंने सूखे नशे के खिलाफ कठोर से कठोर कानून बनाने एवं शहीद के परिवारों को सम्मान पूर्वाधिकार दिलाने की मांग की। उन्होंने संघर्ष और तेज करने का आह्वान किया। आगामी 23 मार्च को भगत सिंह का 30 फिट का विशाल प्रतिमा मोराबादी में स्थापित की जायेगी। कार्यक्रम में अमर शहीद अभिषेक कुमार साहू की माता कांति सिंह एवं जयप्रकाश की पत्नी संगीता उरांव, हॉकी की पूर्व कप्तान असुंता लाकड़ा एवं बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकताओं को प्रतीक चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। अंशुता लकड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय शक्ति पूरे राज्य में एक अलग पहचान आज बनाया है। मैं भी राष्ट्रीय युवा शक्ति से जुड़कर काम करना चाहती हूं। मालूम हो कि एक महीने के शहीद सम्मान पद यात्रा में शामिल आर्यन मेहता, रोहित यादव, विशाल साहू, हर्ष बर्नवाल, सत्यम सिंह, रोहित बरनवाल, राहुल चौधरी, शुभम गुप्ता, रोहित बरनवाल, राघव सिंह, निलेश कुमार, पंकज महतो को भी शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में वीरेंद्र त्रिपाठी, जगदीश सिंह जग्गू, सुरेश गोप, सुजाता भगत, लक्ष्मी कुमारी, दिलीप गुप्ता, सुनील साहू, सावन लिंडा, अभिषेक बंटी यादव आदि की भूमिका रही।

### जवान भवन शाखा में ऋण वितरण शिविर का आयोजन

# सहकारी बैंक कम ब्याज दर पर बांट रहा है ₹1 करोड़ का ऋण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड कम ब्याज दर पर 1 करोड़ रुपये का लोन बांट रहा है। इस क्रम में 21 दिसंबर को बैंक की जवान भवन शाखा (सैनिक मार्केट) में ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक के मुख्य कार्यपालक पदाधिकरी डॉ मनोज कुमार थे। वरीय प्रबंधक रोहित रंजन, शाखा प्रबंधक फिरदौस इदरीस सहित बैंक के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि बैंक द्वारा शिविर के माध्यम से 1 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया जा रहा है। बैंक कम ब्याज दर पर ग्राहकों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ कुमार ने कहा कि भविष्य में बैंक द्वारा ग्राहकों को तत्परता से ऋण की सुविधा उपलब्ध हो सके, इसके लिए कई सुविधाएं बहाल की जायेगी। बैंक द्वारा जमाकर्ता को अधिक ब्याज देने के लिए कई प्रकार की योजना लागू किये जाने की बात भी कही। बैंक द्वारा ग्राहकों को बैंक से संबधित सभी सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। बैंक द्वारा ओटीएस के माध्यम से 2 ऋणियों के ऋण माफ किया गया। वहीं जो लोग किसी कारण से अपना ऋण चुकता करने में असमर्थ हैं, उन्हें कई सुविधा बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने जवान भवन शाखा प्रबंधक द्वारा एनपीए वसूली में किये गये प्रयास की सराहना की।

ऋण शिविर के माध्यम से 1 करोड़ रुपये के ऋण वितरण किये जाने का लक्ष्य है, जिसमें कुल 61,92,000 रुपये 20 दिसंबर, 2022 तक स्वीकृत किया जा चुकता है। विशेषकर महिला सशक्तिरण के लिए महिला ग्रुप को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड अपने ग्राहकों को सभी प्रकार की बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराता है। कार्यक्रम में अनिल प्रदीप पन्ना, पूनम बाखला, मो सैफ का योगदान रहा।

# खेलो झारखंड 2022-23 प्रतियोगिता में रांची की टीम बनी ओवर ऑल चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आयोजित खेलो झारखंड 2022-23 का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन खेल गांव में हुआ। रांची की टीम 106 प्वाइंट के साथ ओवर ऑल चैंपियन बनी, वहीं गुमला की टीम 79 प्वाइंट के साथ ओवरऑल रनर अप रही। दूसरे चरण में खेले गए फुटबॉल बालिका स्पर्धा में हजारीबाग ने दुमका को, फुटबॉल बालक में खूंटी ने धनबाद को, कबड्डी बालिका में रांची ने रामगढ़ को, कबड्डी बालक में चतरा ने जामताड़ा को, वॉलीबॉल बालिका में गोड्डा ने गुमला को, वॉलीबॉल बालक में रांची ने बोकारो को फाइनल मुकाबले में हरा कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम किया। वहीं आर्चरी में इंडियन राऊंड बालक में बोकारो स्वर्ण, रांची रजत और वेस्ट सिंहभूम कांस्य, तथा बालिका में वेस्ट सिंहभूम स्वर्ण, बोकारो रजत, रांची कांस्य ने पदक जीता। वहीं ओवर ऑल विजेता रांची, वेस्ट सिंहभूम दूसरे स्थान पर तथा बोकारो तीसरे स्थान पर रहा।



समापन समारोह की मुख्य अतिथि सह जेईपीसी की एसपीडी किरण कुमारी पासी ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान किया। अतिथि के रूप में क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक पुष्पा कुजूर ने विजेताओं को पदक दिये। धन्यवाद ज्ञापन धीरसेन ए सोरेंग ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इवेंट को-ऑर्डिनेटर निशा पन्ना, विशाल रवि, बेला टोप्पो, विद्या कुमारी, जगजीत सिंह, समीर कुमार, एम मोदस्सर, फुटबॉल नोडल जफर इमाम, प्रदीप उरांव, कबड्डी नोडल उमेश दास, आर्चरी नोडल अमरनाथ शर्मा, कराटे नोडल मो जावेद अंसारी, वॉलीबॉल नोडल अमित कुमार, एथलेटिक्स नोडल सिद्धू किस्कू, कुश्ती नोडल सुशील कुमार, हॉकी नोडल ललित जुगनू मिंज और मवि पंडरा के एचएम अशोक सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई।

## आज का राशिफल 22-12-2022

मेष : आय होगा। पर किसी कार्य के पहले सोच विचार कर करें। कार्य व्यवसाय एवं नोकरी में रुकावटें होंगी। पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा। वही परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे।
वृषभ : ब्यापार में लाभ होगा। आय का मार्ग खुलेगा।आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। काम-काज के लिए अच्छा रहेगा।
मिथुन : रोग शोक से बचे। संतान की शिक्षा में सुधार होगा। घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है। भाग्योदय संभव है।
कर्क : लग्न का मालिक नीच है। काम काज सामान्य रहेगा। मन प्रसन्न रखना होगा। नवीन मित्रता हो सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है।
सिंह : माता या किसी महिला से विवाद हो सकता है। परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा।
कन्या : समय अनुकलु है। पर रूखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। काम काज सामान्य रहेगा।
तुला : काम काज सामान्य रहेगा। आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा।
वृश्चिक : कामकाज में सफलता मिलेगी। दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे। स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती है। वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है।
धनु : स्वास्थ्य और शिक्षा में खर्च अधिक होगा पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।खर्चे में बढ़ोत्तरी होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।
मकर : योजना में विस्तार हो सकता है।कामकाज में सफलता मिलेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।
कुंभ : जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें। शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी।
मीन : किसी से विवाद हो सकता है। करीबियों की भावनाओं की कद्र करें। आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा। कामकाज में लाभ होगा।

## क्रिसमस ट्री दीन-दुखियों, जरूरतमंदों व पड़ोसी के साथ ईवरीय प्रेम को बांटने का महत्वपूर्ण माध्यम

**कहा** जाता है आठवीं शताब्दी में एक दिन जब संत बोनीफस येसु मसीह के सुसमाचार प्रचार करने के लिए जर्मनी के एक सुदूर गांव में जा रहे थे तभी रास्ते में उनकी मुलाकात कुछ विधर्मियों से हुई जो एक विशाल बलूत के वृक्ष को सजाकर प्राकृतिक देवता थोर को मानव बलि चढ़ा रहे थे। यह सब देखकर संत बोनीफस आग बबुला हो उठे। उसके एक बार में ही अपनी पूरी ताकत से बलूत के विशाल वृक्ष को कुल्हाड़ी से काट गिरा दिया। यह सब देख वहां उपस्थित विधर्मी लोग दंग रह गए। वे सोचने लगे कि देवता थोर अपनी दैवीय शक्ति से बोनीफस को नष्ट कर देगा, परंतु सर्वोच्च ईश्वर का सामर्थ्य बोनीफस के साथ था इसलिए देवता थोर बोनीफस को छू तक नहीं पाया।

बोनीफस विधर्मियों को सर्वोच्च ईश्वर के सामर्थ्य के बारे बतलाते हुए, कटे बलूत पेड़ के जड़ से निकले देवदार के वृक्ष, जिसका त्रिकोणीय कांटा स्वर्ग की ओर ईशारा कर रहा था, बोनीफस ने विधर्मियों को उसका नाम बालक येसु का पवित्र पेड़ बताया, जो संसार के लिए अनंत जीव का प्रतीक होगा। उसके त्रिकोणी कांटा तृत्वमय ईश्वर की उपस्थिति को इंगित कर रहा था। तब से देवदार के हरे भरे पेड़ को बालक येसु के पवित्र वृक्ष और अनंत जीवन माना जाने लगा। बोनिफस के इस प्रवचन से विधर्मी काफी प्रभावित हुए और उनके जीवन सच्चे ईश्वर की ओर मुड़ गए।

धीरे धीरे सोलहवीं शताब्दी से इस पेड़ को बहुत सारे देशों जैसे जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैंड, सोवियत संघ और इटली आदि ने क्रिसमस के समय घरों और अन्य जगहों पर लगया जाने लगा। कहा जाता है कि इसके प्रयोग से जीवन खुशहाल और मंगलमय होता था। मगर केवल उन्नीसवीं शताब्दी से इसका प्रचलन काफी बढ़ा लोक ईश्वरीय मुक्ति योजना को इस पेड़ के माध्यम से और बेहतर समझने लगे। कैथोलिक कलीसिया में औपचारिक तौर पर इस परंपरा की शुरुआत संत जॉन पॉल द्वितीय ने



सन 1982 में की। अब हम गिरजाघरों एवं अपने घरों को क्रिसमस ट्री से सुसज्जित करते है।

क्रिसमस का कृत्रिम पेड़ वर्तमान में मसीही बैलून, तारे, घंटियां एवं अन्य सामानों से हम सजाते है, किन्तु कहा जाता है कि इटली में इसकी शुरुअत के समय ऐसा नहीं था।

वर्तमान समय में हम क्रिसमस ट्री को अपने घरों और घिरजाघरों की सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए इस्तेमाल करते है। इस रिवाज या परंपरा का आरंभ इटली में लोगों के दिलों में खुशियां और उमंग भरने के लिए किया जाता था। इटली में धनी या संपन्न लोग क्रिसमस से पहले ईश्वरीय प्रेम को गरीबों में बांटने के लिए मुहल्लों में व चौराहों के किनारे क्रिसमस का पेड़ लगाया करते थे। साथ ही उस क्रिसमस ट्री में बहुत सारे उपहारों, बहुमूल्य वस्तुओं एवं पैंसों को लटका दिया करते थे ताकि वे गरीबों में बालक येसु के प्यार को बांट सकें। जब दीन दुःखी लोग क्रिसमस ट्री के रास्ते से गुजरते थे तब वे उस ट्री में बंधे उपहारों को अपने साथ ले जाते थे। इस दौरान संपन्न या धनी लोग कहीं छुप जाते और उन्हें देखते थे। उपहार लेते देख उनकी खुशियां एक-दो गुना नहीं, बल्कि सौ गुना हो जाती थीं।

जब क्रिसमस ट्री पर से उपहार खत्म हो जाते थे तब धनी लोग फिर से उस ट्री को नए नए उपहारों से सुसज्जित करते थे। यही रिवाज कई वर्षों तक चलता रहा। इस तरह अमीर या संपन्न लोगों के लिए क्रिसमस ट्री दीन दुखियों व जरुरतमंदों के बीच ईश्वरीय प्रेम को बांटने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया। इस क्रिसमस ट्री के जरिए गरीब से गरीब लोग भी बालक येस का प्यार अपने दिल में अनुभव करते है। समय के साथ क्रिसास ट्री का सही अर्थ विलुप्त होते जा रहा है हमें क्रिसमस पेड़ के पुराने अर्थ को समझना और दिल में अनुभव करना होगा, तभी हमारे लिए सच्चा और अच्छा जन्म पर्व होगा और हम अपनी खुशियां दूसरों के साथ बांट पाएंगे। साथ ही दूसरों की खुशी में अपनी खुशी ढूंढ पाएंगे और अपने पड़ोसियों को अपने समान प्यार देंगे।

**– प्रस्तुति**
**डिकन विपिन टोप्पो**
**उरबानियाना यूनिवर्सिटी, रोम, इटली।**

# जरूरतमंद व गरीबों से निःस्वार्थ प्यार से ही आयेगा सच्चा क्रिसमस : बिशप मसकरेन्हस

### संत जेवियर्स कॉलेज के ब्रदर्स-सिस्टर्स ने चेशायर होम में मनाया ख्रीस्त मिलन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में अध्ययन करने वाले विभिन्न धर्मसमाज के धर्मसंघी ब्रदर्स व सिस्टर्स ने बुधवार को बरियातू स्थिति चेशायर होम के दिव्यांग भाई-बहनों के साथ ख्रीस्त मिलन समारोह मनाकर क्रिसमस की खुशियां साझा की। ब्रदर विरेंद्र तथा सिस्टर शीतल की संयुक्त अगुवाई में आयोजित इस ख्रीस्त मिलन समारोह में रांची महाधर्मप्रांत के सहायक धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स फादर फिलमोन, सिस्टर विमला, सिस्टर मेरी एन, और चेशायर होम की अन्य सिस्टर्स भी उपस्थित थीं।

पवित्र मिस्सा बलिदान से आरंभ इस कार्यक्रम में अनुष्ठाता बिशप थियोडोर मसकरेन्हस रहे। मिस्सा के बाद क्रिसमस पर आधारित क्रिसमस कैरोल, झांकी और नृत्य की प्रस्तुति की गयी। साथ



ही साथ संत जेवियर कॉलेज में पढ़ने वाले धर्मसंघी भाई-बहनों ने ने चेशायर होम के दिव्यांग भाई बहनों के बीच क्रिसमस उपहार का वितरण किया।

अपने क्रिसमस संदेश में बिशप थिओडोर ने सभी धर्म भाइयों और बहनों का आह्वान किया कि अगर वे समाज की सेवा के लिए अपने आप को ईश्वर को समर्पित करना चाहते हैं तो सबसे पहले लोगों के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए अपने दिल में प्यार जगाएं। जैसा कि प्रभु येशु ने हम असहाय मानव जाति के उद्धार के लिए अपने ईश्वरीय महिमा को छोड़कर एक दीन मानव बने। अतः जब तक हमारे दिलों में जरूरतमंद और गरीब लोगों के लिए निःस्वार्थ प्यार नहीं जगेगा, तब तक हमारे लिए सच्चा क्रिसमस नहीं आ सकता है।

### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के आरएसी ऑडिटोरियम में बुधवार को छात्रों ने क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों ने केक काटकर समारोह की शुरूआत की और छात्रा चेतना ने बाइबिल को पढ़ा। छात्रों ने प्रभु यीशु की जीवनी पर नाटक का मंचन किया। यीशु के जन्म एवं उनके संदेश पर आधारित बातों को गीतों के माध्यम से पेश किया। तीसरे सेमेस्टर एवं आयोजक बैच के छात्र-छात्राओं ने झारखंड की संस्कृति पर आधारित मनमोहक नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि डीन एग्रीकल्चर डॉ एसके पाल ने छात्रों को प्रभु यीशु के संदेश एवं मार्गदर्शन का अनुसरण करने की कोशिश करने और सभी धर्मों का आदर एवं सम्मान करने की बात कही। समारोह के दौरान संकाय के सफाई कर्मी बालेश्वर, मंशा, अरुण, गीता, दहरी एवं सरिता को अतिथियों ने छात्रों के सौजन्य से कंबल प्रदान कर सम्मानित किया. आयोजन डॉ शशि किरण तिर्की एवं डॉ पूनम होरो के पर्यवेक्षण में कृषि संकाय के सत्र 2020-21 के छात्र-छात्राओं ने किया. छात्रों के आयोजन समिति में संतोष कुजूर, अनिषा टुडू, अभिजीत, अशी श्री, ऐश्वर्या, अनिमेश, मुशर्रफ, वैभवी एवं चेतना शामिल थीं।

## अभावग्रस्त के साथ खुशियां साझा कर मनायें क्रिसमस : बिशप तिर्की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गोस्सनर एवंजेलिकल लूथेरन कलीसिया (जीईएल चर्च) छोटानागपुर असम के सेंट्रल काउंसिल कार्यालय में बुधवार को कार्यालय के तमाम स्टाफ परिवार ने कैरोल गाकर तथा दीनहीन, लाचार, असहाय, रोगियों की सेवा करते हुए दूसरों के साथ प्रेम व खुशियां बांटने के संकल्प के साथ क्रिसमस गैदरिंग मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेव्ह सोसिरीता कंडुलना के ओपनिंग प्रेयर से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिशप सीमांत एस तिर्की रहे।

मुख्य अतिथि बिशप सीमांत एस तिर्की ने जीईएल चर्च के मॉडरेटर बिशप जोहन डांग, डिप्टी मॉडरेटर बिशप जोसेफ सांगा जनरल सेक्रेटरी ईश्वर दत्त कंडुलना व अटल इराद खेस के साथ मिलकर पांच कलर के कैंडल प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

बिशप सीमांत एस तिर्की ने इस अवसर पर क्रिसमस संदेश में लोगों से ख्रीस्तीय मूल्यों के साथ क्रिसमस मनाने का आह्वान किया। कहा कि क्रिसमस दूसरों के साथ खासकर ऐसे लोग जो अभावग्रस्त हैं, जिनके पास एक शाम का भोजन भी नसीब नहीं होता है, जिनके तन पर कपड़े नसीब नहीं होते हैं वैसे लोगों खिलाने, उन्हें तन ढकने के लिए वस्त्र उपलब्ध कराना, रोगियों से मिलकर यथासंभव उनकी सेवा करना और उनके साथ प्रेम तथा खुशियां बांटने का त्योहार है। इस साल के क्रिसमस में मसीहियों से मेरा निवेदन होगा कि वे पर्व पर फिजुलखर्ची न करें बल्कि उस राशि का उपयोग गरीब, जरुरतमंद अभावग्रस्त लोगों के साथ खुशियां साझा करने में करें।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'अब्लेज' का आगाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। शारदा ग्लोबल स्कूल में वार्षिकोत्सव 'अब्लेज' का शुभारंभ बुधवार को मुख्य अतिथि कृपा नंद झा, गेस्ट ऑफ ऑनर श्रीमती मनु झा, विद्यालय के चेयरमैन संजय शारदा, डायरेक्टर दीपक बंका एवं अनुज रंजन, डायरेक्टर एकेडमिक रंजना स्वरूप तथा प्राचार्य जसमीत कौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। अब्लेज कार्यक्रम का थीम नवरस था। बच्चों ने सभी प्रस्तुतियां इसी नवरस के आधार पर दीं।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान से हुई। बच्चों ने रामायण, गणेश वंदना पर्यावरण पर आधारित अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नवरस इस कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति थी, जिसमें कोरोना काल के समय को नवरसों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।



कार्यक्रम को देख सभी दर्शक की आंखें नम हो गयीं।

मुख्य अतिथि कृपानंद झा ने हर प्रस्तुति की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि इतने बड़े स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन तथा सभी बच्चों को इतना बड़ा मंच मिलना बहुत ही बड़ी उपलब्धि है, जो बच्चों के स्वर्णिम विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डायरेक्टर एकेडमिक रंजना स्वरूप ने अपने भाषण में कहा कि बच्चों में संस्कार बड़ों के लिए सम्मान दोनों का होना अत्यंत अनिवार्य है। प्राचार्य जसमीत कौर ने कहा कि कोरोना के बाद की स्थिति, जो सभी के लिए चुनौतियों से भरी है, उसे संयम के साथ संभाला जाये। डायरेक्टर दीपक बंका ने कहा कि अभिभावक तथा शिक्षकों के सहयोग से विद्यालय को प्रगति के पथ पर लाया जा रहा है। स्कूल के बच्चे शिक्षा एवं खेलकूद सहित हर क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का मान बढ़ा रहे हैं। मौके पर वार्षिक पत्रिका 'ओरियस' का लोकार्पण मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस पत्रिका में बच्चों ने अद्वितीय प्रतिभा दिखायी है।

## बेल्ट सेरेमनी में इमा के सफल कराटे स्टूडेंट्स हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्ववाधान में बहु बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में बेल्ट सेरेमनी के तहत सफल कराटेकारों को उनकी ग्रेडिंग के अनुसार बेल्ट प्रदान किया गया। जिसमें संत जोसेफ क्लब एवं इमा कराटे स्टूडियो के खिलाड़ियों का बेल्ट सेरेमनी इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोप्ता के द्वारा बेल्ट एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

रेंसी सुनील किस्पोप्ता ने सफल कराटेकारों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर इमा के अध्यक्ष अनिल किस्पोप्ता, राकेश तिर्की, अभिभावक गण एवं कई खेल प्रेमी उपस्थित थे। बेल्ट प्राप्त




करने वाले सफल खिलाड़ियों में येलो बेल्ट विवान दास नामाह गुप्ता दिव्यांश सिन्हा अंकिता कुमारी रोहित कुमार गुड़िया कुमारी अदीब नाज,ऑरेंज बेल्ट विक्की सिंह अदिति मिश्रा तृषा दक्षिणी आशीन ज्यूरियल मिंज आरोन कृष्टि मिंज, ग्रीन बेल्ट अनिकेत लकड़ा अलिशा लकड़ा पीहू लकड़ा शाइनी शेमोना टोप्पो अनुष्का अकिरा बड़ा आन्य तिग्गा सुनिधि एंजेल एक्का, ब्लू बेल्ट आरोही भूमि कच्छप अभिनव सुजय तिग्गा, पर्पल बेल्ट आदित्य प्रोभो विष्णु और ब्राउन बेल्ट प्रित सोनी ओमेर अर्फात कृतिका कुमारी अगस्त्य बेनहूर बखला आदि शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### एकता कमेटी ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

**रांची।** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बुधवार को मुख्य कार्यालय करबला टैंक रोड के सामने मिशन चौक और महा गिरजाघर के आसपास बैठने वाले भिक्षुक, गरीब व जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। बताया कि भारतीय एकता कमिटी की ओर से इस साल चौथी बार जरुरतमंद अभावग्रस्त लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 145 लोगों ने करायी जांच

**रांची।** श्री शिव मंदिर कमिटी के सौजन्य से बुधवार को अलकापुरी में केयर नेत्रम के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें केयर नेत्रम की टीम के द्वारा 145 लोगो का नि:शुल्क नेत्र जांच किया गया। जिसमें लोगो के मोतियाबिंद वगैरह की जांच भी की गयी। साथ ही लोगों को सलाह भी दिया गया जिनको ऑपरेशन की जरूरत होगी उन्हें आगे नि:शुल्क ऑपरेशन की भी सुविधा प्रदान की जायेगी। इस शिविर में मंदिर कमिटि के अध्यक्ष दिलीप चौधरी , इंद्रदेव साह आदि की मुख्य भागीदारी रही।

### बीतते साल को शब्दकारों ने काव्यांजलि से दी विदाई

रांची। कांके रोड अवस्थित बाटा बिल्डिंग में शब्दकार की सदस्या अंशुमिता शेखर के आवास पर शब्दकार द्वारा जाते हुए साल को काव्यांजलि दी गई। गोष्ठी की मुख्य अतिथि थीं डॉ माया प्रसाद थीं और अध्यक्षता की डॉ अशोक प्रियदर्शी ने की। गोष्ठी में शहर के गणमान्य कवि एवं कवियत्रियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ अशोक प्रियदर्शी ने रचनाकारों को सृजन के गुर सिखाए एवं उनमें क्या सुधार अपेक्षित हैं, इसकी चर्चा की। रचनाकारों को अलग-अलग विधाओं की रचनाओं में किस-किस तरह से सृजन करना चाहिए। किन-किन त्रुटियों से बचा जाना चाहिए आदि सभी गुरों को रचनाकारों से साझा किया।

### रांची वीमेंस कॉलेज में कैंपस सेलेक्शन

**रांची।** आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और स्किलप्रोलर्न ने बुधवार को रांची वीमेंस कॉलेज का दौरा किया और छात्रों को अलग-अलग जॉब रोल्स के लिए हायर किया। जबकि आईसीआईसीआई लोमबार्ड ने खुदरा शाखा बैंकिंग के पद के लिए हायर किया है। स्किलप्रोलर्न ने कंटेंट राइटर्स, रिसर्च एनालिस्ट और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए हायर किया है। स्किलप्रोलर्न ने 11 छात्रों को हायर करने में दिलचस्पी दिखाई। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जल्द ही इनके द्वारा लिए गए छात्राओं की सूची साझा करेगा। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन रांची वीमेंस कॉलेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने प्राचार्या डॉ. शामधुन निहार के कुशल मार्गदर्शन में किया।

### निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल प्रबंधन ने बांटे कंबल

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल की ओर से बुधवार को मोराबादी में बापू वाटिका के समीप गरीब रिक्शा चालकों तथा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। निकटवर्ती क्षेत्रों के रिक्शा चालकों, गरीब, बुजुर्गों, जरूरतमंदों और असहायों के बीच विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा, उप प्राचार्य विमलेश कुमार अवस्थी तथा नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उनके बीच कंबल बांटे।

### नयी ऑडी सर्विस फैसिलिटी का उद्घाटन

**रांची।** लक्जरी कार बनाने वाली जर्मन की कंपनी ऑडी ने मंगलवार को झारखंड की राजधानी रांची में नई प्रो ओन्ड कार फैसिलिटी ऑडी अप्रूव्ड प्लस का उद्घाटन के साथ कांटाटोली में जहां इससे पूर्व ऑडी शोरुम था, नयी सर्विस फैसिलिटी खोली गयी। 12, 500 वर्गफूट मैं फैले इस नयी फैसिलिटी में आठ कार डिस्प्ले और सात वर्गशॉप बेज हैं। रांची में नयी आधुनिक ऑडी अप्रूव्ड प्लस फैसिलिटी के उद्घाटन के साथ भारत में यह ऑडी की 21 वीं प्री ओन्ड कार फैसिलिटी हो गयी है।

### कुकिंग कंपटीशन में महेश्वरी देवी विजेता

**रांची।** मध्याह्न भोजन योजना के तहत मंगलवार को कार्यरत रसोईया-सह-सहायिकाओं का जिला स्कूल शहीद चौक रांची में जिला स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन कराया गया। इसमें जिले के 20 प्रखंड के कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें सर्वाधिक अंक लाकर प्रथम स्थान पर महेश्वरी देवी, रसोईया- बुनियादी विद्यालय तमाड़, द्वितीय स्थान पर रसोइया- सुनीता देवी महतो, राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय, हरमलोहर तमाड़। विजेता एवं उपविजेता को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### रुबिका हत्याकांड में फांसी की सजा हो : विजय शंकर

रांची। झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व प्रत्याशी हटिया विधानसभा क्षेत्र विजय शंकर नायक ने बुधवार को कहा कि रुबिका पहाड़िन हत्याकांड के सभी दोषियों को फांसी की सजा मिले। पुलिस और सरकार ऐसी व्यवस्था करे ताकि ऐसी दर्दनाक और वीभत्स घटनाओं को अंजाम देने से पहले अपराधी हजार नहीं लाख बार सोचे।

## संवैधानिक पद पर आसीन सीएम की भाषाशैली अशोभनीय : कैलाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड नवनिर्माण मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने प्रेस ब्यान जारी कर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य में वर्षो से निवास करने वाले करोड़ों बिहार यूपी के लोगो को बिहार यूपी बोलकर अपमानित करने तथा जनभावनाओं को भड़काने का कृत कर रहे हैं । संवैधानिक पद पर बैठे राज्य के मुख्यमंत्री की इस तरह की भाषाशैली बिल्कुल अशोभनीय एवं निंदनीय है। ज्ञातव्य है कि झारखंड निर्माण के बाद अबतक सभी सरकारें सुनियोजित तरीके से त्रुटिपूर्ण नियोजन नीति बनाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया ! बिहार यूपी बाहरी बोलकर राज्य में नफरत का माहौल बनाया और हमेशा असंवैधानिक तरीके से नियुक्ति नियमावली को ड्राफ्ट किया। सीएम को ज्ञात होना चाहिए कि राज्य के लगभग साढ़े तीन करोड़ की आबादी में करोड़ो बहुसंख्यक लोग

**साढ़े तीन करोड़ आबादी में बिहार-यूपी के करोड़ लोग वर्षों से राज्य के निवासी**

बिहार यूपी सहित अन्य जगहों में वर्षो से निवास करते हैं। जबकि एकीकृत बिहार के समय से झारखंड में सैकड़ों वर्षो से राज्य के कोने कोने में निवास कर बड़े पैमाने में लोग नौकरी, व्यवसाय के कार्यों में है, जबकि जिनकी शिक्षा दीक्षा सब यहीं से है। उन्होंने कहा कि विदित हो कि झारखंड के पहचान और सभी क्षेत्रों के चहुमुखी विकास में बिहार यूपी सहित अन्य जगहों के लोगो का बहुमूल्य योगदान रहा है। यादव ने कहा की 1932 स्थानीय नीति प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिर्फ सुर्खियां बटोरने के लिए बाहरी भीतरी का कार्ड खेला है, जबकि उन्हें मालूम है की 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाने का प्रस्ताव असंवैधानिक है और राज्यहित में भी नही है।

# गुन गोविंद सब गाइए पारब्रम्ह कै रंगे राम

### श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 356वें प्रकाश पर्व निकली प्रभातफेरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरूनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 356वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज 21दिसंबर, बुधवार को प्रभातफेरी सुबह 6 बजे दर्शन दिऊडी गेट से निकल कर विजय कटारिया, चुन्नी लाल पपनेजा, गोपाल दास सरदाना,नानक चन्द्र अरोड़ा, मुकेश तलेजा, राजेंद्र मक्कड़ एवं नंद किशोर अरोड़ा की गलियों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊडी गेट पहुंच कर सुबह 8.30 बजे विसर्जित हो गई।

सत्संग सभा की कीर्तन मंडली के सुंदर दास मिढा, इंदर मिढा, पाली मुजॉंल, रमेश पपनेजा, बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुजॉंल,गुड़िया मिढ़ा, बबीता पपनेजा, नीता मिढा, इँदु पपनेजा, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर



ने शबद गायन कर गुरु की महिमा का गुणगान किया। सरदार भूपिदंर सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की तथा मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने कुशल क्षेम की अरदास की।

प्रभात फेरी में द्वारका दास मुंजाल,अर्जुन दास मिढा, जीवन मिढा, मोहन काठपाल, हरगोविंद सिंह, अशोक गेरा, गुलशन मिढ़ा, हरीश तेहरी, अमर मदान, रौनक ग्रोवर, जगदीश मुजॉंल, किशन गिरधर, कमल मुजॉंल, आशु मिढ़ा, उमेश मुंजाल, नवीन मिढ़ा, राकेश गिरधर,पवनजीत खत्री, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, महेंद्र अरोड़ा, जीतू काठपाल, गौरव मिढ़ा, रमेश तेहरी, भगवान दास मुँजाल, अश्विनी सुखीजा, कमल अरोड़ा, रमेश गिरधर, प्रताप तलेजा, सुरजीत मुंजाल, हरविंदर सिंह, छोटू सिंह, वंश डावरा, मोहित झंडई, रौनक ग्रोवर, पीयूष मिढ़ा, अमन डाबरा, बीबी प्रीतम कौर, बलबीर मिढ़ा, रमेश गिरधर, उषा झंडई, गुड़िया मिढ़ा, सुषमा गिरधर, रूपा मिढ़ा, दुर्गी मिढा,शांति सरदाना, खुशबू मिढा, रानी तलेजा, बंसी मल्होत्रा, मनौरी काठपाल, सावित्री दुआ, अमर मुंजाल, सपना काठपाल, श्वेता मुंजाल, बिमला मिढ़ा, मीना गिरधर, अमर बजाज, गूंज काठपाल, किरण अरोड़ा, खुशबू मिढा, रानी तलेजा समेत सैकड़ों शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## रातू : मुखिया ने गरीबों के बीच बांटा कंबल

रातू। फुटकलटोली की मुखिया प्रभा तिर्की ने बुधवार को पंचायत के झिरी स्थित हनुमान नगर में समाज के गरीब और असहाय वृद्ध जनों के बीच सामुदायिक सुरक्षा कार्यक्रम के तहत कंबल का वितरण किया। मौके पर मोबिन अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता जयनाथ पांडेय, विनय शर्मा, संजय पोद्दार आदि मौजूद थे।

## डीएफओ ने किया हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

सोनाहातू/राहे। खूंटी डीएफओ कुलदीप मीणा ने बुधवार को सोनाहातू और राहे प्रखंड के कई गांवों में दौरा किये। इस दौरान इन्होंने हाथियों द्वारा किये गये नुकसान की जानकारी लिये। सोनाहातू प्रखंड के नीमडीह में वन विभाग द्वारा बनाये गये चैक डैम का निरीक्षण किये। राहे प्रखंड के कोलमा में किये गये पौधारोपण क्षेत्र का निरीक्षण किये। इस क्रम में आरएफओ संजय कुमार, वनरक्षी राजू कुमार की टीम साथ थे।

## राहे बीडीओ ने किया योजनाओं का निरीक्षण

राहे। बीडीओ हारून रशीद ने बुधवार की प्रखंड के दोकाद पंचायत में मनरेगा ओर प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण किये। बीडीओ ने मनरेगा के सिंचाई कूप,आम बागवानी,दीदीबाड़ी योजना तथा आवास योजना के तहत कई लाभुकों का आवास निर्माण का निरीक्षण किये। इस सम्बंध में बीडीओ ने कहा कि योजनाओं में तेजी लाने और गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को पूरा कराने को लेकर निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के द्वारा सहायक अभियंता अजय कुमार और सम्बंधित पंचायत सचिव साथ थे।

## नि:शुल्क मानव चिकत्सा शिविर का आयोजन



तमाड़। एसएसबी 26 वीं वाहिनी 'जी' कम्पनी तमाड़ के द्वारा पुंडीदिरी में निशुल्क मानव चिकत्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुंडीदीरी गांव के आस पास के गांव सारुबेड़ा, एदेलपीढ़ी, झारगांव के करीब 159 ग्रामीणों ने निशुल्क चिकित्सा का लाभ उठाया ओर निशुल्क दवाइयां प्राप्त किया। एसएसबी 26वी वाहिनी के डॉ. उर्मिला गाड़ी, जगरनाथ उरांव, रितेश कुमार, मुखिया लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा ग्रमीण हीरालाल दास, जगदीश गुप्ता सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## बाइक साइकिल से टकरायी, दो घायल

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के कमता मोड के पास हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए है। बुधवार देर शाम हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि कुच्चू निवासी मोहित लाल महतो साइकिल से दुध बेच कर पैदल अपने घर जा रहा रहा था। जैसे ही कमता मोड़ के पास पहुंचा। तेज गति से बाइक साइकिल से टकरा कर सड़क पर गिर गया। जिससे माहितलाल महतो की पैर टुट गया। वहीं बाइक सवार बारीडीह ओरमांझी निवासी संजय महतो 17 वर्ष का माथा फट गया है। पुलिस द्वारा दुर्घटना ग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया गया। वहीं दोनो घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया।

## झामुमो की हुरहुरी पंचायत कमेटी गठित



रातू। झामुमो प्रखंड समिति की बैठक हुरहुरी में अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में हुयी। इसमें संगठन को मजबूत बनाने और विकास योजनाओं में मोर्चा जनों, विशेषकर महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा की गयी। इसके उपरांत, पंचायत कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से समीउल्लाह अंसारी अध्यक्ष, राज कुमार मुंडा सचिव, इमरान अंसारी व शमीम अंसारी उपाध्यक्ष, जावेद अंसारी कोषाध्यक्ष, अभिनंदन ऊरॉव संगठन सचिव तथा राजू ऊरॉव और समीम अंसारी उर्फ छोटू सह सचिव चुने गये। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों में राजू तिर्की, सोनू अंसारी इम्तियाज अंसारी व आनंद साहू शामिल हैं।

# बेड़ो के तुको में युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**घटना के कारणों का अभी तक कोई पता नहीं चला**

खबर मन्त्र संवाददाता



संजय कुमार उर्फ पांडे की फाइल फोटो।

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के दिघिया तुको तेलीटोला निवासी किसान मच्छिंद्र साहू के लगभग 25 वर्षीय पुत्र संजय कुमार साहू उर्फ पांडे ने बुधवार की दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। इस संदर्भ में मृतक के पिता ने बेड़ो थाना में एक लिखित सूचना दिया है। इधर संजय कुमार उर्फ पांडे के घर में आत्महत्या किए जाने के बाद यह घटना तुको समेत आस पास के गांवों में तेजी से फैल गयी। वहीं इस घटना की सूचना आसपास के लोगों ने बेड़ो पुलिस प्रशासन को दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता व सब इंस्पेक्टर शिवनाथ रंजन सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं पुलिस ने फंदे से लटकते हुए मृतक संजय कुमार उर्फ पांडे के शव को नीचे उतारा और पंचनामा करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया। इधर घटना के संदर्भ में बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।

# नकली शराब का मामला : पांच आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी

**सरगना की तलाश जारी**
**खंगाले जा रहे हैं रिकार्ड**

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। कमड़े सरना नगर स्थित द्वारिकापुरी से मंगलवार की शाम जब्त नकली अंग्रेजी शराब मामले में पांच के खिलाफ भादवि की धारा 467,468, 471, 272, 273, 120 बी, 47 ए उत्पाद अधिनियम एवं 55/52 के तहत कांड संख्या 420/22 दर्ज की गयी है। इसमें 21 वर्षीय अनुप सिंह और एक नाबालिक पहले ही गिरफ्तार किये जा चुके हैं। तीन अन्य आरोपियों में अंकित कुमार गुप्ता, अभिमन्यु सिंह व सन्नी सिंह शामिल हैं। सभी कमड़े के रहने वाले हैं। सरगना अंकित सिंह की तलाश जारी है। पुलिस इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के बारे में रिकार्ड खंगाल रही है।

**थाने में बनी जब्ती सूची**

शराब की जब्ती सूची बनायी गयी। इसमें रॉयल स्टेज 240 पीस, एम्प्रेरिल ब्लू विस्की 216 पीस, स्टर्लिंग विस्की 144 पीस, महाराजा विस्की 516 पीस, खाली बोतल 500, ढक्कन 700 पीस, रैपर 1232 पीस, उत्पाद विभाग का बार कोड पत्ता 260 पीस, दो मोबाइल और एक होंडा साईन मोटर साइकिल जेएच 01 ईटी 9106 आदि शामिल है।

**इन्होंने निभायी भूमिका**

पुलिस निरीक्षक सह थानेदार सपन कुमार महथा, अवर निरीक्षक चमरा मिंज, अवर निरीक्षक नीतीश कुमार, अवर निरीक्षक हसनैन अंसारी समेत उज्ज्वल कुमार सिंह, गणेश साहू, मनोज कुमार चौबे, गुलाम हसनैन खान, लाल बाबू राय, विशेश्वर बड़ाईक व रामजीवन सिंह।

## विद्यानसभा घेराव करने जा रहे छात्रों को प्रशासन ने रोका



छात्रों को समझाती ओरमांझी थाने की पुलिस।

**छात्रों ने सरकार की नियोजन निति किया विरोध**

ओरमांझी। राज्य सरकार के नियोजन निति से नाराज छात्र बुधवार को विधानसभा का घेराव करने रांची जा रहे थे। जिसे प्रशासन द्वारा रोक दिया गया। विभिन्न बस में सवार सैकड़ों छात्र हजारीबाग से रांची के लिए चले थें। बस को टोल गेट के पास रोक लिया गया। आगे बढ़ने पर रोकने से छात्र पैदल ही आगे बढे। ओरमांझी पुलिस द्वारा फिर से रोके जाने के बाद छात्राओं ने राज्य सरकार व शिक्षामंत्री के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। छात्राओं ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से कोरोना काल की लंबीत व झारखंड सरकार के विवादित नियोजन नीति के कारण लगभग सभी नियुक्तियां बाधित रही है। झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा भी वर्तमान नियोजन नीति को भी पूर्णतः रद्द कर दी गई है। सरकार के गलत नियोजन नीति के कारण उत्पन्न विषम परिस्थिति में अब राज्य के हम सभी युवा छात्रों का भविष्य अधर में फंस गए हैं। जिसे लेकर लगभग 700 की संख्या में छात्रा शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा घेराव करने जा रहे थें। इसके लिए अनुमति भी ली गई थी।

# सड़क हादसे में दो सगे भाई की मौत, 7 घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

सिल्ली। गूंज महोत्सव देखकर लौट रहे दो सगे भाइयों मंटू मांझी (35) एवं रितेश मांझी (30) की बुधवार को सिल्ली बुंडू मार्ग पर बंता के निकट हुए एक सड़क हादसे में मौत हो गयी। ये दोनों बुंडू के बारेडीह, पंगुरा गाव के निवासी थे। इनके साथ बलेरो में सवार सात अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में विक्रम मुंडा, काजल मांझी, विक्की मांझी, सूरज मांझी, बोलेरो ट्रेलर विपुल मांझी, धीरज मांझी एवं बारेडीह निवासी चंदन दास शामिल है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक ये सभी लोग गूंज महोत्सव देखकर बुंडू लौट रहे थे इसी क्रम में सिल्ली बुंडू मार्ग पर बंता पंचायत भवन के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर की चपेट में आ गये। घटना में दोनों सगे भाइयों की मौत हो गयी। बलेरो भी क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो के टक्कर से ट्रेलर का इंजन दूसरी ओर मुड़ गया।



दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो व ट्रेलर।

## एक नजर में

## पिठोरिया थाने के एएसआइ के विरुद्ध अधिकारियों से शिकायत

पिठोरिया। पिठोरिया थाने की पुलिस पदाधिकारी के विरुद्ध रांची रेंज के डीआईजी अनीश गुप्ता, एसएसपी कौशल किशोर एवं ग्रामीण एसपी से शिकायत की की है मामला पिठोरिया थाना क्षेत्र के नवतोली निवासी सद्दाम अंसारी ने की है। उन्होंने आवेदन में कहा गया है कि, पिठोरिया थाना में एक कांड दर्ज किया गया है 172 /22 इस कांड के जांचकर्ता एएसआई कृष्ण कुमार ओझा है इनके केस डायरी के पार 20 में गलत ढंग से उनका बयान अंकित किया गया है। इसमें उन्हें स्वतंत्र साक्षी के रूप में दर्शाया गया है। जबकि इस घटना से उनका कोई लेना देना नहीं है। सद्दाम का कहना है कि वह घटनास्थल पर मौजूद थे ही नही। इसके बावजूद थाने के एएसआई कृष्ण कुमार ओझा ने के द्वारा मनमानी करते हुए उनका बयान अंकित कर दिया है इसकी जानकारी मिलने के बाद सद्दाम खुद कोर्ट पहुंचे और इसकी जानकारी भी दी। इस मनमानी पर सद्दाम ने वरीय पुलिस के अधिकारियों से जाँच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## वॉलीबॉल स्पर्धा बालक वर्ग में एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय की टीम बनी स्टेट चैंपियन



अनगड़ा। एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय चिलदाग अनगड़ा की टीम बुधवार को खेलो झारखण्ड के वॉलीबॉल स्पर्धा बालक वर्ग में बोकारो की टीम को पराजित कर स्टेट चैंपियन बना । एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय की टीम के चैंपियन बनने पर क्षेत्र के खेल प्रेमियो मे खुशी की लहर है। चैम्पियन टीम के खिलाड़ी मो.आरिफ अंसारी को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरिज के खिताब से नवाजा गया। टीम के खिलाड़ियों के इस सफलता पर पूर्व विधायक रामकुमार पहान समाजसेवी सह शिक्षाविद डॉ रीझु नायक प्राचार्य रवि संगीता कुमारी पूर्व उप प्रमुख अनवर खान अजय महतो ग्राम प्रधान शिबु मुण्डा रामशाय मुण्डा नरेश साहु शिवलाल महतो बरतु मुण्डा खालिक खान वरिष्ठ पत्रकार सरूफ खान पत्रकार नसीम शानी आदि गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ गूंज महोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**मुंबई से आये कलाकारों ने जलवा बिखेरा**



प्रस्तुति देतीं पाश्र्व गायिका तुलसी कुमार।

सिल्ली। गूंज महोत्सव अंतिम दिन मंगलवार को जैसे-जैसे समय बीतता गया दर्शकों की भीड बढ़ती गई। स्टेडियम में बने भव्य मंच के कार्यक्रम में मुंबई से आए पाश्र्व गायिका तुलसी कुमार ने अपने बेहतरीन गानों को सुनाकर महोत्सव में समा बांध दी। उन्होंने अपने मशहूर गाने साकी साकी ओ साकी साकी..., मेरी राहें तेरी तक है..., तू लोंग मैं इलायची..., तथा 90 के दशकों के गानों को सुनाकर लोगों का दिल जीता। उनकी बेहतरीन प्रस्तुति पर दर्शक थिरकने पर मजबूर हो गए। साथ में आए मुम्बई के सिद्धार्थ ईनटरटेनर ग्रुप के वादन कलाकारों ने अपनी सधी हुई प्रस्तुतियों को गूंज के नाम समर्पित किया। इससे पुर्व मुम्बई के सिद्धार्थ इंटरटेन ग्रुप के निरूपा डे, अनुभव सुमन, गुल सक्सेना, वैभव वशिष्ठ आदि कलाकारों ने बहुत प्यार करते हैं तुमको सनम..., सुन रहा है न तू, तेरे मस्त मस्त दो नैन.. मेरे उम्र के नव जोवानो दिल लगाना वो दिवानो...याद आ रहा है तेरा प्यार.. मेरे ख्वाबों में जो आए। मेरे रसके कमर तुने पहली नजर..... जैसे कई हीट फिल्मी गानों से सभा बांधा। साम 6 बजे से स्थानीय कलाकार एवं झोलीउड के कलाकारों ने नृत्य एव गीत की प्रस्तुति दी। देर रात तक लोग झुमते रहे। इस दौरान गूंज परिवार के पदाधिकारी एवं खचाखच भरे स्टेडियम की भीड़ को व्यवस्थित करने में व्यस्त रहे। तीन दिवसीय मेले के सफल आयोजन में गूंज संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, गौतम कृष्ण साहू, जिप उपाध्यक्ष वीणा चैधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, सुशील महतो, संजय सिद्धार्थ, ब्रजेश प्रसाद, मनोज कोइरी, प्रकाश राम, शिशिर महतो, स्थानीय प्रशासन एवं गूंज परिवार के स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

## खेल से संघर्ष कर आगे बढ़ने की मिलती है सीख



ओरमांझी। आरटीसी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित दो दिवसीय अंतर हाई स्कूल व इंटर कॉलेज खो-खो प्रतियोगिता में बुधवार को विजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। आरटीसी कॉलेज द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न हाई स्कूल व इंटर कॉलेज के महिला वर्ग में नौ और पुरूष वर्ग में कूल आठ टीम भाग लिए थें। महिला वर्ग के फाइन मैच में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुल्ही की टीम ने स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल पांचा को हरा कर विजेता बनी। वहीं पुरूष वर्ग में आरटीसी इंटर कॉलेज दड़दाग ओरमांझी की टीम ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल कुल्ही को हरा विजेता बना। मौके पर रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के जनरल सेकेट्री अजय झा, प्रचार्य ब्रजभुशण नीरज, रणधीर चैधरी, विरेंद्र बंसवार, प्रो रामप्यारे महतो, अशोक महतो, रंजीत कुमार, रामकुमार महतो, धनीलाल महतो, योगेंद्र ठाकुर, सुनिता कुमारी नेषनल एंपायर संगीता कुमारी, सुनील कुमार, विजय पाल तिर्की, ओम कुमार, संजय कुमार, कौषल कुमार व जिला एंपायर सोमया कुमारी व प्रिति रानी सहित विभिन्न स्कूल के प्राचार्य व छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थें।

# बेड़ो के कुपोषण उपचार केंद्र का बीडीओ ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



कुपोषण उपचार केंद्र का निरीक्षण करते प्रखंड विकास पदाधिकारी।

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित परिसर में स्थित कुपोषण उपचार केंद्र का बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कुपोषण उपचार केंद्र में बेड़ो और ईटकी प्रखंड के कुल 7 बच्चे भर्ती पाए गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम मनीषा कुल्लू एवं विभा कुमारी और एक सफाई कर्मी उपस्थित थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने एमटीसी में विशेष रूप से साफ सफाई करने एवं अन्य निर्देश दिए। एमटीसी सेंटर में इलाजरत नवमी कुंकुल, चिनारोपुरियो ईटकी की माता से पूछने पर पता चला कि वह पिछले 8 दिनों से अपने बेटे के साथ में है और यहां के व्यवस्थाओं से संतुष्ट है। इसी तरह श्वेता कुमारी, ग्राम हांठू ने अपनी बेटी को लेकर पिछले 3 दिनों से आई हुई है, उसे भी व्यवस्थाओं से किसी तरह से कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन उनके द्वारा कहा गया कि कुपोषण के लिए यहां बच्चों का इलाज हेतु दवा एवं भोजन मिलता है लेकिन उनकी माताएं जो अपने बच्चे के उपचार हेतु यहां उसके साथ में रहती है उनको भोजन नहीं मिल पाता है। उन्हें बाहर से खाना लाने जाने पड़ता है। इससे उन्हें काफी कठिनाई होती है। उन्होंने आग्रह किया कि माताओं को भी बच्चों के साथ में एमटीसी सेंटर में ही भोजन की व्यवस्था हो। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से बातचीत किया और इसे दूर करने का निर्देश दिया है, साथ ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सप्ताह में एक दिन डॉक्टर एमटीसी सेंटर का विजिट करें और बच्चों के स्वास्थ संबंधी जांच करे।

## लोकपाल मनरेगा ने खलारी प्रखंड में संचालित योजनाओं का किया निरीक्षण




खलारी। बुधवार को लोकपाल मनरेगा,रांची श्रीमती पुष्पलता जायसवाल के द्वारा खलारी प्रखण्ड के अंतर्गत मायापुर पंचायत का निरीक्षण किया गया। लोकपाल महोदया के द्वारा पंचायत सचिवालय मायापुर में मनरेगा योजना के अभिलेख एवं 7 रजिस्टर का जांच किया गया। लोकपाल महोदया के द्वारा मायापुर पंचायत के राजस्व ग्राम दुल्ली के परसातरी मनरेगा योजना से संचालित योजना सिंचाई कूप निर्माण एवं बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी का निरीक्षण किया। मौके पर सहायक अभियंता फैजी आजमी, कनीय अभियंता रमेश कुमार गुप्ता,पंचायत सचिव परीक्षित महतो,रोजगार सेवक लालमोहन राम, मुखिया पुष्पा खलखो एवं अन्य उपस्थित थे।

## गरीबों के बीच मुखिया ने किया कंबल का वितरण



मांडर। नगड़ा पंचायत के मुखिया बहादुर उरांव और उपमुखिया स्टीफेंसन उरांव के द्वारा बुधवार को पंचायत में कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया ने पंचायत के नगड़ा और कंभिट्ठा गांव में गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। बच्चों और बुजुर्गों को ठंड की चपेट में आने का ज्यादा खतरा रहता है जिसके कारण इससे बचाव जरूरी है। यदि जरूरत पड़ी तो वे पंचायत के विभिन्न स्थानों में अलाव की भी व्यवस्था करवायेंगे। मौके पर शौर्य गुप्ता, सुकरा उरांव, रेनू उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## जेसीसी फुटबॉल क्लब बेजांग ने किया सेमीफाइनल में प्रवेश



पिपरवार। राय अंबेडकर फुटबॉल ग्राउंड में 18 वां शहीद बिरसा मुंडा स्मारक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम एवं विशिष्ट अतिथि नागेश्वर महतो राय पंचायत मुखिया शीला देवी कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी तुरी आदि आगंतुक अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद बिरसा मुंडा के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटने के पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल में किक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस प्रतियोगिता में नॉकआउट आधारित तीन मैच खेले गए। प्रथम मैच में आदिवासी छात्र संघ घुटुटोली फुटबॉल क्लब बनाम फन फुटबॉल क्लब बरटोला के बीच खेला गया जिसमें फन क्लब की टीम ने टाई ब्रेकर में 5-4 से जीत दर्ज किया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच आजाद स्पोर्टिंग क्लब धनधमिया बनाम जेसीसी फुटबॉल क्लब बेजागं के बीच खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लालेश्वर महतो, प्रदीप उरांव, दीपक महतो, इंटेक्स मद्रासी, राजेश महतो, संतोष महतो, श्रवण कुमार, तुलसी भुईया, रामकुमार भुईया, राजा खान ,सहित दर्जनों आयोजन समिति के कार्यकर्ता शामिल थे ।

## 19 तीरंदाज ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हुए रवाना

सिल्ली। सिल्ली कॉलेज के 19 तीरंदाज बुधवार को मुरी स्टेशन से पंजाब के लिए रवाना हुए। ये सभी खिलाड़ि पंजाब के गुरु काशी विश्वविद्यालय भटिंडा में आगामी 23 से 28 दिसम्बर तक आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में रांची विश्वविद्यालय की ओर से भाग लेंगे। रवाना होने वाले तीरंदाजों में अभिषेक कुमार, सचिन कुमार, कृष्णा रविदास, पवन कुमार, विवेक कुमार, सुनील लोहरा, सिकंदरा हांसदा, समीर दत्ता, सुधीर कुमार महतो, रोहित कुमार महतो व अन्य मौजूद थे।

# फुटबाल टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में बड़ाम की टीम ने इरबा को 3-0 रौंदा

खबर मन्त्र संवाददाता

सिकिदिरी। स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी के तत्वाधान में आयोजित 9वीं सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट का उदघाटन मैच बड़ाम की टीम ने जीत लिया।बुधवार को स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के फुटबाल मैदान में खेले गए उदघाटन मैच में बड़ाम की टीम ने एकतरफा मुकाबले में इरबा की टीम को 3-0 से रौंद डाला। पुरे मैच के दौरान बड़ाम की टीम इरबा पर हावी रही।पहले हाफ में दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर रही। मैच के दूसरे हाफ में बड़ाम की ओर से विशाल गाड़ी ने 53 वें और 78 वें मिनट में अपनी टीम के लिए गोल दागा। जबकि,सुरेश मुंडा ने खेल के 65 वें मिनट में गोल किया। उदघाटन मैच देखने बड़ी संख्या में दर्शक आए थे। खेल के दौरान दर्शक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे थे। बेहतर खेल के लिए मुख्य अतिथि कांके पूर्वी के जिला परिषद सदस्य सह आजसू रांची जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के युवा नेता अमाल खान ने बड़ाम के खिलाड़ी विशाल गाड़ी को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया।

इस से पूर्व मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि संजय कुमार महतो ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबाल पर किक मारकर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खेल प्रतिभाओं को निखरने का एक बेहतर मंच मिलता है टूर्नामेंट के आयोजन के लिए आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सह कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है।

## जगुआर हेडक्वार्टर में प्रेरक कार्यशाला आयोजित



रातू। झारखंड जगुआर के टेंडर स्थित हेडक्वार्टर परिसर में जवानों के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाने और उन्हें कर्तव्यो के प्रति उत्साहित करने के उद्देश्य से प्रेरक कार्यशाला आयोजित की गयी। इसमें दिल्ली से आये प्रेरक वक्ता एवं आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े श्री नीरज गेड़ा ने जांबाज सिपाहियों का उत्साह वर्द्धन किया। उन्होंने जवानों को स्वस्थ्य और तनाव मुक्त रहने का गुर सिखाया। इसके अलावा श्री गेडा ने व्यक्ति के जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव समेत कई प्रेरणाएं दी और प्राणायाम के तरीके भी बताये। मौके पर जगुआर के पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र प्रसाद वर्णवाल, संजय मुकुल किस्पोट्टा व रमाकांत उपाध्याय समेत कई अधिकारी और सैकड़ों जवान मौजूद थे।

# जीत का रोमांच

कतर में आयोजित फुटबॉल विश्वकप रोमांचक फाइनल के अलावा विवादों की श्रृंखला के लिये जाना जायेगा। वहीं अंततः सफल आयोजन के लिये उसकी सराहना भी हुई। दुनिया की कई बड़ी टीमों को अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। खासकर पहले मैच में नौसिखिया सऊदी अरब के हाथ अर्जेंटीना जैसी दिग्गज टीम की हार ने दुनिया को चौंकाया। जापान ने जर्मनी और स्पेन को हराकर चौंकाया। पहले अफ्रीकी देश के रूप में मोरक्को की टीम पहली बार सेमीफाइनल तक पहुंची। आस्ट्रेलिया ने प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर चौंकाया। बहरहाल, लंबे समय तक मानवाधिकारों व श्रमिकों के शोषण के मुद्दों के साथ होटलों की कमी के लिये जिस कतर को निशाने पर लिया जा रहा था, उसने इस बड़े खेल उत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन करके पूरी दुनिया को बता दिया कि एशिया ऐसे बड़े आयोजनों के लिये तैयार है।बहरहाल, जब निर्धारित समय के बाद मिले अतिरिक्त समय में भी फाइनल मैच का फैसला न हुआ तो पेनल्टी शूटआउट से निर्णायक मैच का फैसला हो पाया। अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज फ्रांस की जीत के बीच दीवार बने नजर आये। यही वजह है कि फ्रांस चार मौकों में दो ही को गोल में बदल सका। गोलकीपर मार्टिनेज की दीवार के सामने एमबापे की मेहनत बेकार होती नजर आई। टूनामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने पर मिले गोल्डन बूट की चमक भी उसके मलाल को कम न कर सकी। राष्ट्रपति मैक्रों ने मैदान में आकर उसे संबल दिया कि हम जीत के करीब थे और ये सर्वोत्तम विश्वकप फाइनल था। निश्चय ही ऐसे लोकप्रिय वैश्विक आयोजन मानवीय भावों के चरम आवेगों को दशार्ते हैं। विचित्र संयोग देखिये कि जहां अर्जेंटीना के खिलाड़ियों की आंखों में खुशी के आंसू थे, वहीं फ्रांस के खिलाड़ियों की आंखों में हाथ आई जीत फिसलने के आंसू थे।

# कहर बरपाता कोरोना


चीन सहित दुनिया के तमाम देशों में कोरोना फिर से कहर बनकर टूट रहा है। नवंबर की शुरूआत से वैश्विक स्तर पर कोरोना के मामलों में एकाएक उछाल आया है। अस्पताल मरीजों से भरे हुए हैं और मृतकों की संख्या फिर से रिकॉर्ड तोड़ रही है। वहीं, दूसरी तरफ भारत में रविवार को खत्म हुए सप्ताह में, देश में कोरोना के कारण सिर्फ 12 मौतें दर्ज की गयी हैं। वहीं, पिछले तीन दिनों से एक भी मौत का मामला सामने नहीं आया है। मार्च 2020 के बाद दैनिक मृत्यु के मामले में यह सबसे कम है। वहीं, बीते सप्ताह में कोरोना के 1103 नये मामले दर्ज किये गये हैं। यह पहले लॉकडाउन 23-29 मार्च, 2020 के बाद से सबसे कम है। आंकड़ों के मुताबिक, बीता हुआ सप्ताह (दिसंबर, 12-18) में पिछले सात दिनों में कोरोना के मामलों में 19% की गिरावट देखी गई है। पांच महीनों से गिरावट जारी है। साप्ताहिक लिहाज से देखें तो गिरावट 18-24 जुलाई के बाद से शुरू हुई। तब देश में 1.36 लाख नये मामले दर्ज किये गये थे। एशिया, यूरोप सहित कई देशों में कोरोना के मामले में भारी उछाल देखा गया है। दो नवंबर को वैश्विक मामले 3.3 लाख थे। इसके बाद से यह लगातार बढ़ रहे हैं। 18 दिसंबर को यह आंकड़ा 55 प्रतिशत बढ़कर 5.1 लाख पहुंच गया। जापान में कोरोना के मामलों में सबसे अधिक उछाल देखा गया है। बीते सात दिनों में यहां एक मिलियन से भी ज्यादा मामले दर्ज किये गये हैं। यह पिछले सप्ताह से 23% की उछाल है। इस सप्ताह देश में 1,600 से अधिक मौतें हुई हैं, जो करीब 19 प्रतिशत का उछाल है। वहीं, दक्षिण कोरिया ने पिछले सप्ताह 450,000 से अधिक ताजा मामले दर्ज किये गये थे, जो बीते सप्ताह से 9% ज्यादा हैं। इसके अलावा ब्राजील, जर्मनी में भी मामले बढ़ रहे हैं। हांगकांग और ताइवान जैसे देशों में एक लाख नये मामलों की सूचना मिली है।

# आज भी प्रासंगिक है सरदार पटेल का संदेश



स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री और पहले उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का भारत के राजनीतिक एकीकरण में अविस्मरणीय योगदान है। 31अक्टूबर, 1875 को गुजरात में एक किसान परिवार में जन्मे सरदार पटेल ने देश की एकता को सदैव सर्वोपरि माना। इसीलिए उन्हें एकता की मिसाल माना जाता है। राष्ट्रीय एकता के प्रति उनकी निष्ठा आजादी के इतने वर्षों बाद भी पूरी तरह प्रासंगिक है। भारत को खण्ड-खण्ड करने की अंग्रेजों की साजिश को नाकाम करते हुए सरदार पटेल ने बड़ी कुशलता से देश की आजादी के बाद करीब 550 देशी रियासतों तथा रजवाड़ों का एकीकरण करते हुए अखण्ड भारत के निर्माण में सफलता हासिल की थी। सरदार पटेल भाई-भतीजावाद की राजनीति के सख्त खिलाफ थे और ईमानदारी के ऐसे पर्याय थे कि उनके देहांत के बाद जब उनकी सम्पत्ति के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। वह जो भी कार्य करते थे, पूरी ईमानदारी, समर्पण, निष्ठा और हिम्मत के साथ पूरा किया करते थे।

राष्ट्रीय एकता की मिसाल रहे सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देशवासियों के लिए अनेक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए। समय-समय पर उन्होंने अपने वक्तव्यों से लोगों को आलस्य त्यागने, मेहनत करने, ईश्वर तथा सत्य में विश्वास रखने, अन्याय का डटकर मुकाबला करने जैसे प्रेरक संदेश दिए और देश के लिए कुछ अलग हटकर कार्य करने को प्रेरित किया। वे कहा करते थे कि जो काम कल करना हैं, उसकी बातों में ही आज का काम बिगड़ जाएगा और आज के काम के बिना कल का काम नहीं होगा, इसलिए आज का काम कीजिए तो कल का काम अपने आप हो जाएगा। कल हमें कोई मदद देने वाला है, यदि यही सोचकर आज बैठे रहे तो आज भी बिगड़ जाएगा और कल तो बिगड़ेगा ही। कोशिश करना हमारा फर्ज है और अगर हम अपने फर्ज को ही पूरा न करें तो हम ईश्वर के गुनहगार बनते हैं। कर्म पूजा है लेकिन हास्य जीवन है और जो कोई भी अपना जीवन बहुत गंभीरता से लेता है, उसे एक तुच्छ जीवन के लिए तैयार रहना चाहिए। पुराना दुखड़ा रोना कायरों का काम है और हिसाब लगाकर मुकाबले की तैयारी करना बहादुरों का काम है। कठिन समय में कायर लोग बहाना ढूंढ़ते हैं जबकि बहादुर व्यक्ति रास्ता खोज लेते हैं। उतावले उत्साह से बड़ा परिणाम निकलने की आशा नहीं रखनी चाहिए।



-योगेश गोयल

> सरदार पटेल कहते थे कि बेकार मत बैठिये क्योंकि बेकार बैठने वाला अपना ही सत्यानाश कर डालता है। रात-दिन कार्य करने वाला अपनी इन्द्रियों को आसानी से वश में कर लेता है, इसलिए आलस्य छोड़िये। उनका कहना था कि अगर कोई चीज मुफ्त मिलती है तो उसकी कीमत कम हो जाती है जबकि परिश्रम से पाई हुई चीज की कीमत ठीक तरीके से लगाई जाती है।

सरदार पटेल कहते थे कि बेकार मत बैठिये क्योंकि बेकार बैठने वाला अपना ही सत्यानाश कर डालता है। रात-दिन कार्य करने वाला अपनी इन्द्रियों को आसानी से वश में कर लेता है, इसलिए आलस्य छोड़िये। उनका कहना था कि अगर कोई चीज मुफ्त मिलती है तो उसकी कीमत कम हो जाती है जबकि परिश्रम से पाई हुई चीज की कीमत ठीक तरीके से लगाई जाती है। लोगों को मेहनत और कर्म करने के लिए प्रेरित करते हुए वह कहते थे कि यह सच है कि पानी में तैरने वाले ही डूबते हैं, किनारे पर खड़े रहने वाले नहीं लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि किनारे पर ही खड़े रहने वाले लोग तैरना भी नहीं सीखते। अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसी की अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। वह कहते थे कि आपकी अच्छाई आपके मार्ग में बाधक है, इसलिए अपनी आंखों को क्रोध से लाल होने दीजिए और अपने मजबूत हाथों से अन्याय का डटकर सामना कीजिए।

लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सदैव कहते थे कि गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। हमें केवल भगवान के आगे झुकना चाहिए, दूसरों के आगे नहीं। जो कोई भी सुख और दुख का समान रूप से स्वागत करता है, वास्तव में वही सबसे अच्छी तरह से जीवन जीता है। हमें सदैव ईश्वर और सत्य में विश्वास रखकर प्रसन्न रहना चाहिए। यहां तक कि अगर हम हजारों की दौलत भी गंवा दें और हमारा जीवन बलिदान हो जाए तो भी हमें मुस्कुराते रहना चाहिए। बहुत बोलने से कोई लाभ नहीं होता बल्कि हानि ही होती है। हमें गम खाना सीखना चाहिए और मान-अपमान सहन करने की आदत डालनी चाहिए।

सरदार पटेल को देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे। वह कहते थे कि हर इंसान सम्मान के योग्य है, जितना उसे ऊपर सम्मान चाहिए, उतना ही उसे नीचे गिरने का डर नहीं होना चाहिए। लौहपुरुष का कहना था कि आम का फल समय से पहले तोड़ोगे तो वह खट्टा ही लगेगा और दांत खट्टे हो जाएंगे लेकिन अगर उसे पकने देंगे तो वह अपने आप टूट जाएगा और अमृत के सामान लगेगा। एकीकृत भारत के निमार्ता इस महान शख्सियत का दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसंबर, 1950 को निधन हो गया था।

अपनी वकालत के दौरान उन्होंने कई बार ऐसे केस लड़े जिसे दूसरे निरस और हारा हुए मानते थे। उनकी प्रभावशाली वकालत का ही कमाल था कि उनकी प्रसिद्धि दिनों-दिन बढ़ती चली गई। गम्भीर और शालीन पटेल अपने उच्चस्तरीय तौर-तरीकों लिए भी जाने जाते थे। वे अपना कर्तव्य पूरी ईमानदारी, समर्पण व हिम्मत से साथ पूरा करते थे। उनके इन गुणों का साक्षात्कार तब हुआ जब सन1909 में वे कोर्ट में केस लड़ रहे थे, उस समय उन्हें अपनी पत्नी की मृत्यु (11 जनवरी 1909) का तार मिला। पढ़कर उन्होंने इस प्रकार पत्र को अपनी जेब में रख लिया जैसे कुछ हुआ ही नहीं। दो घंटे तक बहस कर उन्होंने वह केस जीत लिया।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

### खास बात

## भ्रष्टाचार से लड़ाई

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**सुप्रीम** कोर्ट ने रिश्वतखोर सरकारी नौकरों के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। अदालतों को चाहिए कि वे दूसरे प्रमाणों की खोज भी करें। जैसे गवाहों से पूछें, बैंक के खाते तलाशें, रिश्वतखोरों की चल अचल-संपत्तियों का ब्योरा इकट्ठा करवाएं, उनके परिवारों के रहन-सहन और खर्चों का कच्चा चिट्ठा तैयार करवाएं, सरकारी कागजातों को खंगलवाएं आदि कई प्रमाणों के आधार पर रिश्वत के लेन-देन को पकड़ा जा सकता है।

अब तक रिश्वत के कई मामले रास्ते में ही बिखर जाते रहे हैं, लेकिन रिश्वत विरोधी कानून की इस नई व्याख्या के कारण अब ज्यादा मामले पकड़े जा सकेंगे। लेकिन भारत में रिश्वतखोरी यानी भ्रष्टाचार तो राजनीतिक शिष्टाचार बन चुका है। इसका बोलबाला तो हमारे पड़ोसी देशों में इतना ज्यादा है कि हम भारतीय उसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। कुछ देशों के नेताओं, फौजियों और अफसरों के ठाठ-बाट देखकर आप अपने आप से पूछेंगे कि ये लोग क्या अरबपति या खरबपति हैं? नेताओं की चोटी से निकली भ्रष्टाचार की वैतरणी नदी सरकार के चपरासी तक सबको गंदा करती चली जाती है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। स्वयं न्यायपालिका भी भ्रष्टाचार की इस वैतरणी में गोता खाने से बाज नहीं आ पाई है। भ्रष्टाचार ने हमारी राजनीति, प्रशासन, न्याय और सार्वजनिक जीवन को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया है। लेकिन भ्रष्टाचार को यदि जड़-मूल से खत्म करना है तो हमें कई अत्यंत कठोर कदम उठाने होंगे। सबसे पहले तो नेताओं और अफसरों और उनके परिजन की चल-अचल संपत्ति तथा आय-व्यय का ब्योरा प्रतिवर्ष सार्वजनिक करना अनिवार्य किया जाए। दूसरा, भ्रष्ट नेताओं और अफसरों पर चलने वाले मुकदमों के फैसलों की समयावधि तय की जाए। तीसरे, कुछ अत्यंत भ्रष्ट नेताओं, अफसरों और भ्रष्टाचार करनेवालों को आजीवन कारावास और फांसी की सजा भी दी जाए ताकि भावी भ्रष्टाचारियों के रोंगटे खड़े हो जाएं। चौथा, देश में सादगी और अपरिग्रह के आदर्शों का प्रचार खुद राजनेता, संपन्न सेठ लोग, नौकरशाह, धर्मध्वजीगण भी करें और अपना जीवन वैसा ही

**जहां** दुनिया के शेयर बाजार में मंदी का दौर, निवेशकों को नुकसान हुआ, एशियन देशों में 20-21% का नुकसान हुआ, वहीं भारत में 6% की बढ़त। अपने विपक्षियों को छोड़ पूरा विश्व हमारी आर्थिक उन्नति का लोहा मान रहा है।

**-महेश पोद्दार**

### आपके ट्वीट

**गूंज** महोत्सव उत्साह और उल्लास के पर्याय के साथ समाज के सशक्तिकरण का निरंतर प्रयास भी है। - क्लीन सिल्ली,ग्रीन सिल्ली- स्वच्छ एवं समृद्ध ग्राम के निर्माण के लक्ष्य के साथ सिल्ली विधानसभा क्षेत्र **-सुदेश महतो**





500 में गैस सिलेंडर देने का राजस्थान की कांग्रेस सरकार का बड़ा ऐलान - केंद्र सरकार की कीमतों के आधे से भी कम दाम में। प्रधानमंत्री जी, मित्रों' को मेवा खिलाना बंद कीजिए, महंगाई से त्रस्त जनता की सेवा कीजिए।

**- राहुल गांधी**

# कैसी दृष्टि?

### विचार-प्रवाह

**अमीश**

**हम** दोनों रविवार को बातचीत करते हैं। लंदन और मुंबई के बीच अमूमन इसी तरह होती है बातचीत। कुछ दिनों से चर्चा का सिरा एक किताब की ओर मुड़ गया है, जिस पर हमने काम किया है। पिछले रविवार हमारी बातचीत महामारी से हटकर लेखकों और दुनिया के बारे में उनके नजरिए की ओर बढ़ गई। खासतौर से दो लेखकों जेआरआर टोकीन और जॉर्ज आर आर मार्टिन की ओर। पश्चिमी जगत में आधुनिक दौर के फैंटेसी फिक्शन लिटरेचर में इन दोनों का बड़ा नाम है। एक का नाम लॉर्ड ऑफ द रिंग्स से जुड़ा है तो दूसरे का गेम ऑफ थ्रोंस से। शानदार लेखक हैं दोनों। कमोबेश हर लिहाज से सज्जन। दो शानदार सोच वाले लोग और दुनिया के बारे में अलग-अलग दो नजरिए वाले भी। कुछ लोग कह सकते हैं कि धर्म के बारे में बात करने के लिए पश्चिमी लेखकों की चर्चा क्यों? क्यों नहीं कर सकते जिक्र? देवी सरस्वती तो सबको आशीर्वाद देती हैं। ज्ञान वर्षा हर तरफ से होती है। इसमें देशों और सभ्यताओं की इंसानी सीमाएं नहीं डाल पाती हैं बाधा। टोकीन दुनिया को जिस तरह देखते हैं, उसके पीछे सज्जनता है, अच्छाई है और सही या गलत के बारे में एक साफ-सुथरी नैतिकता है। लॉर्ड ऑफ द रिंग्स में हिंसा दिखती है, लेकिन वह भी सम्मान के लिए है।

मार्टिन की नजर में दुनिया लेकिन ऐसी नहीं है। वह जो दुनिया देखते हैं, उसमें कुटिलताएं हैं, वह दुनिया पाशविक है, निर्मम है। पतनशील, अनैतिक और हिंसक दुनिया। गेम ऑफ थ्रोंस में अक्सर बिना मकसद के हिंसा होती है, महज इसलिए कि कोई किरदार वैसा कर सकता है।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था का भारत के निर्यात पर प्रभाव



**अजयदीप बाधवा**

भगवान ने भारत को पेट्रोलियम उत्पाद नहीं दिए; हम अपनी खपत के 85% से अधिक के पेट्रोलियम उत्पाद का आयात करते हैं। इस आयात को करने के लिए हमें अमेरिकी डॉलर चाहिए जो हम अपने उत्पादों और सेवाओं को दूसरे देशों में निर्यात कर के ही कमा सकते हैं। इस कारण निर्यात हमारी अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का एक स्तंभ है। 2020 में कोरोना में निर्यात के अचानक घटने के बाद मार्च 2021 में भारतीय निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई और भारत ने 291 बिलियन डॉलर (29100 करोड़ रुपए) की वस्तुएं निर्यात की। मार्च 2022 में यह बढ़कर 419 बिलियन डॉलर (41900 करोड़ रुपए) तक पहुंच गया। इंजीनियरिंग समान, जेम्स व आभूषण, रसायनिक उत्पाद और टेक्सटाइल्स का इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा। पर इस वर्ष, अगर पिछले वर्ष के निर्यात का इस वर्ष के निर्यात से माह से माह आधार पर तुलना करें तो भारतीय निर्यात में बहुत बाधाएं नजर आएंगी और यह संभवतः विश्व में आने वाली मंदी की ओर इशारा करता है। विश्व में मांग का कम होना हमारे निर्यात के समक्ष एक प्रमुख चुनौती के रूप में उभर रहा है। भारत सरकार रसायनिक उत्पादों सहित अन्य उत्पादों पर हमारी चीन पर निर्भरता को कम करने के प्रयास में है और इस कारण हमारे यहां

### आर्थिक

रसायनिक के अलावा इलेक्ट्रॉनिक और टेक्सटाइल्स के क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने के भारत सरकार ने उत्पादन लिंक्ड इंसेंटिव्स सहित कई प्रयास किए पर विश्व की घटती मांग हमारे प्रयासों के समक्ष रुकावट के रूप में आ रही है। विश्व में ऑटो उत्पाद,मशीन उत्पाद और स्टील की घटती मांग ने हमारी अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना आरंभ कर दिया है। इस वर्ष अगस्त में इस क्षेत्र में भारत का निर्यात 9.6 बिलियन डॉलर से घट कर 8.2 बिलियन डॉलर हो गया। इसी माह इंजीनियरिंग उत्पादों में भारत के निर्यात में 4.8 % की गिरावट दर्ज की गई। सितंबर माह में भारत की एक प्रमुख कंपनी, बजाज ऑटो, के निर्यात में 33% की गिरावट देखी गई। विश्व में इन उत्पादों के मूल्य में कमी एक कारण हो सकता है पर विश्व में शायद आने वाली मंदी की यह एक दस्तक भी हो सकती है। दूसरी तरफ वैश्विक बाजार में पेट्रोल के बढ़ते मूल्यों ने भारत के आयात बिल को बहुत बड़ा दिया है। एक अनुमान के अनुसार यह बढ़ोतरी पिछले वर्ष के तुलना में अब तक लगभग 45% है। मतलब साफ है कि भारत सरकार की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के प्रयासों पर विश्व की मंदी एक बड़ी रुकावट पैदा कर सकती है। अभी तक भारत सरकार ने अपने पते सावधानी से खेले हैं और हमारी अर्थव्यवस्था विश्व में सर्वाधिक तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है। भारत का विश्व के राजनीतिक, समाजिक और आर्थिक जगत पर बोलबाला बढ़ता जा रहा है। विश्व के सर्वाधिक 20 विकसित देशों का भारत अभी नेर्तत्व कर रहा है और अमेरिका भी चीन और रूस से निपटने में भारत के ऊपर भरोसा कर रहा है। पर लगता है पहले कोरॉना और फिर वैश्विक मंदी भारत सरकार के प्रयासों पर लगाम लगाने के लिए कमर कस कर तैयार। अगर हमने इस चुनौती को झेल लिया तो हमारी अर्थव्यवस्था को विश्व के सबसे बढ़ी तीन अर्थव्यवस्था में शामिल होने में और अधिक समय नहीं लगेगा। (लेखक वित एवम कर सलाहकार हैं।)

महिला सशक्तिकरण



### लेटर टू एडिटर

## पारदर्शी व्यवस्था

**नि:संदेह** सरकार के नये फैसले से बेरोजगार युवाओं को अलग-अलग ग्रुप में नौकरी के लिए अलग आवेदन करने व परीक्षा देने हेतु दूरस्थ केंद्रों पर जाने से होने वाली धन-समय की बबार्दी से राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी का देश के बेरोजगार युवाओं को एक ही बार परीक्षा देकर रोजगार मुहैया करवाने का फैसला काबिलेतारीफ है। पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को न्याय हेतु जरूरी है।

**- सत्यनारायण दूबे, गढ़वा**

## कार्बन उत्सर्जन में कमी

**सरकार** ने राज्यसभा को बताया कि इस्पात मंत्रालय ने 2005 से 2022 के बीच कार्बन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत तक की कटौती की है एवं 2030 तक इसमें 10 प्रतिशत और कटौती करने का लक्ष्य रखा है। इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश बन गया है। **- रविकांत, रातू**

# अमेरिका में बज रहा है भारतीयों का डंका



**कुमार गौरव**

**भारतीय** मूल के लगभग दो करोड़ लोग इस समय विदेशों में फैले हुए हैं। लगभग दर्जन भर देश ऐसे हैं, जिनके राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री वगैरह भारतीय मूल के हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तो इसके नवीनतम उदाहरण हैं। भारतीय लोग जिस देश में भी जाकर बसे हैं, वे उस देश के हर क्षेत्र में सर्वोच्च स्थानों तक पहुंच गए हैं। इस समय दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति और महासंपन्न देश अमेरिका है। अमेरिका में इस समय 50 लाख लोग भारतीय मूल के हैं। दुनिया के किसी देश में इतनी बड़ी संख्या में जाकर भारतीय लोग नहीं बसे हैं। इसके कारण भारत से प्रतिभा-पलायन जरूर हुआ है लेकिन अमेरिका के ये भारतीय मूल के नागरिक सबसे अधिक संपन्न, सुशिक्षित और सुखी लोग हैं, ऐसा कई सर्वेक्षणों ने सिद्ध किया है।

यदि अमेरिका में 200 साल पहले से भारतीय बसने शुरू हो जाते तो शायद अमेरिका भी मॉरिशस, सूरीनाम वगैरह की तरह भारत-जैसा देश बन जाता। लेकिन भारतीयों का आव्रजन 1965 में शुरू हुआ लेकिन इस समय मेक्सिको के बाद वह दूसरा देश है, जिसके सबसे ज्यादा लोग जाकर अमेरिका में

### सामयिक

बसते हैं। मेक्सिको तो अमेरिका का पड़ोसी देश है। लेकिन भारत उससे हजारों किलोमीदूर दूर है। भारत के आप्रवासी प्रायः उत्साही नौजवान ही होते हैं। जो वहां पढ़ने जाते हैं, वे या तो वहीं रह जाते हैं या फिर यहां से अनेक सुशिक्षित लोग बढ़िया नौकरियों की तलाश में अमेरिका जा बसते हैं। उनके साथ उनके माता-पिता भी वहीं बसने की कोशिश करते हैं।

इसके बावजूद भारतीय आप्रवासियों की औसत आयु 41 वर्ष है, जबकि अन्य देशों के आप्रवासियों की 47 वर्ष है। भारत के कुल आप्रवासियों में से 80 प्रतिशत लोग कार्यरत रहते हैं। अन्य विदेशी आप्रवासियों में से जबकि 15 प्रतिशत ही सुशिक्षित होते हैं, भारत के 50 प्रतिशत से अधिक लोग स्नातक स्तर तक पढ़े हुए होते हैं। भारतीय मूल के लोगों की औसत प्रति व्यक्ति आय डेढ़ लाख डॉलर प्रति वर्ष होती है, औसत अमेरिकियों और अन्य आप्रवासियों की वह आधी से भी कम यानी सिर्फ 70 हजार डॉलर होती है।

भारतीय लोगों को आप आज के दिन अमेरिका के हर प्रांत और शहर में दनदनाते हुए देख सकते हैं। अब से लगभग 50-55 साल पहले जब मैं न्यूयॉर्क की सड़कों पर घूमता था तो कभी-कभार कोई भारतीय ह्यटाइम्स स्क्वायरह्ल पर दिख जाता था लेकिन अब हर बड़े शहर और प्रांत में भारतीय भोजनालयों में भीड़ लगी रहती है। विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों और अध्यापकों की भरमार है। अमेरिका की कई कंपनियों और सरकारी विभागों के सिरमौर भारतीय मूल के लोग हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि आज से 24 साल पहले मैंने जो लिखा था, वह भी शीघ्र हो ही जाए। ब्रिटेन की तरह अमेरिका का शासन भी किसी भारतीय मूल के व्यक्ति के हाथ में ही हो।

(लेखक, दिशा साई संस्थान हजारीबाग के संस्था प्रमुख हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जरगा में चार बिरहोर परिवार के 16 सदस्यों ने अपने धर्म में की वापसी

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रूप से पूरी हुई शुद्धिकरण की प्रक्रिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** प्रखंड में धर्मांतरण के बढ़ते मामलों के बीच गुरुवार को पुनाई पंचायत के जरगा बिरहोर टोला के चार परिवार के सोलह सदस्य ईसाई धर्म छोड़कर वापस अपने धर्म मे शामिल हुए। पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव और कोडरमा सांसद प्रतिनिधि मिठू कुमार रविदास की पहल और नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफल रहा।

गुरुकुल विद्यालय के शिक्षक और स्कूली बच्चियों द्वारा वैदिक मंत्रोचारण कर उनकी शुद्धि और घर वापसी का विधिवत कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। मुखिया अनिल ने धर्म मे वापसी कर रहे सभी लोगो को भगवा गमछा पहनाकर अपने धर्म मे वापसी करवाई। गुरुकुल के शिक्षक ने हवन करवाकर पूरे क्षेत्र की सुधि कराई। अपने धर्म मे वापस लौट रहे सभी युवा , महिला व बच्चों के मुखिया अनिल, हर्ष अजमेरा, लखन जायसवाल, हरीश श्रीवास्तव , जिला पार्षद गीता देवी, प्रमुख कुमारी स्वेता ने सभी के पैर धोकर वापसी कराई। मंत्रोचारण के दौरान पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हो गया। धर्म परिवर्तन किए विरहोर जाती के लोगों ने कहा कि उन्हें लोभ लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया गया था और अब वो कभी भी किसी अन्य से धर्म से नही जुड़ेंगे।

आरोग्यम अस्पताल के मालिक हर्ष अजमेरा ने बिरहोर परिवार के बीच कम्बल का बितरण किया साथ ही भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस कार्यक्रम में जयंत सिन्हा के सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, रंजीत कुमार सिन्हा, अजीत कुमार, सुबोध कुमार शिवगीत, सावन कुमार, राजेश कुमार, प्रदीप यादव, जगतपाल राणा आदि मौजूद थे।



मौके पर उपस्थित लोग।

## स्पीड न्यूज

### सिलवार कला निवासी दामोदर दास का शव कुएं से बरामद

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिलवार कला निवासी दामोदर दास का शव गांव के ही हेमंत राम के कुएं से बरामद किया गया है । ग्रामीणों के अनुसार दामोदर पिछले 18 दिसंबर से गायब था और उसकी तलाश की जा रही थी। लोगों ने बताया कि दामोदर मानसिक संतुलन भी सही नहीं था. ग्रामीणों के अनुसार दामोदर के मृत्यु के बाद परिवार वालों के सामने आर्थिक संकट आन पड़ी है।

### मुखिया सरिता देवी ने किया पोशाक वितरण

**बरही।** प्रखंड के ग्राम पंचायत केदारूत के खैरौन, कजरा स्थित विद्यालयों में मुखिया सरिता देवी ने बच्चों को पोशाक वितरण किया। मुखिया सरिता देवी ने कहा कि शिक्षा सभी को मिलना चाहिए ।परन्तु एक स्त्री को शिक्षित होना निहायत जरूरी है। जिससेतो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते है, इसलिए पुरुष के साथ साथ स्त्री को भी शिक्षा से जोड़े। सरकार के द्वारा बच्चो के लिए अनेक लाभकारी योजना ला रही है। मौके पर मुखिया सरिता देवी, उप मुखिया कंचन देवी आदि मौजूद थे।

### दो छात्र भेजे गये बाल सुधार गृह

**भुरकुंडा ( रामगढ़ )।** भुरकुंडा पुलिस ने बुधवार को आर्म्स रखने के आरोप में दो स्कूली छात्र को बाल सुधार गृह हजारीबाग भेज दिया। ज्ञात हो कि मंगलवार को श्री अग्रसेन स्कूल के 9वीं का छात्र एकलव्य शर्मा के पास से देसी कट्टा पाया गया था। पुलिस ने एकलव्य शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद तीन और युवकों को हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ की। इसमें एक छात्र जवाहरनगर भुरकुंडा का निवासी और दूसरा धौड़ा, भुरकुंडा का निवासी है। दोनों नाबालिग हैं, इसलिए बुधवार को उन्हें बाल सुधार गृह हजारीबाग भेज दिया गया।

# जनता के सुख-दुख का पूरा ख्याल रखते हैं सांसद जयंत सिन्हा : भौमिक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर क्षेत्र में 17 सड़कों को बनाने का फैसला हो गया है। यह जानकारी देते हुए हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक ने बताया कि बड़कागांव से पसरिया, उरीमारी से तलस्वार भाया आंगों, जोबर से तिलैया भाया खारकी, टाटीझरिया से धर्मपुर भाया खमवा, चौपारण जीटीरोड आश्रम मोड़ से महूदी, सिंघानी से मेरू भाया बरसी, हुतपा से पीडब्ल्यूडी रोड चंदवार भाया गुरहेट, केरेडारी से बुंडू कोरले, गोला कुस्टेगढा से सुतरी, गोला हुप्पू दशरथ चौक से बंदा, गोला जोगिया से खैराजरा रजरप्पा मंदिर भाया हेसापोड़ा, मांडू एनएच 33 पोचरा से सुगिया, मांडू हीरक रोड छोटकी चुंबा भाया कंजगी बुमरी, पतरातू रशियन हस्टल से तोरपा, पतरातू दुर्गी मसमोहना कडरु बारिडीह, लबगा से सौंदा बस्ती भाया जयनगर और रामगढ टी 7 से बियोंग तक सड़क का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि सड़क बन जाने से दर्जनों गांवों के हजारों लोगों को सुविधाएं होंगी। श्री भौमिक ने कहा कि जयंत सिन्हा जनता के सुख-दुख का पूरा ख्याल रखते हैं।



नारायण चंद्र भौमिक फाइल फोटो।

# मृत छात्रा के परिजनों संग हजारीबाग उपायुक्त से मिलीं विधायक अंबा प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रविवार सुबह हुई घटना के पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। बादम पहुंचक शोकाकुल परिजनों से मुलाकात करने एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लेने के पश्चात देर रात्रि विधायक अंबा प्रसाद ने मृत छात्रा के परिजनों के संग उपायुक्त नैंसी सहाय से उनके आवास पर मुलाकात की।

अंबा प्रसाद ने परिजनों की मौजूदगी में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 10वीं की छात्रा का हॉस्टल के कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ शव एवं मृतक के पिता द्वारा थाने में दिए गए आवेदन जिसमें उनकी पुत्री का दुष्कर्म कर हत्या करके दुपट्टे से बांधकर फांसी में लटका दिए जाने से संबंधित था, उस सारे घटना से अवगत कराया। विधायक ने मृतक छात्रा के परिजनों को न्याय दिलाने एवं पूरे मामले की गहन जांच कर जो भी इस मामले में दोषी हैं उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने विधायक एवं मृतक छात्रा के परिजनों को आश्वस्त किया कि मामले की गहन जांच की जा रही है एवं जांच पड़ताल के बाद जो भी इनमें आरोपी होंगे उन पर कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विधायक अंबा प्रसाद ने मृतक छात्रा के परिजनों की गरीबी हालत से अवगत कराते हुए मृतक छात्रा के पिता को रोजगार एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर मुख्य रूप से मृतक छात्रा के पिता छोटू राम, माता बबली देवी, बहन ईशा कुमारी, प्रमोद राम, समीर कुमार रवि, जितेंद्र कुमार, अजय राम आदि थे।



मृत छात्रा के परिजनों के साथ अंबा प्रसाद।

## एक नजर में

### धर्मांतरण करवाने वाले मिशनरियों के खिलाफ बाध्य हो करेंगे आंदोलन : प्रमुख

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रमुख सह जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष संतोष मंडल ने कहा कि झरपो, भराजो,खैरा, डूमर,धर्मपुर, बेडम,टाटीझरिया, डहरभंगा आठ पंचायत के विभिन्न गांवो में ईसाई धर्म के लोगों द्वारा आदिवासी समुदाय ,अशिक्षित वर्ग के लोगों को जबरन प्रलोभन मिथ्या आश्वासन देकर धर्मांतरण करवाने की मामले प्रकाश में आ रहा है। जो बहुत ही निंदनीय हैं। जबरन धर्मांतरण करवाना कानून अपराध है। उन्होंने यह भी कहा कि टाटीझरिया प्रखण्ड के झरपो पंचायत से सटा जरगा गांव है।जहां मिशनरियों द्वारा गोपनीय तरीके से योजना बनाकर बिरहोर परिवार क्षेत्र के अशिक्षित भोले - भाले लोंगो को झांसा देकर धर्मांतरण करवाने की बाते प्रकाश सोशल मीडिया,फेसबुक,आदी से जानकारी मिली और हाल ही मैं इसकी पुष्टि क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा किये गये। इस प्रकार के बढ़ती अपराध को देखते हुए हम सभी जनप्रतिनिधि बाध्य होकर उग्र आंदोलन करेंगे।

### खोपड़िया बाबा धर्मशाला में श्री अखंड हरिकीर्तन आयोजन का निर्णय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर श्री खोपड़िया बाबा श्री हनुमान मंदिर भुरकुंडा बाजार में 24 घंटे का महाअष्टमयाम अखंड हरिकीर्तन और भंडारे का का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय खोपड़िया बाबा धर्मशाला में मंगलवार की शाम बैठक में हुई। बैठक में कहा गया कि यह बहुत खुशी की बात है कि कई वर्षो बाद यहां भुरकुंडा बाजार में मकर संक्रांति पर श्री अखंड हरिकीर्तन का आयोजन होगा। मौके पर अखंड हरिकीर्तन संचालन समिति का भी गठन किया गया।

### एनटीपीसी के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**बड़कागांव।** बड़कागांव मध्य पंचायत भवन में मुखिया मो तकरीमुल्ला के नेतृत्व में एनटीपीसी के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। मुखिया तकरीमुल्ला ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए हमारे पंचायत के सभी गरीब, असहाय, बुजुर्ग,मजदूर तबके के ग्रामीणों को चिन्हित कर उन्हें को कंबल दिया गया। जो सक्षम है उन्हें नहीं दिया गया ताकि जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल बांटने में आसानी होगी।आगे मुखिया तकरीमुल्ला ने बताया की हमारे मध्य पंचायत में कुल 500 कंबल का वितरण किया गया। हमारे पंचायत में सभी जरूरतमंदों का ख्याल रखा जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि इस कड़कड़ाती ठंड में सभी सक्षम व्यक्तियों को अपने अपने स्तर से गरीब मजदूर तबके के लोगों के बीच में गर्म कपड़े का वितरण करना चाहिए ताकि किसी भी गरीब मजदूर असहाय लोगों का है ठंड की वजह से मौत ना हो सके।

### रोटरी रामगढ़ सिटी हमेशा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता आया है : हरीश चौधरी

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत सचिवालय में बुधवार को ठंड से बचाव व मानवता के लिए 200 जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए रोटरी रामगढ़ सीटी अध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा की रोटरी प्रत्येक वर्ष जरूरतमंदों के बीच अनवरत सहायता के लिए कार्यक्रम करते आ रहीं हैं एवं आगे भी करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि रोटरी हमेशा से सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता आया है। गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियती में शामिल है। इस संबंध में मुखिया अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

### भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की अपील

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रामजन्म राय ने आगामी 24 दिसंबर ( शनिवार) को दिन के 11 बजे विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा पंचायत के कर्बला चौक से निकलने वाली भारत जोड़ो यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की अपील की है। इस भारत जोड़ो यात्रा में हजारीबाग के कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव उपस्थित रहेंगे। विष्णुगढ़ कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष श्री राय ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी पिछले सात सितंबर से लागातार भारत जोड़ो यात्रा कन्या कुमारी से कश्मीर तक कर रहे हैं। उसी कड़ी में नवादा के कर्बला चौक से यात्रा निकल रही है।

मुख्यमंत्री फुटबॉल टनार्मेंट के विजेताओ को किया गया आमंत्रित

**चरही।** मुख्यमंत्री फुटबॉल टनार्मेंट हजारीबाग जिला के सभी प्रखंडों के विजेता एवं उपविजेता टीम के बालक एवं बालिकाओं को विरसा स्टेडियम धनबाद में खेलने के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत से बालक-बालिकाओं के टीम को मुखिया ग्रामीणों ने मिलकर रवाना किया ।बहेरा पंचायत के मुखिया,उप मुखिया एवं ग्रामीणों ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बहेरा के खिलाड़ी सफल हों।

### चितरपुर महाविद्यालय पहुंचे बिभावि के कुलपति

**रजरप्पा।** बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकुल नारायण देव सपरिवार बुधवार को रजरप्पा पहुंचकर मां छिन्नमस्तिके की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया. पूजा अर्चना के बाद चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर पहुंचे, जहां उन्हें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संज्ञा ने बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान कुलपति ने महाविद्यालय परिसर को देखकर प्रशंसा की तथा नई शिक्षा नीति को लेकर चचाएं भी की।

### विद्यार्थियों के बीच पोशाक व जूते का हुआ वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राजकीय कन्या विद्यालय कुरसे में बुधवार को विद्यार्थियों के बीच पोशाक व जूता का वितरण किया गया। इस दौरान कुरसे पंचायत के मुखिया संदीप उरांव द्वारा 30 बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस, स्वेटर व जूता-मोजा का वितरण करते हुए कहा कि बच्चों को पठन-पाठन में किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने बच्चों को शिक्षा में हर संभव मदद करने की भी बात कही। मौके पर प्रधानाध्यापिका माधुरी, उप मुखिया अजय तुरी, अनीता देवी, रेखा देवी, संतोष यादव, प्रिंस बेदिया, मनोहर मुंडा, सती देवी सहित दर्जनों अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# तोपा परियोजना में मनाया गया 65वां खान सुरक्षा सप्ताह

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत तोपा परियोजना में बुधवार 21 दिसंबर को 65वां खान सुरक्षा सप्ताह प्रारंभ हुआ। यह सप्ताह आगामी 28 दिसंबर तक चलेगा। खान सुरक्षा सप्ताह के तहत खदान व सुरक्षा नियमों का निरीक्षण करने सीसीएल मुख्यालय द्वारा गठित डकरा क्षेत्र की टीम के बतौर ऑब्जर्वर सीसीएल मुख्यालय के आईएसओ सीबी प्रसाद,बतौर कन्वेनर परियोजना पदाधिकारी डकरा जे अब्राहम के नेतृत्व में बुधवार को तोपा पहुंची।

टीम में डकरा क्षेत्र के खान प्रबंधक एल एन राणा, प्रोजेक्ट इंजीनियर एक्सकावेशन कमल गोस्वामी, प्रोजेक्ट इंजीनियर विद्युत एवं यांत्रिक मोहन कुमार, सर्वेयर ऑफिसर सत्येंद्र सिंह, वर्क मैन इंस्पेक्टर माइनिंग बरतू मुंडा, वर्क मैन इंस्पेक्टर विद्युत एवं यांत्रिक मोहम्मद अयूब शामिल थे। निरीक्षण दल में शामिल सभी आगत अतिथियों का स्वागत क्षेत्र के महाप्रबंधक सीएस तिवारी, परियोजना पदाधिकारी मनीष कुमार, खान प्रबंधक एमके सिंह आदि अधिकारियों ने बुके देकर एवं माला पहनाकर किया। तत्पश्चात महिला कोयला कर्मचारियों द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में मौजूद निरीक्षण दल सहित सभी कोयला अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों, एसीसी सदस्यों ने सुरक्षा शपथ ली। वहीं परियोजना के वरीय ओवर मैन निर्गुण महतो ने फिल्मी धून पर सुरक्षा से संबंधित प्रेरणादायक गान प्रस्तुत किया। मौके पर आईएसओ सीबी प्रसाद, महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी, परियोजना पदाधिकारी मनीष कुमार ने अपने संबोधन में जीरो एक्सीडेंट नहीं बल्कि जीरो घटना को ध्यान में रखकर कोयला उत्पादन करने के लिए कोयला कर्मियों को प्रेरित किया। इस दौरान परियोजना के विभिन्न विभाग के कुशल कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के बाद निरीक्षण दल ने तोपा खुली खदान का निरीक्षण किया।



कुशल कोयला कर्मियों को पुरस्कृत किया गया।

### विकास को व्यवसाय जरूरी : अनुज सिंह

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कलेज भुरकुंडा में पिछले दो सप्ताह से विभिन्न विषयों पर चल रहे व्याख्यान के क्रम में बुधवार को वाणिज्य संकाय में उद्यमी विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ड महेन्द्र पांडेय ने की। आईक्यूसी के को-ऑडिनेटर ड. एकेएस झा ने मुख्य वक्ता जेएम कॉलेज भुरकुंडा के प्रो.अनुज कुंमार सिंह का स्वागत करते हुए व्याख्यान के लिए मंच पर बुलाया। मौके पर अनुज कुंमार सिंह ने कहा कि उद्यमी का संबंध जीवन से जुड़ा है। विकास करने के लिए व्यवसाय जरूरी है। इसी के माध्यम से परिवार, समाज व देश विकास कर सकती है। विषय प्रवेश कराते हुए वाणिज्य के प्रो. गोपाल विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को कई अहम बातें बताई। इस दौरान विद्यार्थियों ने वक्ताओं की बातों को ध्यान पूर्वक सुन व समझकर प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। दो सप्ताह से चल रहे इस व्याख्यान में विभिन्न कॉलेजो के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों को कई अहम बातें बताते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# रामगढ़ भाजपा जिला कार्यालय में बैठक का हुआ आयोजन



बैठक में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में पार्टी जिला कार्यालय में बुधवार अपराह्न 25 दिसंबर को भाजपा द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी को के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक का संचालन महामंत्री खिरोधर साहू ने किया।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नारायण चंद्र भौमिक, अमरेंद्र गुप्ता, प्रमंडलीय प्रभारी डॉ. संजय सिंह(पतरातू), वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा सुझाव दिया गया।

जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि 25 दिसंबर को भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है। इस दिन को भाजपाई पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं। यह सौभाग्यवश रविवार को होने की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता को सीधा संदेश देने वाले प्रभावी और लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 96वां एवं वर्ष 2022 के अंतिम संस्करण को प्रत्येक बूथ पर भाजपा द्वारा सुना जाना है।

# खेलकूद से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास : अंचलाधिकारी

## रेनबो स्कूल में वार्षिकोत्सव पर खेल प्रतियोगिता आयोजित, डिफेंस एकेडमी का भी हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत गडलाही स्थित रेनबो स्कूल में वार्षिकोत्सव के अवसर पर खेल प्रतियोगिता सह डिफेंस एकेडमी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस एसोसिएशन हजारीबाग के अध्यक्ष सह पु.नि. सह थाना प्रभारी ललित कुमार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, कोबरा इंस्पेक्टर हिमांशु कुमार, कोबरा इंस्पेक्टर सह पीआरओ पंकज कुमार यादव, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के निर्देशक अनूप कुमार, बरही इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण दुबे, एसडीजीएम एकेडमी के डायरेक्टर महेश गुरनानी, योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा, रेनबो स्कूल के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने संयुक्त रूप से मशाल जलाकर उद्घाटन किया।

वार्षिक खेल कार्यक्रम की शुरुआत के पश्चात रेनबो डिफेंस अकादमी का विधिवत उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन धनंजय कुमार ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस एसोसिएशन हजारीबाग के अध्यक्ष सह पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने कहा कि विद्यालय ने हाल के दिनों में कई आकर्षक कार्यक्रम किए है, जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास हो रहा है। कहा कि खेल जीवन को अनुशासित करता है। हमारे व्यक्तित्व, आत्मविश्वास के स्तर में विकास शारीरिक तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। साथ ही साथ उन्होंने रेनबो डिफेंस अकादमी बरही के लिए भी शुभकामनाएं दी। कोबरा 203 वाहिनी इंस्पेक्टर हिमांशु कुमार ने एकेडमी संचालक की सराहना करते हुए कहा कि उनके इस प्रयास से अधिक से अधिक युवा योग्यता हासिल कर सैन्य सेवाओं में जा सकेंगे। सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजन से बच्चों के लिए जरूरी है। इससे सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों की ओर से प्रस्तुत रंगारंग गीत संगीत कार्यक्रम में आए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मौके पर एसडीजीएम प्रिंसिपल डॉ मनोज कुमार, बरही पश्चिमी पंसस जीतू ठाकुर, केदारुत पंसस विकास सिंह, करियातपुर प्लस टू उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक मुरलीमनोहर प्रसाद, भोला प्रसाद, मोहन प्रजापति, उमेश वर्मा, संजय शर्मा, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका एवं बच्चे उपस्थित रहे।



विद्यालय में कार्यक्रम का उद्घाटन करते अधिकारी।

# जनप्रतिनिधियों ने की मंत्री आलमगीर आलम से मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** जनसंख्या एवं सामाजिक परिवेश को देखते हुए 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा के नेतृत्व में बरही पूर्वी के पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक महाकल्याण समिति के विधानसभा अध्यक्ष मो कयूम ने सूबे के संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास मंत्री सह पंचायती राज मंत्री आलमगीर आलम से रांची स्थित उनके आवास पर मिलकर बरही विधानसभा के विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही विकास कार्य हेतु एक मांग पत्र सौपा।

मंत्री आलमगीर आलम ने विकास कार्यों को जल्द करवाने का निर्देश दिया। 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा ने बरही विधानसभा क्षेत्र के सामाजिक परिवेश की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।वहीं पदाधिकारियों की लापरवाहियों के कारण आमजनों की स्थिति से अवगत कराया। वहीं पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम ने क्षेत्र में खराब पड़े रोड, पानी, बिजली की समस्या के साथ ही बरही प्रखंड के विजैया पंचायत को प्रखंड एवं ओपी निर्माण करवाने का मांग किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विजैया व आसपास के क्षेत्र से प्रखंड मुख्यालय की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है, जिसके कारण आमजनों व वृद्ध लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ जाता है। मंत्री आलमगीर आलम ने समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासन दिया।



मंत्री आलमगीर आलम से मुलाकात करते जनप्रतिनिधि।

# चाइना में बढ़ते कोविड मामले को लेकर जिलावासी रहें सचेत : उपायुक्त

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स स्वास्थ्य व अस्पताल प्रबंधक समिति की बैठक संपन्न

**कोविड नियमों का पालन करने की जिलेवासियों से अपील, सभी चिकित्सा केंद्रों में ऑक्सीजन व बेड सुविधा दुरूस्त करने का निर्देश**



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला टास्क फोर्स स्वास्थ्य एवं अस्पताल प्रबंधक समिति की स्मैक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिले में स्वास्थ्य की सुविधा को बेहतर करने एवं लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। चाइना में कोविड 19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए उपायुक्त ने जिले वासियों को सचेत रहने की सलाह दी। चाइना में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को तैयार रहने का निर्देश । उन्होंने सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी डॉक्टर्स, कर्मियों व एएनएम आदि सभी फ्रंट लाइन वारियर को फिरसे कोविड के सभी नियमों का पालन करते हुए तैयार रहने की बात कही ताकि जिले के किसी भी मरीज को रांची रेफर करने की आवश्यकता न पड़े। अस्पतालों, सीएचसी सेंटर व पीएचसी सेंटर सभी चिकित्सा केंद्रों में ऑक्सीजन सिलेंडर बेड आदि की सुविधा को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने फ्रंट लाइन वारियर सहित सभी जिले वासियों को कोविड के वापस लौट कर आने की संभावना को देखते हुए पुनः मास्क पहने, दो गज की दूरी बनाने, हाथ न मिलाते हुए दूर से नमस्ते करने जैसे कोविड गाइडलाइन का पुनः पालन करने की अपील की।

इसके अलावा उपायुक्त ने सभी सीएचसी सेंटरों में डॉक्टर्स के रहने की तिथि निर्धारित करते हुए केंद्रों में लिखने की बात कही। ताकि मरीजों को पता रहे कब कौनसे डॉक्टर रहेंगे। साथ ही नए डॉक्टर्स की नियुक्ति करने की भी बात कही। उपायुक्त ने कहा अच्छे डॉक्टर्स जो 24 घंटे अस्पताल में रह सके उन्हें जिला प्रशासन की ओर से 2 लाख तक का भी भुगतान किया जा सकता है। उपायुक्त ने कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में किसी भी मरीज को नीचे नहीं सुलाना है। यदि ऐसा केस देखने को मिले तो वहां के बीपीएम इसके जिम्मेदार होंगे , एवं उनपर कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी। बैठक में एसडीओ सदर रवि जैन, सिविल सर्जन राजू कच्छप, एसीएमओ प्रमोद कुमार सिन्हा, डीपीएम,डॉक्टर्स सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## गुमला के रूटीन इम्युनाइजेशन पर डबल्यूएचओ की रिपोर्ट

मीसल्स व रूबेलिया एवं अन्य गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए रूटीन इम्यूनाइजेशन के लिए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण अनिवार्य है। डबल्यू एच ओ की मॉनिटरिंग रिपोर्ट के आधार पर जिले में 0 से 1 वर्ष के 88 प्रतिशत बच्चों को टीका लगाया गया है। वहीं 1 से 2 साल के बच्चों को 58 प्रतिशत टीका लगाया गया है। उपायुक्त ने इस पर गंभीरता दिखाते हुए अभियान चला कर शत प्रतिशत बच्चों को वैक्सीन दिलाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही हेपेटाइटिस बी से बचाव के लिए भी बच्चों को 24 घंटे के अंदर वैक्सीन दिलाने हेतु सभी अस्पतालों को अलर्ट रहने की बात कही। उपायुक्त ने बुखार दाना ( चिकन पॉक्स ) के मरीजों को खोजते हुए उनका इलाज करने पर भी गंभीरता दिखाई। उन्होंने बुखार दाना है खोजना के तहत एक अभियान चलाते हुए मरीजों का इलाज करने का निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

### लिंग आधारित हिंसा को लेकर महिला जागरूकता रैली का आयोजन

**घाघरा।** महिला विकास मंडल एवं प्रदान संस्था घाघरा के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को लिंग आधारित हिंसा को लेकर महिला जागरूकता रैली निकाली गयी। जागरूकता रैली को प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली में महिलाएं हाथों में तख्ती लिए चल रही थी। साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा कि कम उम्र में बेटियों की शादी से परहेज करे। महिलाओं पर हो रही हिंसा के विरुद्ध जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास जारी है। इस दौरान महिलाओं को लिंग आधारित हिंसा के बारे में जानकारी भी दी गई। साथ ही घरेलू हिंसा, बाल विवाह एवं सामाजिक कुरीतिया डायन बिसाही व अंधविश्वास के खिलाफ सबको मिलकर आगे आने को कहा ताकि लोगों के बीच जागरूकता हो। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने कहा कि आज के परिवेश में महिलाएं पुरुषों से कम नहीं हैं। महिलाएं आज पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। महिला आज पूरे क्षेत्र में सभी जगह पर प्रतिनिधित्व कर रही हैं जो प्रेरणा की स्रोत बनी हैं। रैली में महेंद्र महतो एवं महिला समूह की महिलाएं शामिल थी।

### कटर मशीन से काम करने के दौरान मिस्त्री का पैर कटा

**गुमला।** भवन निर्माण की छत्त ढलाई के लिए सेट्रिंग की प्लाई काटने के दौरान धनबाद के छोटा अमोन गांव निवासी मिस्त्री 24 वर्षीय फोटिक गुराई का कटर मशीन से पैर कट गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। पैर में हड्डी तक मशीन से लग जाने के कारण तत्काल प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया।

### कांग्रेस प्रदेश सचिव के समक्ष शिक्षकों ने रखी अपनी समस्या

**गुमला।** झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन झारखंड के महासचिव मंगलेश्वर उरांव, कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार, सचिव जीवननाथ तिवारी, प्रमंडलीय सचिव अवधेश कुमार राम, प्रखंड सचिव गोसाई उरांव और बसंत यादव ने कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी से मुलाकात की और प्रदेश सचिव बनने पर बधाई देते हुए बुके प्रदान किया। इस दौरान शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनका ध्यान आकृष्ट कराया। आशा जतायी कि रमेश कुमार उनकी समस्याओं को उचित पटल पर रखेंगे और निदान की दिशा में प्रयास करेंगे।

## बस पड़ाव में नगर परिषद ने पांच दुकानों को सामान सहित किया सील

### 2008 से नगर परिषद को नहीं दे रहे थे मासिक किराया

**नीलाम पत्र वाद दायर कर होगी वसूली, सील हुई दुकानों का नये सिरे से होगा आवंटन**



दुकानों को सील करते नप के अधिकारी व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** बुधवार को पूर्व निर्धारित योजना के तहत नगर परिषद के द्वारा बस पड़ाव प्रक्षेत्र की पांच दुकानों को सामान सहित सील कर दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर नगर प्रबंधक हेलाल अहमद की अगुवाई में चले इस सीलिंग अभियान में जिन पांच दुकानों को सील किया गया वे मेहताब कुरैशी, शिव शंकर कुमार, रिशु कुमार, जयप्रकाश शाह तथा कृष्णा कुमार के कब्जे में थी। इन कब्जा धारियों ने 2008 के बाद से अभी तक नगर परिषद को मासिक किराया नहीं दिया था। इन सभी दुकानदारों को बार-बार लिखित व मौखिक नोटिस व चेतावनी देने के बावजूद न तो ये लोग दुकान का किराया दे रहे थे और न ही दुकान खाली कर रहे थे। सामान खाली नहीं करने की स्थिति में बुधवार को इन पांचों दुकानों को सील कर दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के लिखित आदेश के बाद मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की मौजूदगी में उक्त सीलिंग की कार्रवाई की गई। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि पिछले दिनों बस पड़ाव क्षेत्र की 40 दुकानदारों को नोटिस देकर दुकानें सील करने की चेतावनी दी गई थी। जिस पर 28 दुकानदारों ने त्वरित पहल करते हुए अपनी राशि जमा कर दी थी। तीन दिन पहले शेष दुकानों को सील करने के आदेश जारी होने के बाद 7 अन्य बकाएदार भी आनन-फानन में राशि जमा कर दिये। किंतु उपरोक्त पांच दुकानों के कब्जा धारी लोगों ने न तो राशि जमा की और ना ही दुकानें खाली की। इस पर बुधवार को सीलिंग की कार्रवाई की गई। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि जिन दुकानों को सील किया गया है उनसे राशि वसूली के उपरांत दुकानों की सील खोलने, सामान निकालने तथा दुकान खाली करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही खाली हुई दुकानों का आवंटन नियम अनुसार नए सिरे से किया जाएगा। या फिर अगली बोर्ड बैठक में जैसा निर्णय होगा उस अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

## संपूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण में ध्यान का सर्वाधिक महत्व : अनिरूद्ध


कार्यक्रम को संबोधित करते अनिरूद्ध चौबे।

### प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय घाघरा में छात्राओं के लिए काउंसिलिंग का आयोजन

**घाघरा।** योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ गुमला और हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के संयुक्त तत्वधान में प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय घाघरा में बुधवार को छात्राओं के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस निमित्त योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ गुमला के अध्यक्ष सह कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि संपूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण में ध्यान का सर्वाधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संसाधन के परिपूर्णता के बाद भी विद्यार्थियों की आम शिकायत रहती है कि ध्यान नहीं लगता। इस विषय पर ध्यान लगाने वाली सभी बातों पर क्रमशः परिचर्चा किया गया। योगासना एवं स्काउट गाइड के माध्यम से विद्यार्थी अनुशासन एवं एकता की पाठ पढ़ सकें। इन की क्लास कराई गई। वहीं हिंदुस्तान स्कॉउट्स एवं गाइड् स्टेट ट्रेनिंग कमिशनर नन्दलाल साहू ने बच्चों को स्कॉउटिंग के उद्देश्यों को बताया। स्कॉउट्स एवं गाइड्स के सर्टिफिकेट महत्व एवं इस में छुपी रोजगार की बातों की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका प्रतिमा कुजुर, नीतू कुमारी, ज्योति कुमारी, अनुराधा बाड़ा, संतोषी कुमारी, नकुल सिंह सहित 300 छात्राएं उपस्थित थी।

## पार्टी में जिनको जिम्मेवारी सौंपी जा रही है, वे ईमानदारी पूर्वक निभाएं : चैतु उरांव

**गुमला।** गुमला प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को स्थानीय परिसदन में प्रखंड अध्यक्ष गुलम सरवर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप ये उपस्थित पार्टी के जिलाध्यक्ष चैतु उरॉव का संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर एवं प्रखंड कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए चैतू उराँव ने कहा पंचायत कमिटी और बूथ कमिटी का विस्तार कर उसे मजबूत करें। जिस पदाधिकारी को जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसका ईमानदारी पूर्वक पालन करें। एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर उसका सहयोग करें। आम आदमी की आवाज बने और लोगों की समस्याओं के संबंध में आवेदन लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारी से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण कराएं। उन्होंने कहा महीने में एक बार कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में ग्रामीण इलाके में जनसुनवाई,स्वास्थ्य शिविर,कानूनी सहायता शिविर कार्यक्रम का आयोजन करें और प्राप्त आवेदनों के आधार पर संबंधित पदाधिकारी से मिलकर उन आवेदनों का निष्पादन करें तभी पार्टी और मजबूत होगी। जल्द पंचायत कमेटी बुथ कमेटी का गठन किया जाना है। सभी मंच मोर्चा का मूल्यांकन, प्रखंड मुख्यालय में कार्यालय ऑफिस खोलने है। बैठक में इरफान, साकिब, एवं मंडल कमिटि के पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्षगण,और सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सांप्रदायिक सदभाव को बनाये रखने के लिए सदभावना मंच का गठन हुआ है : खीस्तोफर

### सर्वधर्म सदभावना मंच द्वारा क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सर्वधर्म सदभावना मंच के द्वारा बुधवार को एराउज के सभागार में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, मंच अध्यक्ष फादर खीस्तोफर लकड़ा व वीजी फादर सुप्रियिन कुल्लू शामिल हुए। मौके पर फादर खीस्तोफर ने कहा कि गुमला जिला में संप्रदायिक सदभाव को बनाये रखने के लिए वर्ष 2014 में सर्वधर्म सदभावना मंच का गठन किया गया था। जिसका उद्देश्य समाज में सौहार्द्र व सदभावना की स्थापना करना है। मंच के द्वारा सामाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देने के लिए हर धर्म के त्योहार में मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। मुख्य अतिथि नप अध्यक्ष दीपनारायण उरांव ने कहा कि क्रिमसस खुशी का त्योहार है। इस पर्व को समाज के सभी लोगों को मिल जुलकर सदभावना पूवर्क मनाना चाहिए। नप उपाध्यक्ष कलीम अख्तर ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हमें उपहार की याद दिलाती है इसलिए समाज के हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वे एक-दूसरे के बीच प्रेम रूपी उपहार को बांटे। वीजी फादर सिप्रियन कुल्लू ने कहा कि धरती पर ईश्वर ने जन्म लेकर पूरे मानव समाज को प्रेम व समानता का पाठ पढ़ाया। ईश्वर ने मानव जाति के उत्थान के लिए अपने पुत्र को धरती पर भेजा। इस अवसर पर रमेश कुमार चीनी, मुरली मनोहर प्रसाद, रंजीत सिंह, पुनई उरांव, सलाउद्दीन अंसारी, अकील रहमान, बीएन पांडेय, पप्पु श्रीवास्तव, रविंद्र सिंह, खालिद शाह, ली ठुन्च, सेत एक्का, फ्लोरा मिंज, जयंती तिर्की, राबर्ट तिग्गा, निर्मल गोयल, अमर टोप्पो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नक्सली संगठन के नाम पर शरात, राजकीयकृत मध्य विद्यालय गोबीटोली के शिक्षकों से मांगी लेवी

## रसोइया पद के चयन में उभरे विवाद के बाद नक्सली संगठन के नाम पर की गयी शरात : थाना प्रभारी

**विद्यालय के शिक्षक भयभीत, तीन दिनों तक स्कूल बंद करने का फरमान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


घटना के बाद शिक्षक व ग्रामीणों के साथ बैठक करते थाना प्रभारी।

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के राजकीयकृत मध्य गोबिटोली के दो शिक्षकों से 15-15 लाख रूपये लेवी की मांग नक्सली संगठन के नाम पर किया गया है। साथ ही तीन दिनों तक स्कूल बंद करने का फरमान जारी किया गया है। संगठन के नाम पर एक चिट्ठी विद्यालय के रसोई रूम में ताला बंद कर छोड़ा गया है जो शायद किसी की शरात लगती है। हालांकि चिट्ठी मिलने से शिक्षकों में भय व्याप्त है। क्योंकि दोनों शिक्षकों व उनके परिवार को पैसे नहीं देने पर जान से मारने की बात लिखी गयी है। घटना की सूचना रायडीह थाना को दी गई। जिसको लेकर बुधवार को थाना प्रभारी अमित कुमार ने ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों व ग्रामीणों के साथ बैठक की और पुलिस सुरक्षा में विद्यालय में पठन-पाठन आरंभ कराया। मालूम हो कि पहाड़ों से घिरे इस विद्यालय में आवागमन की कोई सुविधा नहीं है। खास बात यह है कि यह इलाका नक्सलियों के लिए सेफ जोन के रूप में जाना जाता है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले के छानबीन से पता चला कि विद्यालय में रसोईया पद को लेकर विवाद हुआ था। विद्यालय में पूर्व से रसोईया का काम कर रही महिला के बिहाप में कोई महिला आकर खाना बना रही थी उसे के परिवार के द्वारा विवाद किया गया है। नक्सली संगठन का कोई मामला नहीं है। पुलिस इस दिशा में कार्रवाई कर रही है। शिक्षक बैखौफ होकर बच्चों को शिक्षा दें। बैठक में विद्यालय के शिक्षकों के अलावे ग्रामीण व ग्राम शिक्षा समिति के लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### केंद्रीय विद्यालय में विशेष समुदाय का त्योहार मानने पर भाजयुमो ने जतायी आपत्ति

**लोहरदगा।** जिला भाजयुमो का एक प्रतिनिधिमंडल जिला महामंत्री बाल्मिकी कुमार के नेतृत्व में डीसी डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिलकर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है की जिले के केंद्रीय विद्यालय में एक विशेष समुदाय के त्यौहार बच्चो में दबाव डाल कर मनाया गया। जिला में संचालित केंद्रीय विद्यालय में मंगलवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन परिसर में किया गया। वहीं बच्चों के अभिभावक ने बताया कि सरस्वती पूजा होली की अन्य त्योहार पर मनाने की प्राचार्य ने यह कहकर मना किया कि हम सभी का सम्मान करते है। इसीलिए की उत्सव विद्यालय परिसर में नहीं होगी, परंतु मंगलवार को विद्यालय में एक विशेष धर्म कि शिक्षक की संख्या अधिक है। इसीलिए विद्यालय में उत्सव का आयोजन किया गया और दबाव डालकर विद्यार्थियों को शामिल किया गया। जो शिक्षा के क्षेत्र में यह कार्यशैली अशोभनीय है। ज्ञापन द्वारा मांग की गई है की ऐसे कृतियों को बढ़ावा देने वाले विद्यालय के प्राचार्य पर कार्रवाई की जाए जिससे की लोहरदगा जिला में धार्मिक सद्भावना बनी रहे। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत,राज्यसभा सांसद समीर उरांव और पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह को भी दिया गया है। मौके पर मिथुन तमेड़ा,पप्पू कुमार, जीवन उरांव, यशस्वी ओझा,रोहित साहू आदि मौजूद थे।

### सरकारी कार्यालयों में बकाया बिजली बिल वसूली को लेकर विभाग हुआ सक्रिय

**लोहरदगा।** जिले में बकाया बिजली बिल वसूली को लेकर बिजली विभाग अब सक्रिय नजर आ रहा है। खासकर सरकारी विभागों में करोड़ रुपए बकाया वसूली को लेकर नोटिस देकर जल्द से जल्द बिजली बिल जमा करने को प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।बुधवार को बिजली विभाग के कार्यपालक दीपक खलखो के नेतृत्व में वन विभाग ,नगर परिषद समेत कई सरकारी कार्यालयों में बकाया बिजली बिल के वसूली को लेकर नोटिस थमाया गया।इस संबध में विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक खलखो ने बताया कि जिले में बकाया बिजली बिल को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है ,ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र में 5 हजार से जायदा बकाया होने पर नोटिस के माध्यम से और 10 हजार से अधिक होने पर बिजली कनेक्शन काटने की कार्य किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में लगभग 9 करोड़ रुपया बिजली बिल बकाया है।इसे लेकर सभी कार्यालयों में जाकर बिजली बिल जल्द से जल्द जमा करने को लेकर नोटिस दिया जा रहा है।इस मौके पर सहायक अभियंता सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

### कौशल विकास अनुश्रवण समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास अनुश्रवण एवं कार्यान्वियन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई।बैठक में झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के द्वारा आवंटित संकल्प फण्ड की उपयोगिता के अंतर्गत शॉर्ट टर्म सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम, ब्लॉक लेवल स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप, स्किल अवेयरनेस, प्रशिक्षण संस्थानों का अनुश्रवण, पंचायत स्तर पर काउंसलिंग व मोबिलाइलेशन के लिए लगाये जानेवाले शिविर समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित कार्यक्रम का प्रजेंटेशन प्रस्तुत करने का निर्देश जिला कौशल पदाधिकारी को दिया गया। स्थानीय आर्ट एवं क्राफ्ट, हस्तशिल्प से संबंधित नये कोर्स अंतर्गत टेक्सटाईल डिजाईनिंग ऑन लोकल आर्ट, डोकरा शिल्प, बांस के उत्पाद बनाने की विधि कोर्स की स्वीकृति प्रदान की गई। रोजगार प्राप्त कर चुके स्थानीय अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट के बाद इंटर स्टेट माइग्रेंट एक्ट के अंतर्गत निबंधन कराये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा योजना के तहत प्रखण्डों में सरकारी भवनों को चिन्हित किये जाने की अनुशंसा की गई।

### जिला आपदा प्रबंधन को लेकर डीसी ने की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना अंतर्गत किसानों को राशि भुगतान से संबंधित आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सड़क दुर्घटना में मौत के 03, वज्रपात से 03 मनुष्यों व 01 मवेशी की मौत, सर्पदंश से 01 मौत के मामले में राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में कोविड से मृत व्यक्ति के परिजनों को भी राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

### किस्को में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आज

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आज गुरुवार पूर्वाह्न 11.00 से धुर्वा मोड़ स्थित शेख भिखारी चौक से किसको बाजार स्थित स्वतंत्रता सेनानी वीर बुधु भगत की प्रतिमा स्थल तक भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों, प्रदेश प्रतिनिधि गण, सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, पदाधिकारी, जिला परिषद् अध्यक्ष, सदस्य, सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रमुख, पंचायत चुनाव के सभी समर्थित प्रतिनिधि, एवम समस्त कांग्रेस जनों से आग्रह किया है कि समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### जेंडर अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में लिंग भेदभाव एवं जेंडर समानता अधिकार की दी गयी जानकारी

**सेन्हा-लोहरदगा।** जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत स्थित सीठीयो ग्राम में संचालित राजकीय कृत उच्च विद्यालय प्रांगण में जेएसएलपीएस संस्था के तत्वधान में जेन्डर अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस के आशा देवी,आरती देवी एवं कविता देवी के द्वारा विद्यालय के बच्चों को लिंग भेदभाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए जागरूक करने का कार्य किया गया। साथ ही जेन्डर समानता क्या है और इससे क्या लाभ मिलेगा इसके बारे में भी बच्चों को ज्ञान दिया गया।

### फुड सेफ्टी आफिसर ने प्रतिबंधित पान मसाला को लेकर चलाया छापामारी अभियान

**कुड़ू लोहरदगा ।** एसडीओ अरबिंद कुमार लाल के निर्देश पर बुधवार को फुड सेफ्टी आफिसर राजा कुमार के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के किराना दुकान,पान गुमटी, जेनरल स्टोर सहित अन्य दुकानों मे छापामारी करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित पान मसाला बरामद किया ।बताया जाता है कि एसडीओ अरबिंद कुमार लाल के निर्देश पर फुड सेफ्टी आफिसर राजा कुमार कार्यपालक दंडाधिकारी सन्नी कुमार दास बीडीओ मनोरंजन कुमार सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने शहरी क्षेत्र के बस स्टैंड में आधा दर्जन दुकानों में छापामारी किया । इस छापामारी में विशेष सफलता नहीं मिली, लेकिन शहरी क्षेत्र के एक किराना दुकान तथा स्टोर से छापामारी टीम को पांच बोरा तथा 9 बंडल गुटखा, कुरकुरे तथा चिप्स जिस पर ना तो उत्पादन तारीख था ना ही एक्सपायरी डेट लिखा हुआ था बरामद किया गया। छापामारी मे टीम को थोड़ा विरोध का सामना करना पड़ा इसके बाद पुलिस टीम को बुलाया गया। पुलिस टीम की मौजूदगी में छापामारी शुरू किया गया इसमें भारी मात्रा में प्रतिबंधित पान मसाला जब्त किया गया । बताया जाता है कि फुड सेफ्टी आफिसर तथा कार्यपालक दंडाधिकारी के पान मसाला को लेकर छापामारी की सुचना जंगल में लगी आग की तरह शहरी क्षेत्र में फैल गई। देखते ही देखते शहरी क्षेत्र के किराना दुकान से लेकर जेनरल स्टोर की सभी दुकानें बंद हो गई। दुकान बंद करते हुए दुकानदार आराम करने चले गए।फूड सेफ्टी आफिसर राजा कुमार ने बताया कि एसडीओ अरबिंद कुमार लाल को सुचना मिली थी कि कुड़ू शहरी क्षेत्र के दुकानो में खुले आम प्रतिबंधित पान मसाला बेचा जा रहा है ।एसडीओ के निर्देश पर छापामारी किया गया है । हजारों रुपए की प्रतिबंधित पान मसाला जब्त किया गया है । फुड सेफ्टी 2006 अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### सभी रजिस्टर किसान नजदीकी केंद्र मे ही अपने धान का बिक्री करे : जिप उपाध्यक्ष



**चतरा।** सदर प्रखंड अंतर्गत दारियातु में धान अधिप्राप्ति केंद्र का जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, जिला परिषद सदस्य निशा भारती, बीडीओ गणेश राजेश, डीएसओ सलमान खिजरी, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, गंधरीया मुखिया अनीता यादव, देवरिया पंचायत मुखिया गुड्डू दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने जिले के सभी रजिस्टर्ड किसानो से अपील करते हुए कहा की वह अपने धान केंद्र मे ही बिक्री करे। वही ऐसे किसान जो रिजिस्टर्ड नहीं हुए है जल्द से जल्द अंचल कार्यालय मे सम्पर्क स्थापित कर पंजीकरण कराने की बात कही। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राटने कहा की केंद्र मे सधारण धान का मूल्य 2050 रु प्रति कविंटल एवं ए ग्रेड 2070 रु पति कविंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित है।

### यूपी में करीब चार किलो अफीम के साथ चतरा का तस्कर गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने यूपी के बरेली अफीम की खेप ले जा रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चतरा जिले के राजपुर निवासी चंदन कुमार डांगी के रूप में की गयी है। आरोपी के पास से 80 लाख रुपये की करीब चार किलो अफीम बरामद की गयी है। साथ ही 21 सौ रुपये नगद, दो मोबाईल भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी को फरुर्खाबाद जिले के बरेली इटावा हाईवे पर मदनपुर के पास स्थित काली नदी पुल पर चेकिग के दौरान पकड़ा गया है। मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस को आरोपी ने बताया बरेली स्थित आंवला निवासी किसी गणपति नाम के युवक को अफीम देने जा रहा था। पुलिस को पूछताछ में अन्य आरोपितों के बारे में जानकारी मिली है, जिसकी छानबीन की जा रही है।

### नो पार्किंग जोन से वसूला गया जुर्माना



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर आवागमन को सुगम बनाने हेतु जिले के बजार क्षेत्र में परिवहन विभाग के नेतृत्व में मंगलवार देर शाम जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के क्रम में कुल 10 वाहन नो पार्किंग स्थल पर पाया गया। सभी वाहन चालकों से कुल 6500 रुपया का दंड शुल्क वशुला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में नो पार्किंग में वाहन खड़ा रहने के कारण जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिसके कारण आवागमन में वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस तरह के नो पार्किंग स्थल पर वाहन लगाने वालें चालकों के विरुद्ध लगातार जांच अभियान जारी रहेगी। जांच के क्रम में ट्रैफिक संचालक टेकलाल ठाकुर, मोटर यान निरीक्षक संतोष सोरेन, जिला परिवहन कार्यालय से शशि शेखर, अमित कंसल, धर्मवीर कुमार, रविंद्र कुमार, निखिल कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की गई। बैठक में चतरा जिला के सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत एससी, एसटी, ओबीसी, वर्ग के छात्र छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही अनुमोदन समिति के बैठक में छात्र छात्राओं को लाभ देने हेतु 61376 आवेदन को अनुमोदित किया गया। बताते चले की माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के 29 दिसंबर 2022 को तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एवं मुख्यमंत्री के सम्भावित चतरा आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी एवं मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, छात्रवृत्ति, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य संचालित योजनाओं के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराने को लेकर उपायुक्त अबु इमरान ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण


कंबल वितरण करते समाज के सदस्य।

**गढ़वा।** कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के तत्वावधान में बढ़ते ठंड को देखते हुए अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न चैक चैराहों पर कंबल वितरण किया गया। इस दौरान शहर के रंका मोड़, घंटा घर के सामने, हनुमान मंदिर, बस स्टेशन रोड, गढ़वा रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर असहाय एवं गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि विगत कई वर्षों से समाज के द्वारा कंबल वितरण कार्य किया जा रहा है। कसौधन समाज हर पर जरुरत मंद की सहयोग के लिए तत्पर है। मौके पर सुरेंद्र कश्यप, संतोष कश्यप, मनोज कश्यप, मनीष कश्यप, विवेक कश्यप, आशीष कश्यप, उत्तम कश्यप, अभिषेक कश्यप, राहुल कश्यप, संतोष कश्यप, राजकुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### अमित सिंह की रक्तदान से संभव हो सका बच्ची की आंत का ऑपरेशन


रक्तदान करते अमित सिंह।

**गढ़वा।** कोरवाडीह के युवा समाजसेवी अमित सिंह की रक्तदान के बदौलत सुदुरवर्ती प्रखंड चिनियां की एक बच्ची की फटी आंत का सफल ऑपरेशन हुआ है। यह ऑपरेशन जिले के सुप्रसिद्ध लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ कुमार निशांत सिंह ने किया है। डॉ निशांत सिंह ने झामुमो नेता प्रियम सिंह को जानकारी दी थी कि चिनिया प्रखंड के डोल निवासी राजेश कोरवा की पुत्री की बड़ी आंत फट गई है। उसे तत्काल बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता है। प्रियम सिंह ने उसी वक्त कोरवाडीह पंचायत अध्यक्ष (झामुमो) अमित सिंह से संपर्क किया। अमित सिंह ने बिना देरी किये बच्ची की जान बचाने के लिए रक्तदान किया। उसके बाद डॉ निशांत सिंह ने उस बच्ची की फटी आंत का ऑपरेशन किया एवं उसे मौत के मुंह से बाहर निकाल दिया। मौके पर झामुमो नेता प्रियम सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, नवीन उपाध्याय, शशि कुमार आदि उपस्थित थे।

# कड़ी मेहनत के अधीन होती है लक्ष्य: रमेश घोलप

➲ गढ़वा में फिर से शुरू हुआ क्रिकेट का महाकुंभ


उद्घाटन करते डीसी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज बुधवार को यहां गोविंद इंटर स्तरीय विद्यालय के मैदान किया गया। कोरोना काल के दो वर्ष बाद शुरू हुए क्रिकेट के इस महाकुंभ का उद्घाटन गढ़वा के डीसी रमेश घोलप ने दीप प्रज्वलित एवं बैटिंग कर किया। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों का खूब हौसला बढ़ाया और मेहनत के बदौलत लक्ष्य को अपने कब्जे में करने की प्रेरणा दी। इसके पूर्व मुख्य अतिथि डीसी रमेश घोलप सहित सभी अतिथियों को बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात डीसी ने कहा कि खेल न सिर्फ जीवन की समृद्धि और स्वस्थ्य शरीर के लिए जरूरी है बल्कि यह आपको महान खिलाड़ी बनाता है और आपके नाम से आपके देश, राज्य और शहर को जाना जाता है। समाजसेवी संजय पांडेय ने कहा कि इतना बड़ा प्रतियोगिता गढ़वा जिले के लिए गर्व की बात है। इसे अनन्त काल तक जारी रखने में वह सहयोग करते रहेंगे। उद्घाटन सत्र में इस प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि इस प्रतियोगिता में माध्यम से प्रतिभा का चयन होता है। जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में पूरी पारदर्शिता बरती जाती है। प्रतिदिन पर्यवेक्षक के निगरानी में मैच कराया जाता है। इस प्रतियोगिता का रीढ़ समझे जाने वाले सचिव आनन्द सिंह उर्फ नन्दू भैया ने कहा कि 21 वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह पूरे झारखंड में क्रिकेट का सबसे बड़ा मुकाबला है जिसमें 60 से अधिक टीमें भाग लेती हैं। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी ही जेसीए द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में गढ़वा जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रतियोगिता के अध्यक्ष एमपी केशरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देने की अपील की। इस मौके पर प्रतियोगिता के सह सचिव प्रिंस सोनी, रोहन तिवारी, नन्द कुमार गुप्ता, धनन्जय सिंह, सियाराम शरण वर्मा, जितेंद्र सिंह, अनिता दत्त, सुशील केशरी, सूरज सिंह, जितेंद्र सिन्हा, सिकंदर प्रजापति, अमित कुमार उपाध्याय, मनीष उपाध्याय, नवनीत दुबे, प्रवीण मिश्र, मनोज तिवारी, नवनीत शुक्ला, सूर्य प्रकाश, आदित्य कुमार, रजनीश, आशुतोष रंजन सहित कई गणमान्य, खिलाड़ी और समाजसेवी उपस्थित थे। उद्घाटन मैच ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल बेलचंपा और शांति निवास स्कूल गढ़वा के बीच खेला गया। जिसमें ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा ने शांति निवास को दो विकटों से हरा दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज तिवारी और कमलेश दुबे ने किया।

### भाकपा कार्यकर्ताओं ने रमना ब्लॉक पर दिया धरना


**रमना।** 14 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में बुधवार को भाकपा अंचल कमिटि के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने रमना प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर धरना दिया। धरना के अंत मे बीडीओ ललित प्रसाद सिंह को मांग पत्र सौंपा। इसके पहले अंचल सचिव गोपाल यादव के नेतृत्व सैकड़ों कार्यकर्ता रैली की सकल में सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जहां रैली धरना मे तब्दील हो गया। धरना को संबोधित करते हुए मजदूर नेता गणेश सिंह ने कहा कि देश की सरकार कृषि और किसानों को कारपोरेट के हाथों गुलाम बनाना चाहती है। सरकार कारपोरेट घरानो को आर्थिक मदद पहुंचा रही है। लोग महंगाई, बेरोजगारी से परेशान है। सहारा इंडिया बैंक में 13 करोड़ जमाकर्ताओ की पूंजी फस गई। 12 लाख लोगों का रोजगार छिन गया है लेकिन सरकार सेवी का बहाना बनाकर लोगों को गुमराह कर रही है। धरना को पूर्व जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला, नवरंगी पाल सहित कई अन्य लोगों ने संबोधित किया। धरना के अंत मे 14 सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंपा गया। मौके पर मुन्ना राम, राजकुमार राम, जगमोहन उरांव, अयोध्या यादव, बेबी देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### नियोजन नीति रद्द होने पर बेरोजगार युवकों व छात्रों का गुस्सा उफान पर, निकाली आक्रोश रैली

**कोडरमा।** झारखंड सरकार की नियोजन नीति को हाईकोर्ट से रद्द किए जाने के बाद सरकार के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में बुधवार को झुमरीतिलैया शहर में सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया और रैली निकाली। आक्रोश रैली के माध्यम से छात्रों, बेरोजगारों ने राज्य सरकार से 15 दिनों के भीतर मान्य नियोजन नीति लाने की मांग की। छात्र आक्रोश रैली का नेतृत्व ओल्ड आदर्श कोचिंग के राजेश कुमार, सनी क्लासेज के सनी कुमार, अमित कुमार, दीपू पंडित आदि ने किया। झुमरीतिलैया में छात्र आक्रोश रैली वीर कुंवर सिंह चैक के आगे स्थित सरकारी बस स्टैंड से निकली, जिसमें भारी संख्या में छात्र और बेरोजगार नौजवान शामिल थे। नियोजन नीति के रद्द होने का विरोध और संवैधानिक रूप से मान्य नियोजन नीति को 15 दिनों के भीतर लाने और लागू करने की मांग कर रहे थे। इस आक्रोश रैली के कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई और कई जगहों पर जाम की स्थिती बनी रही। इस दौरान प्रदर्शनकारी राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाते रहे। वहीं राजेश कुमार, दीपू पंडित, रोहित कुमार यादव, संजीव सिंह, अमित कुमार मौर्य, सनी प्रजापति, मिथुन सिंह, आकाश कुमार, वीरेंद्र कराटे, पिंटू कुमार ने छात्र आक्रोश रैली को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## मंत्री के नौका विहार करने के लिए रोका गया हैं अन्नराज डैम का पानी: सत्येन्द्रनाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी।

**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि दो दिन के अंदर अगर अन्नराज डैम का फाटक नहीं खोला गया तो बाध्य होकर आमजनों के साथ मिलकर खुद से फाटक खोल देंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य के सभी जिला अकाल और सुखाड़ की चपेट है। अन्नराज डैम में पानी होने के बाद भी विभाग के अधिकारी स्थानीय विधायक सह मंत्री के निर्देश पर डैम का फाटक बंद कर दिए है। पूर्व विधायक ने कहा कि उन्हें विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि नए वर्ष का जश्न मनाने के लिए मंत्री एक जनवरी को अन्नराज डैम में नौका विहार का आनंद लेने वाले है। उसी के कारण विभागीय अधिकारियों को डैम का फाटक बंद करने का निर्देश दिया गया है। ताकि मंत्री को नौका विहार का आनंद लेने में किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। पूर्व विधायक ने कहा कि अन्नराज डैम पानी के भरोसे गोवावल क्षेत्र के अधिकतर गांव के ग्रामीण गेहूं सहित अन्य फसलों की रोपाई व बुआई कर चुके है। डैम का फाटक बंद होने से हजारों एकड़ भूमि में लगे फसल बर्बाद हो जाएगा। अब अचानक डैम का फाटक बंद करने से किसानों में हाहाकार की स्थिति हो गई है। पूर्व विधायक ने बताया कि अन्नराज डैम का फाटक किस परिस्थिति में बंद किया गया है। इसकी स्पष्ट जानकारी विभाग के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे है। उन्होंने बताया कि वह इस संबंध में विभाग के सहायक अभियंता को दो दिनों के अंदर डैम का फाटक खोलने का अल्टीमेट दिए है। दो दिनों के अंदर अगर डैम का फाटक नहीं खोला गया तो गोवावल क्षेत्र के सभी किसान, रैयत और आमजनों के साथ मिलकर फाटक खोलने पर विवश होंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री को क्षेत्र के आम लोगों से कोई लेना-देना नहीं है।

### भद्रकाली महाविद्यालय परिसर में किया गया स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**इटखोरी।** बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित भद्रकाली महाविद्यालय में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ अन्वेषा ओना, चिकित्सा प्रभारी अशोक कुमार, समाजसेवी देव कुमार सिंह, इंटक नेता पवन कुमार शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुलार हजाम व थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ दुलार हजाम व संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रो ललित मोहन चौधरी किया। कार्यक्रम में जेनरल फिजीशियन डॉ अशोक कुमार, नेत्र सहायक डॉ कृष्ण कुमार एवं मनिला तुर्की, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ विकास कुमार, होम्योपैथी चिकित्सक डॉ क्यू एच खान, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक शंकर चंद्रवंशी द्वारा सैकड़ों छात्र-छात्राए व आसपास के ग्रामीण महिला पुरुष को मुफ्त इलाज किया ही गया। साथ ही उन्हें निशुल्क दवाइयां भी दी गई। बीडीओ अन्वेषा ओना ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। डॉ अशोक कुमार ने कहा कि पौष्टिक खानपान से व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ दुलार हजाम ने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है।

## चतरा कॉलेज के बीएड विभाग में मनाया गया क्रिसमस गैदरिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** चतरा कॉलेज चतरा के बी.एड संभाग में बुधवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चरणी के पास मोमबत्ती जलाकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. पी. रॉय. ने किया। इस कार्यक्रम में बी.एड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह, प्रो. प्रेम बसंत बाखला, डॉ. संजय कुमार, प्रो. ग्लोरिया ग्रेस होरो, प्रो. शोभा कुजुर, प्रो.कंचन सोय मुरूम, प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो.मुमताज अंसारी, प्रो. चंदन कुमार सिंह, डॉ. मनीष दयाल, डॉ. मुकेश झा, डॉ. एल्विन बाखला, प्रो. अतुल अनुराग तिर्की, मारवाड़ी कॉलेज बॉयज,रांची के पॉलिटिकल साइंस की विभागाध्यक्षा प्रो. बहालेन होरो बाखला एवं कॉलेज के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। मंच का संचालन प्रिंस जॉय खलखो एवं अमिता कुजुर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रभु यीशु की प्रार्थना एवं उनके संगीत के माध्यम से सभी को क्रिसमस संदेश दिया गया।प्रथम वक्ता के रूप में बी.एड. विभाग के प्रो. प्रेम बसंत बाखला ने क्रिसमस संदेश देते हुए सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं एवं नए साल की बधाईयां दी तथा सभी को इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया।प्रो. ग्लोरिया ग्रेस होरो ने अपने वक्तव्य में ईसाइयों का प्रमुख त्योहार बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि यीशु के जन्म के खुशी में यह त्योहार मनाया जाता है ताकि लोग अपने भोग विलास में पड़े हुए जीवन को त्याग कर एक नए साल की शुरूआत अच्छे से करें। साथ ही उन्होंने यीशु मसीह के जन्म की सारी बातों को विस्तार पूर्वक बताया। प्रो. बहालेन होरो बाखला ने अपने वक्तव्य में सभी धर्मों से ऊपर उठकर मानवता को महान बताया एवं क्रिसमस गैदरिंग की अनंत शुभकामनाएं तथा बधाइयां दी। मंच पर मंचासीन सभी विद्वानों ने अपने अपने वक्तव्य के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म के बारे में प्रकाश डाला एवं उनके महानतम गुणों तथा मनुष्य के उद्धार को लेकर अपने जीवन को त्याग करने के बारे में भी बताया। क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम में अनेक रंगारंग कार्यक्रम किए गए जो प्रभु यीशु से जुड़े रहे,साथ ही झारखंडी नागपुरी नृत्य प्रस्तुत किए गए।

### बिजली चोरी मामले में सात पर कार्रवाई

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र में बिजली चोरी करने की सूचना पर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार विद्युत चोरी रोकथाम के लिए कनीय अभियंता कमल कुमार ने बिजली चोरी के आरोप में स्थानीय थाना में सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र निवासी गोविंद सोनी के पुत्र लव कुमार सोनी, रामचंद्र प्रसाद के पुत्र अजय कुमार, इनर साह के पुत्र संजय कुमार, कृष्णा साह के पुत्र सुदर्शन गुप्ता, सूर्यदेव सिंह के पुत्र जितेंद्र सिंह, स्व. बंधु पाठक के पुत्र अखिलेश पाठक एवं राज किशोर दुबे के पुत्र ऋषि कुमार दुबे का नाम शामिल है। प्राप्त सूत्रों से जानकारी के अनुसार बिजली का बकाया बिल रहते हुए लोग मीटर से बाईपास कर चोरी करते हुए बिजली उपयोग करने का आरोप सिद्ध हुआ है। लोगों के ऊपर सात हजार 800 से लेकर 30 हजार रुपए तक बिजली बिल बकाया है। जानकारी देते हुए कनीय अभियंता ने बताया कि बिजली चोरी की गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाई गई। जिसमें सात लोगों को बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा गया और सभी लोगों के खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिजली बिल अधिक बकाया ना रहे ससमय बिजली बिल भुगतान करें। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई बिजली चोरी करते हुए पकड़े जाते हैं तो बकाया बिल वसूलते हुए उनके खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 138 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता की हत्या मामले में पति व सास को 12 वर्ष की सजा

➲ जिला जज द्वितीय की अदालत ने सुनाई सजा


➲ वर्ष 2019 में मृतका का हुई थी शादी

➲ विवाह के बाद अपाची मोटरसाइकिल और एक लाख अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर कर रहे थे प्रताड़ित

**कोडरमा।** दहेज हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत पूतोडीह, ऊपर टोला निवासी और मृतका कविता कुमारी के पति वरुण कुमार पिता लालमणि प्रसाद यादव और सास सरिता देवी पति लालमणि प्रसाद यादव धारा 304इ/34 में दोषी पाते हुए, बुधवार को 12-12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मृतका कविता कुमारी के भाई निरंजन कुमार पिता सुरेंद्र प्रसाद यादव ने सतगावां थाना कांड संख्या 61/21 में दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था, दर्ज मामले में उसने कहा था कि उसकी बहन कविता कुमारी का विवाह वर्ष 2019 में पूतोडिह सतगावां निवासी वरुण कुमार पिता लालमणि प्रसाद यादव के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुआ था, विवाह के समय मैं अपने बहनोई को उपहार स्वरूप 3 लाख 51 हजार नगद, लगभग दो लाख का जेवर और फ्रिज, कूलर, टीवी, गोदरेज, पलंग व अन्य सामान दिया था, शादी के कुछ दिनों तक सब कुछ ठीकठाक रहा, उसके बाद मेरी बहन को उसके ससुराल वाले ससुर लालमणि प्रसाद यादव, सास सरिता देवी और बहनोई वरुण कुमार तीनों मिलकर मेरी बहन पर दबाव बनाते हुए एक लाख अतिरिक्त दहेज और अपाची मोटरसाइकिल की मांग करने लगे, इसकी सूचना मेरी बहन ने फोन पर दी, जिसके बाद मैं और मेरे पिता बहन के ससुराल गए और गरीबी का हवाला देते हुए अतिरिक्त दहेज देने से असमर्थ होने की बात कही, जिसके बाद मेरी बहन को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर बराबर प्रताड़ित किया जाने लगा, यहां तक कि मेरी बहन को खाना और कपड़ा देना भी बन्द कर दिया गया, जिसके बाद मेरी बहन ने इसकी शिकायत सतगावां पुलिस से की, जहां आगे से प्रताड़ित नही करने की समझौता उसके ससुराल वालों ने किया, कुछ दिनों तक ठीकठाक रहने के बाद पुनः दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे, तब मेरे द्वारा मजबूर होकर बीते 20 जुलाई 2021 को अपने बहनोई को नगद 27 हजार रुपये दिए, उसके बाद दिनांक 21 जुलाई 2021 की रात्रि को मेरी बहन के ससुर, सास और पति तीनों मिलकर मेरी बहन के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और कमरे में ले जाकर गला घोंट कर हत्या कर दिया। आरोपी वरुण कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। न्यायालय की अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक बलिराम सिंह ने 6 गवाहों का प्रतिपरीक्षण कराया और न्यायालय से आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त सजा की मांग की, जबकि बचाव पक्ष से अधिवक्ता नवल किशोर ने 4 गवाहों का परीक्षण कराया।

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की हुई समीक्षा



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और जिला योजना द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत पूर्व में योग्य लाभुकों को दिए गए लाभ और वर्तमान में लाभ लेने को लेकर प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए डीसी श्री रंजन ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए प्रत्येक प्रखंड में एक एक अधिकारी व कर्मी को टैग करते हुए प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने, जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत जिले में लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, डीटीओ भगीरथ प्रसाद, डीब्लूओ नीली कुजूर, डीपीओ खोपलाल राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. राम सरीख प्रसाद आदि मौजूद थे।

### विधानसभा में पंचायत स्वयं सेवकों के लंबित मानदेय का मामला विधायक ने उठाया



**कोडरमा।** विधानसभा सत्र के दौरान कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने पंचायत स्वयं सेवकों के लंबित मानदेय का मामला उठाते हुए कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने को लेकर वर्ष 2016 में राज्य के सभी पंचायतों में पंचायत स्वयं सेवकों को नियुक्त किया गया था, परंतु 6 वर्षों के सेवाकाल में इन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में ही भुगतेय है तथा इनकी सेवा आज तक अस्थायी है, जबकि राज्य के 18 हजार पंचायत स्वयं सेवक सरकार के विभिन्न कार्यों में अपनी सेवा देते आ रहे है। विधायक ने सभी पंचायत स्वयं सेवकों को प्रतिमाह मानदेय देने और उनकी सेवा 60 वर्ष के लिए स्थायी करने की मांग की है।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा में सेमिनार आज

**कोडरमा।** पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विज्ञान और इंजीनियरिंग में गणितीय मॉडलिंग के लिए संगणना पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज सुबह 11 बजे से किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर उपायुक्त आदित्य रंजन मौजूद रहेंगे। उपर्युक्त जानकारी कॉलेज के प्राचार्य सह चेयरपर्सन राजेश कुमार ने दी।


### युवक की मौत, प्रेम प्रसंग में हत्या का आरोप

**कोडरमा।** थाना अंतर्गत चांदेडीह, बेकोबार का रहने वाला मो. अख्तर का शव उसके ही घर से बरामद किया गया। मृतक का छोटा भाई मो. मुस्ताक के अनुसार वह जब पढ़कर घर आया तो देखा कि मो. अख्तर बिस्तर पर पड़ा हुआ है, गर्दन पर रस्सी का निशान हैं और उसकी मौत हो गई है। जिसके बाद हल्ला करने पर ग्रामीण जुटे। वहीं उसने बताया है कि घर में 4 लोग रहते हैं माता-पिता और एक छोटा भाई। मो. अख्तर केरल में नौकरी करता था और 19 दिसंबर को कोडरमा आया था और आज ही वापस केरल जाने वाला था, दोपहर 12 बजे घर में ही उसका शव मिला। वहीं पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को सदर अस्पताल भेजा एवं अंत्यपरीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि मो. अख्तर गांव का ही एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसमें दोनों परिवार में कई बार विवाद भी हुआ है। उन्होंने साजिश के तहत इसे केरल से बुलाया और उसकी हत्या कर दी। मृतक अख्तर के पिता असीम मियां ने कोडरमा थाना में आवेदन दिया है, जिसमें 65 वर्षीय मंजुल मियां, 35 वर्षीय अब्बास अंसारी, 35 वर्षीय कयूम अंसारी को नामजद किया है। खबर लिखे जाने तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पायी थी।

### चोरी की ट्रैक्टर के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए बीते 17 दिसंबर को टीवीएस शो रुम के समीप चोरी हुई एक ट्रैक्टर को खरकोट्टा स्थित सुवरलेटी जंगल से बरामद किया। पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर को तीन दिन के भीतर बरामद किया। चोरी के मामले में तीन अभियुक्तों जिसमें सुबोध यादव पिता स्व डोमन यादव, सतगांवा निवासी, विशाल कुमार पिता बिनेश्वर मांझी व सन्नी कुमार पिता महेश चैधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान, एसआई विनय कुमार, एएसआई इसराज अहमद, सतबीर सिंह आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि डोमचांच थाना क्षेत्र में आए दिन चोर चोरी की घटना को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास



**कोडरमा।** मुख्यालय स्थित जेल के समीप आशीर्वाद नेटवर्क फाइनेंस में कार्य कर रहे बानो बरही जिला हजारीबाग निवासी 20 वर्षीय अंशु कुमार पिता रामानुज सिंह कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक आशीर्वाद नेटवर्क फाइनेंस के कार्य से लरियाडीह गया हुआ था। युवक ने बताया कि किसी बात को लेकर मैं डिप्रेशन में था। जिसके बाद गुस्से में आकर मैंने चूहा मारने वाला दवा खा लिया। वहीं तबीयत बिगड़ने पर सह कर्मियों द्वारा युवक को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### तिलैया में अंडरपास नहीं बनाने पर होगा आंदोलन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के वार्ड नंबर 8 और 28 के बीच रेलवे लाइन बिछायी गयी, जिससे यह क्षेत्र दो भागों में बंटा हुआ है। एक ओर दुर्गा मंडप, तो दूसरी ओर श्मशान घाट है। इस स्थान पर पहले रेलवे क्रॉसिंग थी, जिसे बाद में रेलवे द्वारा बंद कर दिया गया है। वहीं केंद्र सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट फ्रेट कॉरिडोर बनने की वजह से रेलवे लाइन के बाहर सीमेंट की चहारदीवारी खड़ी की जा रही है। ऐसे में लोगों को एक ओर से दूसरी आने जाने में एक छोर से दूसरे छोर तक जाना पड़ता है। वहीं वार्ड पार्षद उमा देवी, बलराम यादव, पंकज पंडित, सूर्यदेव मोदी, भोला पंडित, किशोर पंडित, पवन पंडित, टुकलाल पंडित, संजय राणा, पप्पू यादव ने रेल प्रशासन से दोनों वार्ड के बीच अंडरपास बनाने की मांग की है, ताकि आने-जाने में सहूलियत हो और रेलवे लाइन पार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन चलाने को बाध्य होंगे।

### अनुबंध कर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर किया कार्य


काला बिल्ला लगाये कर्मी।

भवनाथपुर। झारखंड स्वास्थ्य कर्मचारी कल्याण संघ के आह्वान पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अधीन कार्यरत अनुबंध कर्मियों को नियमित करने संबंधी विभागीय उदासीनता के विरुद्ध पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में कार्यरत सभी अनुबंध कर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर कार्य किया। कर्मियों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड की गठन वर्ष 2005 के बाद से ही भारत सरकार तथा झारखंड सरकार द्वारा शुरू किये जाने वाले सभी प्रकार के स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सुचारू रूप से क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण में एएनएम, जीएनएम, आयुष चिकित्सक, कार्यक्रम प्रबंधन इकाई एवं अन्य अनुबंध पर कार्यरत हम सभी अनुबंध कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर कुल लगभग 10 हजार कर्मी अनुबंध पर कार्यरत हैं। वर्तमान में हम सभी कर्मियों की उम्र सीमा समाप्त हो गई है। हम सभी कर्मियों ने विभाग अंतर्गत रिक्त पदों के विरुद्ध योग्यतानुसार समायोजित करने की अनुरोध बारंबार किया जाता रहा है, लेकिन विभाग द्वारा उदासीन रवैया अपनाते हुए कोई भी करवाई नहीं की गई। जिससे हम सभी अनुबंध कर्मी हतोत्साहित है। मौके पर आयुष डॉ नीतीश भारती, निशंक निश्रम, लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, नेत्र सहायक सोनी कुमारी, एएनएम रानी कुमारी, अंजु कुमारी आदि कर्मी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पीड़ित परिवार से मिले रामनिवास पाठक



**पलामू।** जिले के तरहसी प्रखंड के छेचानी में कुछ दिन पहले दो नाबालिग आंगनबाड़ी छात्रा गर्म माड़ से झुलस गये थे, जिनकी इलाज के दौरान रिम्स (रांची) में मौत हो गयी थी। इसे लेकर भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के लातेहार जिला संयोजक सह पत्रकार रामनिवास पाठक ने परिजनों से उनके घर जाकर मुलाकात की। उन्होंने प्रखंड और जिला प्रशासन की अब तक की कार्रवाई और सहायता के बारे में जानकारी ली। साथ ही हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने परिजनों को कंबल, कक्षा दो में पढ़ने वाली 8 साल की बेटी के लिए पाठ्य सामग्री, खाद्य सामग्री दी।

### सुगना में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सगुना में धान क्रय केंद्र खुला। उद्घाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, जिप सदस्य संग्राम सिंह एवं सगुना मुखिया मंजु देवी ने किया। मौके पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को धान बेचने में आसानी होगी। केंद्र के प्रोपराइटर अजय सिंह ने बताया कि सगुना में धान क्रय केंद्र खुल जाने से सगुना के आस पास के किसानों को सुविधा मिलेगी। मौके पर पंकज पांडेय, अनील सिंह, सुभाष सिंह, संजीव सिंह, सतेन सिंह, सचिव सिंह, सुरेंद्र सिंह, रंजीत सिंह उपस्थित थे।

### बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन ने बांटे कंबल



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड के डुमरी में रामलाल राम शिक्षक की माता स्व मूर्ति कुंवर के श्राद्ध कार्यक्रम में बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता शामिल हुए। श्री मेहता ने उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर श्राद्ध में गरीब, असहाय व जरूरत लोगों के बीच कंबल बांटा। मौके पर पूर्व बसपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुहैल हुक्क, छतरपुर-पाटन विधानसभा संयोजक अजय राम, हरिहरगंज-नौडीहा बाजार के प्रखंड अध्यक्ष अमित यादव, बेला अंसारी, बसपा के वरिष्ठ नेता अमिनूदीन अंसारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार, नितीश कुमार, महिला प्रखंड अध्यक्ष अंजू देवी, पूनम बौद्ध, पूर्व मुखिया सुनैना देवी, कुंदन कुमार मौजूद थे।

### कांग्रेस ने किया नये डीडीसी का अभिनंदन



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में जिले के कांग्रेसियों ने पलामू के नवनियुक्त डीडीसी सह नगर निगम आयुक्त रवि आनंद से औपचारिक मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता देखकर उनका जिला में स्वागत एवं अभिनंदन किया। बिट्टू पाठक ने कहा कि सरकार की सभी विकास योजनाएं आम आदमी तक पहुंचे। इसे लेकर नये डीडीसी से पलामू की जनता को काफी उम्मीद है। मौके पर प्रदेश के सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, शमीम अहमद राइन, सुधीर चौबे, एजाज अहमद खान, सत्येंद्र सिंह, चिंतामणि तिवारी, अजय साहू, उदय सिंह, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना खान, देवांश शुक्ला, राजेश चौरसिया आदि थे।

### युवक ने घर में लगायी फांसी, मौत



**मेदिनीनगर।** थाना क्षेत्र के शांतिपुरी निवासी सिकंदर उर्फ सीकम सिंह के पुत्र विकास (39) ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण मेडिकल कॉलेज में कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। इधर, परिजन आत्महत्या के मामले में कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे हैं।

### पीड़ित परिवार से मिला प्रतिनिधिमंडल



**रामगढ़/ पलामू।** झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के निर्देश पर झामुमो पलामू की ओर से एक प्रतिनिधि मंडल झामुमो नेता सन्नी शुक्ला के नेतृत्व में भंडरिया में तेंदुआ हमले में पीड़ित परिवार से मिला। कुछ दिन पहले राजेंद्र तुरी के 6 वर्षीय पुत्र की मौत तेंदुआ के हमले में हो गई थी। सन्नी शुक्ला ने परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख को घड़ी में झामुमो परिवार आपके साथ खड़ा है। परिवार को जल्द मुआवजा मिले और ग्रामीण चैन से अपना काम कर सकें, इसके लिए झामुमो प्रयासरत है। प्रतिनिधि मंडल में रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष उदय भुइयां, सचिव जिब्राइल अंसारी, अफजल अंसारी, राकेश सोरेन मौजूद, हिंदू मुंडा थे।

### भाजयुमो ने फूंका गठबंधन सरकार का पुतला



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू ने युवा विरोधी झामुमो-कांग्रेस-राजद की ठगबंधन वाली हेमंत सरकार का पुतला फूंका। पूर्व की रघुवर सरकार में पारित नियोजन नीति को रद्द कर अपनी नियोजन नीति बनायी, जिसे हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया। यह राज्य के युवाओं के हित में उचित नहीं है। मुख्यमंत्री ने सस्ती लोकप्रियता बटोरने के लिए राज्य के हर वर्ग के साथ छलावा करना राज्य के विकास को गर्त में धकेल रहा है। राज्य अब भगवान भरोसे ही है। कार्यक्रम में मनोज सिंह, अविनाश वर्मा, विजय ओझा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, श्वेतांक गर्ग, रोहित शर्मा, रोहित पाठक, छोटू सिंहा, विशाल दुबे, प्रिंस सिंह, राहुल पांडेय, सौरभ पांडेय, राहुल अग्रवाल, अमन सिंह, रंजीत गिरी, विशाल कुमार, विवेक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विस्थापितों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ढाब में एनएच 98 फोरलेन निर्माण के विस्थापित रैयतों का धरना व भूख हड़ताल जारी है। इसके समर्थन में ढाब, बिजनीवार, सिमरवार, चौखटवा, जहाना तथा कौवाखोह आदि पर दुकानदारों ने अपनी दुकान प्रतिष्ठान बंद कर उनकी मांग पर सहमति जताई है। मंगलवार की रात ग्रामीणों ने मशाल जुलूस निकाला। ग्रामीणों के समर्थन में कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी खुलकर सामने आ रहे हैं।

# विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल दे रहा है केंद्रीय पुस्तकालय : आयुक्त

- पुस्तकालय में पुस्तकों की उपलब्धता से विद्यार्थियों को फायदा
- आयुक्त ने केंद्रीय पुस्तकालय का किया भ्रमण, शैक्षणिक गतिविधियों की ली जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आयुक्त जटाशंकर चौधरी ने बुधवार को पलामू के साहित्य समाज चौक के समीप स्थापित केंद्रीय पुस्तकालय का भ्रमण किया। उन्होंने यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही उनकी समस्याएं जानी। जिला शिक्षा पदाधिकारी से दूरभाष पर बातचीत कर विद्यार्थियों के अध्ययन की सुविधा हेतु पुस्तकालय में मूलभूत सुविधा बढ़ाने का निदेश दिया।

### आयुक्त ने ली शैक्षणिक माहौल की जानकारी



उन्होंने कहा कि केंद्रीय पुस्तकालय को व्यवस्थित किये जाने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल पा रहा है। यहां प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने वाले के साथ-साथ अन्य सुधी पाठकों का आना जाना शुरू हुआ है। उनके लिए और भी सुविधाएं बढ़ाई जा रही है, जिससे यहां के लोगों को फायदा हो। आयुक्त ने लाइब्रेरी में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनके पढ़ाई एवं पुस्तकालय के शैक्षणिक माहौल की जानकारी ली। साथ ही लाइब्रेरी से संबंधित उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि यहां शिक्षा का बेहतर माहौल मिलेगा। उन्होंने तत्काल 200 नए कुर्सियों की व्यवस्था करने एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़े 35 कुर्सियों को ठीक करवाते हुए विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु बैठने की सुविधा कराने, पेयजल की व्यवस्था के लिए समरसेबल मोटर लगाने, पुस्तकालय को वाईफाई जोन बनाने आदि व्यवस्था 15 दिनों के अंदर सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। उन्होंने खराब पड़े 35 कुर्सियों को 3 दिनों में ठीक कराते हुए विद्यार्थियों के लिए लगवाने एवं लाइब्रेरियन से विद्यार्थियों के मांग के अनुरूप नए-नए पुस्तकों की सूची तैयार कर खरीदवाने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिले इसके लिए पुस्तकालय में संसाधन एवं मानव संपदा उपलब्ध कराया गया है।

# पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में उठाया दुष्कर्म का मामला

- जिले के तरहसी प्रखंड की नाबालिग और दिव्यांग बच्ची के साथ हुआ था दुष्कर्म

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार ने गलत नियोजन नीति बनाकर राज्य के युवाओं को ठगने का कार्य किया है। सरकार की अकर्मण्यता और ठग नीतियों के कारण राज्य के युवाओं का भविष्य अंधेरे में है। झारखंड के युवाओं के साथ अन्याय किसी भी हाल में बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होंने विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान तरहसी प्रखंड के पाठकपगार पंचायत के ग्राम लालगड़ा बेलाई में दिव्यांग एवं नाबालिग बच्ची के साथ मंदीप पासवान पिता बीरेंद्र पासवान ने तीन दिसंबर को दुष्कर्म जैसी वीभत्स घटना को अंजाम दिया था। परंतु थाना प्रभारी जांच के नाम पर पीड़िता एवं परिवार को टहलाते रहे। राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों का दबाव पड़ने पर पांच दिसंबर को प्राथमिकी दर्ज की गयी।

### पीड़िता के पिता-भाई के साथ मारपीट भी की



उन्होंने कहा कि बलात्कारी युवक, उसके पिता और रिश्तेदारों के द्वारा पीड़िता के पिता, भाई, भाभी के साथ मारपीट कर उन्हें प्राथमिकी दर्ज कराने से रोकने का प्रयास किया गया। इस घटना में पीड़िता के पिता, भाई, भाभी घायल हो गये थे। उल्टा भुक्तभोगियों पर फर्जी केस भी किया गया। इस पूरे प्रकरण में थाना प्रभारी तरहसी की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है। उन्होंने इस गंभीर मामले को झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन शून्यकाल में उठाकर सरकार से अविलंब थाना प्रभारी तरहसी को निलंबित करने एवं मामले की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए फास्टट्रैक कोर्ट में स्पीडी ट्रायल कराकर दोषी को फांसी की सजा दिलाने की मांग को उठाया। साथ ही भुक्तभोगियों पर दबाव बनाने के उद्देश्य से किये गए फर्जी केस को भी खारिज किये जाने का मांग को सत्र में उठाया।

# पलामू उपायुक्त ने जानी क्षेत्र के मतदान केंद्रों की हकीकत

**मतदाता सूची पुनरीक्षण**

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने फोटो युक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नावा बाजार के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ नावाबाजार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत नावा बाजार के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नावा बाजार प्रखंड के सुपर चेकिंग कार्य के तहत रजहारा, बसना, ईटको, कुंभीकला, रबदा एवं कंडा में अवस्थित मतदान केंद्रों पर विभिन्न प्रपत्रों यथा प्रपत्र 6,7,8 की गुणवत्ता एवं शुद्धता की जांच की। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री दोड्डे ने उपस्थित मतदाताओं से उनके द्वारा समर्पित आवेदन पत्र के संबंध में जानकारी ली गयी साथ ही बीएलओ एवं सुपरवाइजर के द्वारा निष्पादित प्रपत्रों के सत्यापन प्रक्रिया के संबंध से भी अवगत हुए। इस दौरान मतदान केंद्र संख्या 325 की आवेदिका पूजा देवी द्वारा प्रपत्र 6 के साथ आवश्यक दस्तावेज स्पष्ट नहीं होने के कारण पुनः उसका उम्र एवं पता का अनुलग्नक प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह मतदान केंद्र 347 में आवेदक मुकेश कुमार राम के द्वारा समर्पित आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि एवं प्रपत्र छह में दर्ज जन्म तिथि में भिन्नता पायी गयी, यहां भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित बीएलओ को उचित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

### चेचरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण



उपायुक्त ने क्षेत्र सत्यापन के दौरान चेचरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, ड्रेस वितरण एवं मिड डे मील का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य ने उपायुक्त को विद्यालय की अद्यतन स्थिति बतायी। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, नावा बाजार के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ अमीर हमजा, निर्वाचन कार्यालय के शशिमोहन समेत संबंधित मतदान केंद्रों के मतदाता, सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित थे।

# सीएस का मिला आदेश, हैदरनगर में अब शुरू हो जायेगी आपातकालीन सेवा

- विधायक कमलेश सिंह के प्रयास से मिली विस क्षेत्रवासियों को सफलता
- पीएचसी में इमरजेंसी सेवा नहीं रहने से होती थी लोगों को परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर में आपातकालीन सेवा शुरू कराने का निर्देश अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक को पलामू के सीएस ने दिया है। उन्होंने जल्द आपातकालीन सेवा शुरू कराकर सूचित करने की बात कही है। मालूम हो कि पिछले दिनों क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक कमलेश कुमार सिंह को हैदरनगर के ग्रामीणों ने हैदरनगर पीएचसी में आपातकालीन सेवा नहीं रहने से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया था।

### हैदरनगर प्रखंड की जनता को अब मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा



उन्होंने आपातकालीन सेवा शुरू कराने का निर्देश पलामू के सिविल सर्जन को दिया था। पलामू के सिविल सर्जन विजय कुमार सिंह ने पत्रांक 3414 दिनांक 19 दिसंबर के माध्यम से अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक को हैदरनगर पीएचसी में आपातकालीन सेवा शुरू कराकर सूचित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने लिखा है कि उपलब्ध संसाधन में ही हैदरनगर पीएचसी में आपातकालीन सेवा शुरू करना सुनिश्चित करें। ताकि हैदरनगर प्रखंड की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा सके।

# बीस सूत्री समिति की बैठक में विभागवार की गयी समीक्षा

›› अनुपस्थित बिजली विभाग के पदाधिकारी से मांगा गया स्पष्टीकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सभागार में 20 सूत्री समिति की बैठक की गई। जिसमें सभी विभागों का बारी बारी से समीक्षा किया गया। जिसकी अध्यक्षता तेजू साहू ने की। समीक्षा बैठक में सभी विभागों की बारीकी से प्रखंड स्तरीय विकास कार्य योजनाओं के प्रगति के संबंध में 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक द्वारा जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही बिजली विभाग के लापरवाही पर नाराजगी जताई गई। भविष्य में सुधार की चेतावनी दी गयी। बैठक में अनुपस्थित बिजली विभाग के पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई। अंचल विभाग की समीक्षा के क्रम में अंचलाधिकारी को बताया गया ऑनलाइन संबंधित समस्याएं हैं इसे सुधार किया जाये। बेवजह पब्लिक को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# हुसैनाबाद : वार्ड तीन के पार्षद ने की शीघ्र फॉगिंग मशीन चलाने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- शहर में मच्छरों के प्रकोप से डेंगू की आशंका तेज



**हुसैनाबाद पलामू।** जिले के हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में इन दिनों जहरीली मच्छरों की प्रकोप तेज हो गयी हैं जिससे क्षेत्र में डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी बढ़ने की संभावना बढ़ गई है। वहीँ नगर क्षेत्र वार्ड नम्बर 3 के पार्षद राजेन्द्र पाल ने अपने कार्यपालक को पत्र लिखकर फॉगिंग मशीन चलाने की मांग की है। श्री पाल ने बताया कि अभी दो वर्ष से लोग कोरोना जैसे वैश्विक महामारी से परेशान थे वहीं अभी पुनः केंद्रीय स्वस्थ्य विभाग एवं सरकार का निर्देश हैं की कोरोना का नया वेरिएंट सारस-2 जापान, अमेरिका, कोरिया, ब्राजील और चीन में तेजी से फैल रहा है। भारत के सभी राज्यों को कुछ निर्देश दिए गए हैं। वहीँ शहर में मच्छरों की अत्यंत इस बार बढ़ोतरी और वार्ड क्षेत्र जगह जगह पर लगी गंदगी का अंबार तो इस बीमारी को उर्वरक जैसा फायदा पंहुचा रहा हैं ऐसे में हम जनप्रतिनिधियों से जनता रोज मांग करती हैं। नगर पंचायत कार्यालय में लाखों रुपये से खरीदारी की गई मशीन और कैमिकल शोभा के वस्तु बनकर रह गये हैं।

### मनातू : प्रमुख ने विसपुते का किया अभिनंदन



**मनातू पलामू।** प्रखंड प्रमुख गीता देवी ने नवनियुक्त आईएएस विसपुते श्रीकांत से औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने प्रखंड कार्यालय ऑफिस में गुलदस्ता देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर पूर्व जिप प्रत्याशी शशि भूषण कुमार एवं अरविंद यादव ने भी भेंट कर स्वागत किया। भेंट के बाद आईएएस विसपुते एवं प्रमुख ने मनातू स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान हॉस्पीटल की कमियों को दूर करने की बात कही।

### आकलन सतत अधिगम को करती है प्रेरित : अभिषेक



**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा पलामू में मासिक परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा ग्यारहवीं तथा बारहवीं के सभी विद्यार्थियों मे सीखने और पढ़ने की समझ को बेहतर करने के उद्देश्य से विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी के द्वारा विज्ञान संकाय में अध्ययनरत भौतिक शास्त्र भाग एक के पूर्ण पाठ्यक्रम से मासिक परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के संबंध में श्री तिवारी ने बताया कि आकलन सतत अधिगम को प्रेरित करता है छात्रों में अच्छा व्यवहार और बेहतर शिक्षा का समावेश करना आकलन का उद्देश्य है वहीं उन्होंने कहा कि परीक्षा का आयोजन ओएमआर शीट के साथ पाठ्यकर्म के अनुरूप किया गया है। यह परीक्षा 50अंको की थी जिसमें प्रायोगिक परीक्षा के लिए भी मानदंड तय किए गए थे। विक्षण का कार्य सहयोगी शिक्षको द्वारा किया गया।

### जरूरतमंदों के साथ सदैव खड़ा है संत मरियम




**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के ग्राम भड़गावां निवासी अजय राम की बेटी सुप्रिया कुमारी गंभीर बीमारी दिल में छेद से काफी लंबे समय से ग्रसित है। पूर्व में सुप्रिया अपने अभिभावक के साथ संत मरियम स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव से आर्थिक सहयोग हेतू मुलाकात की थी। अविनाश देव ने उन्हें मदद का भरोसा दिया था जिसे आज पूरा करते हुए उन्होंने बच्ची के मां को आर्थिक सहायता प्रदान किया। मौके पर श्री देव ने कहा कि जब कोई व्यक्ति दूसरों की सेवा के लिए तन व धन उपयोग करता है, तब उसे सबकुछ मिल जाता है। उसे सांसारिक सुख-सुविधा की कमी कभी नहीं होती। जब आप दूसरों के लिए कुछ करते हैं, उसी पल आपके जीवन में खुशी की शुरूआत हो जाती हैं। मानवता के नाते हम सभी को अपने आसपास के जरूरतमंद की सदैव मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के साथ संत मरियम परिवार हमेशा खड़ा रहेगा।

## बच्चियों की मौत मामले में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका हुईं कार्यमुक्त

- गर्म माड़ में गिरने से दो बच्चियों की हो गयी थी मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के तरहसी प्रखंड के सेलारी पंचायत अंतर्गत छेचानी में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र में बीते 23 नवंबर को गर्म माड़ में गिरने के कारण दो स्थनीय बच्चियों शिबू व ब्यूटी की मौत हो जाने के मामले में बुधवार को उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कार्रवाई करते हुए आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका को कार्यमुक्त कर दिया है। उपायुक्त ने तरहसी के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के जांच रिपोर्ट के आलोक में यह कार्रवाई की है।

**घटना के दिन अनुपस्थित थी सेविका :** जांच रिपोर्ट में पाया गया कि घटना के वक्त सेविका बगैर सूचना के अनुपस्थित थी। सहायिका बच्चियों को अस्पताल पहुंचाने में शिथिलता बरती। जिसके बाद उपायुक्त ने यह कार्रवाई की। बच्चों की सुरक्षा को देख आंगनबाड़ी केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय से हटाते हुए किराये के मकान में संचालित किया जा रहा है।

**पहले भी कई लोगों पर हुई है कार्रवाई :** ज्ञात हो कि इस पूरे मामले में पूर्व में भी कार्रवाई की गयी है जिसमें विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उषा देवी को हटाया जाना, संयोजिका शोभा देवी, रसोईया सविता देवी और कालो देवी को कार्य मुक्त करना शामिल है।

## बच्चों के पैसे वितरण में धांधली का आरोप

**पाटन।** सधपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच कोरोना के समय के पैसे वितरण में घोर धांधली बरती गई है इसका आरोप जिप सदस्य सदस्य संग्राम सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कोरोना काल के एमडीएम के पैसे सधपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच बांटने को 1,87,710 रुपये आये थे, जबकि प्राचार्य, अध्यक्ष एवं संयोजिका ने मात्र 87,710 रुपये ही बांटा गया। जब इसकी जांच जिप सदस्य ने करायी गई तो एक लाख का गबन करने का मामला प्रकाश में आया।

## किसानों को धान की बिक्री में नहीं होगी परेशानी : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा पैक्स के अधीन धान अधिप्राप्ति खरीफ केंद्र का उदघाटन प्राथमिक शिक्षक शिक्षा कॉलेज के छात्रावास में बुधवार को बीडीओ राज किशोर प्रसाद व सीओ प्रशांत कुमार ने किया। बीडीओ ने कहा कि बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष वर्षा कम होने से धान की खेती भी कम हुई है मगर जिन किसानों ने अपनी मेहनत के बल पर धान की उपज की है वैसे किसानो के धान बिक्री के लिए धान अधिप्राप्ति खरीफ केंद्र का उदघाटन किया जा रहा है। ताकि किसानों को धान की बिक्री में किसी तरह की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि जो भी किसान अपने धान बिक्री करना चाहते हैं वे धान अधिप्राप्ति खरीद केंद्र पर लाकर बिक्री कर सकते हैं।

# हिंडाल्को के कठौतिया माइंस में मना वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह

- माइंस व परिवार की उन्नति के लिए सुरक्षा के प्रति सजगता जरूरी : डीडीएमएस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पड़वा पलामू।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया कोल माइंस परिसर में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। इसका उद्घाटन डीडीएमएस एज्जास मोहम्मद, कन्वेनर अनील कुमार सिंह, प्रमुख गीता मेहता, सेफ्टी हेड अनुपम बागची ने किया।

डीडीएमएस एज्जास मोहम्मद ने कहा कि माइंस और अपने परिवार की उन्नति एवं जिंदगी को खुशहाल रखने के लिए कार्य क्षेत्र के साथ अपने घरों में भी सुरक्षा के प्रति सजगता व संवेदनशीलता जरूरी है। सात साल में कठौतिया माइंस में शून्य दुर्घटना दर्शाता है कि माइंस के अधिकारी व कर्मी सुरक्षा के प्रति सजग व जागरूक है। हिंडाल्को के सेफ्टी हेड अनुपम बागची ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि सुरक्षा को अपने दिनचर्या में अपनाने की जरूरत है। कन्वेनर अनील सिंह ने कहा कि माइंस में सुरक्षा के प्रति खुद के साथ सहकर्मी के सुरक्षा पर भी सजगता जरूरी है।




**दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथि।**

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर पड़वा प्रखंड के बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद, उपप्रमुख धर्मवीर सिंह, मुखिया रंजना कुमारी सिंह, खान प्रबंधक राजु सिंह, अश्विनी कुमार, केसी मोदक, अरूप बनर्जी, आर आर शुक्ला, योगेश द्विवेदी, अमरेन्द्र सिंह, चेतलाल विश्वकर्मा, एपी सिंह, जयंत शुक्ला, रणबीर सिंह, अरविंद सिंह, अरण्या माइंस के अजय सिंह,युपी सिंह, प्रवीण सिंह, सुचीता देवी, शिशिर शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन एचआर हेड अरूप बनर्जी ने किया।

**बच्चों ने नाटक कर दिया सुरक्षा का संदेश :** समारोह में गुरूकुल स्कूल के बच्चों ने नाटक के माध्यम से सुरक्षा का संदेश दिया जिसे अतिथियों एवं मौजूद लोगों ने काफी सराहा। माइंस कर्मियों द्वारा प्रस्तुत नाटक व गीत के माध्यम से भी सुरक्षा को लेकर जागरूक किया।

# कर्नल कप : एसपी होंगे फाइनल के मुख्य अतिथि, बढ़ायेंगे खिलाड़ियों का हौसला

- कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के टीम ने की एसपी से मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** हुसैनाबाद में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 के फाइनल मैच में खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने के लिए पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा जी को भी आमंत्रित किया गया है। कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मेदिनीनगर पहुंचकर पलामू पुलिस अधीक्षक को आमंत्रण पत्र दिया और कर्नल कप के फाइनल मैच में 23 दिसंबर को उपस्थित होने के लिए आग्रह किया।



**एसपी को आमंत्रण पत्र देते कर्नल कप टूर्नामेंट के आयोजक।**

उसके बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कर्नल संजय सिंह ने कहा कि पिछले बर्ष भी कर्नल कप के फाइनल में पलामू उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों का हौसला आफजाई की थी। इस बार फाइनल मैच में भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी बाईचुंग भूटिया, अजय सिंह और मंजीत सिंह भी यहां के स्थानीय खिलाड़ियों के साथ हुसैनाबाद के धरती पर खेलते हुए नजर आएंगे। उन्होंने समस्त फुटबॉल प्रेमियों से 23 दिसंबर को हुसैनाबाद पहुंचने के लिए आग्रह किया। मौके पर पूर्व मुखिया राजीव रंजन सिंह उर्फ डबल सिंह, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, सेवानिवृत्त सैनिक सुधीर कुमार सिंह (उर्फ पप्पू सिंह) एवं रजनीश कुमार सिंह मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### पाटलीपुत्र मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में घुटने का सफल प्रत्यारोपण

**धनबाद।** बुधवार को पाटलीपुत्र मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में डॉक्टर निखिल ड्रोलिया ने बताया गया की मरीज जितेन चंद्र घोष, उम्र 53 वर्ष, झरिया, धनबाद निवासी जो की विगत 3 वर्षो से घुटने के बीमारी से ग्रसित थे। जिनका दांये घुटने का सफल प्रत्यारोपण दिनांक 19 दिसंबर को किया गया। घुटने एवं कूल्हे का प्रत्यारोपण पाटलीपुत्र मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के हड्डी रोग शल्य चिकित्सक डा. निखिल ड्रोलिया एवं डा आशीष बजाज के टीम द्वारा किया गया। इसमें कोई परेशानी और दर्द नहीं होता है।डा. निखिल ड्रोलिया के देख रेख में प्रतिदिन पाटलीपुत्र मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में हड्डी रोग से जुड़े सभी बीमारियों का इलाज सफलता पूर्वक किया जा रहा है।

### सुशासन सप्ताह के तहत होगा कार्यशाला का आयोजन



**बोकारो।** आजादी के अमृत महोत्सव समारोह के अनुरूप नागरिक-केंद्रित शासन को बढ़ावा देने और सेवा वितरण में सुधार लाने को लेकर भारत सरकार द्वारा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह आयोजित है। एसी सादात अनवर ने अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर इस संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि इसके तहत आगामी 23 दिसंबर को एक कार्यशाला समाहरणालय सभागार में आयोजित की जाएगी जिसमें सभी विभाग कल्याण, शिक्षा, ग्रामीण विकास अभिकरण, स्वास्थ्य, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, समाज कल्याण आदि अपने द्वारा किए जा रहे गुड गवर्नेंस से संबंधित शार्ट फिल्म तैयार कर प्रदर्शित करेंगे। मौके पर सभी सम्बद्ध पदाधिकारी उपस्थित थे।

### इंटर स्टील बैडमिंटन चैंपियनशिप हुआ आरम्भ



**बोकारो।** स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड के तत्वावधान एवं बीएसएल के क्रीडा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग की मेजबानी में सेक्टर-4 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटर स्टील बैडमिंटन चैम्पियनशिप का शुभारम्भ ईडी (पी एंड ए) संजय कुमार द्वारा सीजीएम शालिग्राम सिंह, हरि मोहन झा, मनोज कुमार, जीएम ए के अविनाश तथा वरीय प्रबंधक एस रजक सहित प्रतिभागी टीमों की मौजूदगी में किया गया। राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड तथा टाटा स्टील के बीच, दुगार्पुर स्टील प्लांट एवं एलॉय स्टील प्लांट के बीच, बोकारो स्टील प्लांट तथा आरएसपी के बीच, टाटा स्टील तथा भिलाई स्टील प्लांट के बीच तथा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड एवं सलेम स्टील प्लांट के बीच उद्घाटन मैच खेला गया।

### सुभाष महतो मेमोरियल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**बेरमो।** जरीडीह बस्ती स्थित कपसा बाबा के समीप स्वर्ग सुभाष महतो मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट का आज शुभारंभ हुआ जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश सिंह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से स्वर्ग सुभाष मतों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखते हुए आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तत्पश्चात बल्लेबाजी कर इस आयोजित टूनामेंट का शुभारंभ किया वही मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सिंह अनिल अग्रवाल ने कहा अपने क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस उसे निखारने की जरूरत है इस मैच में अंपायरिंग रितेश पंसारी और ब्रिजेश पटवा ने की वही पहले बैटिंग करते हुए ढोरी इलेवन ने 12 ओवर में 132 रनों का लक्ष्य दिया जूनियर गोमिया इलेवन 3 विकेट शेष रहते हैं इस मैच पर विजय पाई स्कोरर की भूमिका विक्की श्रीवास्तव और कमेंट्री की भूमिका शशि श्रीवास्तव और छोटू ने संभाल रखी थी।

# झरिया में राजद नेत्री के घर पर चले बम और गोली

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिले के लोदना ओपी क्षेत्र के कुजमा कोलयरी के लाला पट्टी में बमबारी और गोलीबारी की घटना घटी है । बताते चलें कि राजद की महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष चंद्रावती देवी के आवास पर बमबारी और फायरिंग की घटना घटी है । घटना के बाद पूरे परिवार के लोग दशक के माहौल में जीने को मजबूर है। सूचना मिलने के बाद लोदना ओपी प्रभारी संजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे घटनास्थल से एक खोखा और जिंदा बम बरामद किया है।

राजद नेत्री के घर पर बमबाजी की घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। इसी क्रम में राजद नेत्री चंद्रावती देवी ने पत्रकारों को बताया कि नसरत खान और छोटू खान ने मंगलवार रात दरवाजा खटखटाया इसके बाद उसने राहुल के बारे में पूछा जब घर के अंदर से जवाब दिया गया कि घर में राहुल नहीं है तो नसरत खान और छोटू खान धमकी देने लगा उन्होंने कहा कि बहुत गवाही दे रहा है राहुल उसे समझा लो इसके बाद दोनों ने फायरिंग और बम बाजी की वारदात को अंजाम देने के बाद भी लोग मौके से फरार हो गए।

वही मामले में राजद नेत्री चंद्रावती देवी का कहना है कि उसके बेटे राहुल के सामने ही मारपीट की एक घटना घटी थी। जिसमें राजू खान आरोपी है। राहुल ने ही राजू के खिलाफ कोर्ट में गवाही दी थी। उसकी गवाही के कारण ही राजू खान लगातार पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित परिवार ने लिखित शिकायत दी है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई आरोपियों के ऊपर की जाएगी।

## लंबित मामलों का त्वरित करें निष्पादन : उपायुक्त



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने चास अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न अंचलों के अंचलाधिकारियों, एसडीपीओ के साथ राजस्व संग्रह, विधि व्यवस्था, आपदा, मुख्यमंत्री फसल राहत आदि को लेकर समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने दोनों अंचलाधिकारियों, डीसीएलआर को राजस्व न्यायालय में लंबित वादों पर सुनवाई करते हुए त्वरित निष्पादित करने को कहा। मौके पर उपस्थित एसपी चंदन झा ने मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार, चास एसडीपीओ पुरषोत्तम कुमार, सीटी डीएसपी कुलदीप कुमार को विधि व्यवस्था को लेकर जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। मौके पर संबंधित विभागों के पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बैंक मोड़ थाना में बुधवार को ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। वही ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया की पिछले दो महीने से मोटरसाइकिल चोरी की घटना की अपराध बढ़ रही थी। इसको लेकर टीम का गठन किया गया था। जिसके बाद छापेमारी के दौरान तीन लोगो को हिरासत में लिया गया। अभिषेक शर्मा धनसार, शनि बालमिकी बैंक मोड़, दिग्गविजय प्रताप सिंह झरिया का रहने वाला है। वही पूछताछ के बाद 11 मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। बताया की अभिषेक शर्मा और शनि बाल्मिकी का अपराधिक इतिहास रहा है। ग्रामीण एसपी ने यह भी बताया कि बैंक मोर थाना से तथा झरिया थाना से और मोटरसाइकिल चोरी की गई थी जिसकी पहचान कर लिए बाकी अन्य मोटरसाइकिल की पहचान के लिए जांच चल रही है। वही प्रेसवार्ता में ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह मौजूद थे।

## लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध महिलाओं ने निकाला जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता



**केंदुआ।** लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध समुदाय आधारित राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत धनबाद नगर निगम के एसएचजी ग्रुप की महिलाओं ने 21 दिसंबर को गोधर से केंदुआ तक पदयात्रा करते हुए जुलूस निकाला। धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क पर निकले जागरूकता अभियान में वार्ड संख्या 10, 11, 12, 13 व 14 की सेल्फ हेल्प ग्रुप की 150 से ज्यादा महिलाएं शामिल थीं। सभी अपने हाथों में लैंगिक भेदभाव, भ्रूण हत्या व अत्याचार के खिलाफ स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रही थीं। जुलूस का नेतृत्व करते हुए सुंदरी देवी ने कहा कि भेदभाव और अत्याचार के खिलाफ महिलाओं को खुद आगे आना होगा। वे अपने साथ हो रहे उत्पीड़न के बारे में एसएचजी ग्रुप, आंगनबाड़ी केंद्र व सीडीपीओ से शिकायत कर सकती हैं। समूह के माध्यम से महिलाएं स्वयं का रोजगार खोलकर बचत भी कर सकती हैं। जुलूस में शहनाज बानो, नेहा देवी, अनीता देवी, नीतू देवी, वीणा देवी, सुनैना देवी, रीता देवी, सुनीता देवी, शांति देवी, सुधा देवी, लक्ष्मी देवी, सुधा देवी आदि शामिल थीं।

## नशा के प्रति जागरूक होना आवश्यक : उपायुक्त



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिला स्तरीय समिति (नारकोटिक्स) की बैठक हुई जिसमें एसपी चंदन झा, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ बेरमो अनंत कुमार, एसडीपीओ बेरमो सतीश चंद्र झा, मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार, एसडीपीओ चास पुरुषोत्तम कुमार, सीटी डीएसपी कुलदीप कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने, जिले में नशीले दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ जागरूकता को बढ़ावा देने, विशेष रूप से स्कूल एवं कॉलेजों में एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों और नशीली दवाओं के हानिकारक प्रभावों से प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी को नशा के प्रति जागरूक होना आवश्यक है, तभी नशा मुक्त बोकारो का निर्माण संभव होगा। मौके पर उपस्थित एसपी चंदन झा ने जगह झ जगह छापेमारी करने, सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया।

## तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नीचे बाजार स्थित अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम 30 मीटर मीठाई दौड़ के बच्चों को उन्होने हरी झंडी दिखाकर खेल प्रारंभ करने की अनुमती दी। स्वीट रेश(बालक) में प्रथम रूद्र चौहान, द्वितिय कुंज बिहारी व तृतिय स्थान पियुष कुमार ने प्राप्त किया। वहीं स्वीट रेश(बालिका) में प्रथम अदिति कुमारी, द्वितिय शगुन यादव व तृतिय स्थान बबली कुमारी ने प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष बिमल रूंगटा, सचिव निलय गढ़याण, प्राचार्य अशोक वर्मा,प्रकाश महतो, आशा स्वर्णकार, कुणाल केशरी, डोली साव, कृष्ण बर्मन सहित स्कूल के आचार्य व दीदी मौजुद थे।

## शिक्षक वर्षों से लगा रहे हैं कार्यालय का चक्कर, अभी तक नहीं मिला मानदेय

खबर मन्त्र संवाददाता



**बाघमारा।** दिसंबर 2021 में प्रखंड बाल विकास परियोजना के अंतर्गत कोविड-19 में सेतु गाइड शिक्षकों की बहाली हुई थी। विभागीय अधिकारियों की देखरेख में मार्च 2022 तक हेतु गाइड केंद्र चला। कुछ सेतु गाइड शिक्षकों का मानदेय भुगतान कर दिया गया, लेकिन बहुत सारे लोगों का मानदेय भुगतान अब तक नहीं किया गया है। जिसको लेकर बुधवार को सेतु गाइड के दर्जनों शिक्षक और शिक्षिकाएं बाघमारा बाल विकास परियोजना कार्यालय पहुंचे, एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को मानदेय भुगतान करने के लिए आवेदन पत्र दिया। सभी मौजूद शिक्षक शिक्षिकाओं ने अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि 500 रुपये का प्रत्येक बच्चे पर भुगतान करना था, लेकिन वर्षों से हम लोग कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं आज तक भुगतान नहीं किया गया है। कुछ लोगों को भुगतान किया भी गया है तो मात्र 25% ही भुगतान किया गया है। वही मामले को लेकर बाघमारा बीपीओ पंकज चौरसिया ने बताया कि मार्च तक जिन लोगों का डॉक्यूमेंट जमा हुआ था उनका भुगतान कर दिया गया है। मार्च के बाद सभी पैसा लेप्स हो जाता है फिर से जिला में डिमांड भेजा गया है जल्द ही भुगतान कर दिया जाएगा।

## ग्रामीणों की बैठक में शामिल हुए राज्य मंत्री योगेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/ ललपनिया।** बुधवार को माननीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया प्रखंड अंतर्गत बारीडारी पंचायत के समर मरवा टोला पहुंचे। भारत माला प्रोजेक्ट अंतर्गत गुजरने वाली एक्सप्रेसवे केलिए गांव के समीप खेतों में किए गए एलाइनमेंट और पिलरिंग के विरोध में ग्रामीणों की बैठक व बुलावे पर वे मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान मंत्री जी के समक्ष ग्रामीण रैयतों ने कहा कि पूर्व में दूसरे स्थान पर एलाइनमेंट की बात हुई थी। लेकिन हमें अंधेरे में रख कर गांव के सामने खेतों से एलाइनमेंट कर दिया गया एवं पिलरिंग भी कर दी गई रैयतों ने खेती बारी खत्म होने की चिंता से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया। कहा खेत खत्म हो जाने पर जीविकोपार्जन का संकट हो जाएगा। इस टोला के लगभग 95 प्रतिशत लोग खेती किसानी पर ही निर्भर हैं। मंत्री श्री महतो ने सभी की बातों को सुनने के बाद कहाकि रैयत एकजुट रहें। एलाइनमेंट चेंज कराने को हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर भी हैरानी जताई कि आखिर इस प्रकार कैसे पूर्व में तय हुई एलाइनमेंट की जगह खेतों में एलाइनमेंट कर दिया गया। एवं पिलरिंग भी कर दिया गया। उन्होंने कहाकी रैयत ग्राम सभा के जरिए एलाइनमेंट बदलने का प्रस्ताव पास करें। और झारखंड राज्य लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्राचार करें। इस दौरान रैयतों के आग्रह पर मंत्री महतो ने खेतों में किए गए पिलरिंग का भी अवलोकन किया। मौके पर मुखिया मिनी देवी,पूर्व उपप्रमुख गिरधारी महतो लोकनाथ प्रसाद, राजेंद्र महतो, मेघनाथ महतो, तापेश्वर महतो,रोहित महतो, बैजनाथ महतो, खेदन महतो, किशुन महतो,सुरेश महतो, दिले महतो,आकाश कुमार यश,संजय मांझी, जगराम मांझी, मुकेश महतो, महेश करमाली, रेवा लाल महतो, बुद्धदेव मांझी,अनिल टुडू,लेदन महतो, सुरेश महतो, अजय महतो, बिनोद महतो, रमेश महतो सहित सैंकड़ों उपस्थित थे।

## किड्स प्रीमियर प्ले स्कूल का वार्षिक महोत्सव



**चिरकुंरा।** कुमारधुबी किड्स प्रीमियर प्ले स्कूल का वार्षिक महोत्सव बुधवार को कुमारधुबी क्लब में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य गुलाम कुरैशी एवं समाजसेवी कृतिवास झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभी बच्चों को किड्स प्रीमियर प्ले स्कूल द्वारा पुरस्कार दिया गया प्ले स्कूल के संस्थापक डॉ. आर बी साहू ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की वही प्ले स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीमती अनुराधा साहू ने बताया कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर के लिए वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाता है। स्कूल के डायरेक्टर प्रोफेसर आनंद प्रकाश साहू ने कहा कि 2 साल कोरोना की वजह से वार्षिक महोत्सव का कार्यक्रम नहीं हो सका था जिसके कारण बच्चों में काफी मायूसी थी आज किड्स प्ले स्कूल द्वारा पुनः कार्यक्रम किया जा रहा है। इस जिसे लेकर स्कूल के बच्चों के साथ साथ उनके अभिवाहक भी काफी प्रसन्न है प्ले स्कूल का हमेशा यह प्रयास रहा है कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ उनके प्रतिभा को भी उभारने का प्रयास नित्य करते आया है एवं सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं क्योंकि बच्चे ही देश के भविष्य हैं।

एक नजर में

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने निकाली देहदान जागरूकता रैली

**धनबाद।** बुधवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन धनबाद शाखा द्वारा देहदान जागरूकता हेतु 90-100 छात्र-छात्राओं एवं सदस्यों के साथ रैली निकाली गई । राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा प्रमुख अरुणा भगानियाजी ने हरी झंडी दिखाकर इस रैली का शुभारंभ किया। शाखा अध्यक्ष संजू डालमिया ने बताया कि चिकित्सा विज्ञान के विद्यार्थियों को काबिल डॉक्टर बनाने के लिए मृत देह की बहुत जरूरत होती है। एक शव से देश को 15-20 डॉक्टर मिल सकते हैं। क्योंकि जागरूकता के अभाव में लोग देहदान नहीं करते हैं इसलिए समिति द्वारा रैली के माध्यम से समाज के लोगों में सजगता लाने का प्रयास किया गया। रैली में इंटरनेशनल स्कूल

## पेज एक का शेष

### युवा जो चाहेंग...

सरकार ने माना-3 साल में जेपीएससी से 357 बहाली : रांची। शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बुधवार को झारखंड सरकार ने माना कि 3 साल में जेएसएससी से प्रदेश में सिर्फ 357 नियुक्तियां हुई है। भाजपा विधायक अनंत ओझा के अल्प सूचित प्रश्न पर सरकार की ओर से यह जवाब दिया गया। श्री ओझा ने पूछा था कि क्या यह बात सही है कि राज्य में विभिन्न विभागों में स्वीकृत पद की तुलना में सिर्फ 35 फीसदी ही पदाधिकारी और कर्मचारी पदस्थापित हैं। इससे सभी विभागों के कार्यों में प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसके जवाब में सरकार की ओर से बताया गया कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा गठित नियुक्ति नियमावली के आधार पर झारखंड वैज्ञानिक प्रतियोगिता परीक्षा 2021 के तहत 58 रिक्त पदों की नियुक्ति के लिए अध्यक्ष विभाग को अनुशंसा भेजी गई है। अब तक 56 कर्मी की नियुक्ति हो चुकी है। वहीं,हाईकोर्ट के द्वारा पारित न्यायादेश के तहत रिम्स में एक श्रेणी की परिचारिका के लिए प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कर 333 पदों पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा भेजी गई है। अब तक 301 कर्मियों की नियुक्ति हो चुकी है। इसके अलावा और 56 कर्मियों की नियुक्ति हुई है।

### तीसरी वर्षगांठ पर...

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत कई मॉडल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का उदघाटन राज्य सरकार द्वारा किया जाना है। इस निमित्त आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली जाये। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार के 03 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 दिसंबर 2022 को झारखंड मंत्रालय स्थित नए सभागार में आयोजित मुख्य समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन होगा। उक्त समिति द्वारा मिनट-टू-मिनट कार्यक्रमए डायस प्लान, आमंत्रित महानुभावों की सूची सहित कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी बिंदुओं पर आवश्यक तैयारी ससमय सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में सीएम के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय कुमार चौबे, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चीन में तबाहीवाले...

राज्यों को कोविड संक्रमण के प्रबंधन के लिए पांच स्तरीय रणनीति पर काम करना चाहिए। संक्रमण के सभी संदिग्ध मामलों की जांच करानी चाहिए। राज्यों को सभी कोविड मानको का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। सतर्कता बरतना आवश्यक है। विदेशों से आने वाले किसी भी संदिग्ध कोविड संक्रमित व्यक्ति के नमूनों को की जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जाना चाहिए। बैठक के बाद नीति आयोग के सदस्य-स्वास्थ्य डॉ वीके पॉल ने कहा कि हमें चीन और अमेरिका के हालात को देखते हुए सतर्क रहने की जरूरत है। वीके पॉल ने इस दौरान कोरोना संकट से निपटने के लिए 5 मंत्र दिये। अबतक सिर्फ 27-28% लोगों ने एहतियाती खुराक ली है। सभी लोग, विशेष कर वरिष्ठ नागरिक एहतियाती खुराक ले लें। कोविड अभी खत्म नहीं हुआ है, सतर्क रहने और निगरानी मजबूत करने का निर्देश दिया है। हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। इस बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने फैसला लिया है कि हर सप्ताह कोरोना के मामलों की समीक्षा को लेकर बैठक की जाएगी। इससे रियल टाइम अपडेट पर नजर रहेगी और उसके मुताबिक कदम तय किए जा सकेंगे। वीके पॉल ने कहा कि अभी उड़ानों पर किसी तरह के नियंत्रण को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

क्या है बीएफ-7: जानकारी के मुताबिक, बीएफ-7 वेरिएंट श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से को संक्रमण करता है। इससे संक्रमितों में बुखार, खांसी, गले में खराश, नाक बहना, कमजोरी, थकावट जैसे लक्षण दिखते हैं। वहीं, कुछ लोगों को उल्टी और दस्त जैसे पेट से जुड़े लक्षणों का भी अनुभव होता है। यह उन्हीं लोगों को शिकार बनाता है, जिनका इम्यून सिस्टम कमजोर होता है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चीन के विभिन्न शहर वर्तमान में कोविड के अत्यधिक संक्रामक स्वरूप ओमीक्रॉन, ज्यादातर बीएफ.7, की चपेट में हैं, जो बीजिंग में फैलने वाला मुख्य स्वरूप है। इसी के कारण चीन में कोविड संक्रमण के मामलों में व्यापक उछाल आया है।

समीक्षा बैठक : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में कोविड समीक्षा बैठक में विशेषज्ञों ने कहा कि हालांकि अभी तक कोविड मामलों की संख्या में समग्र वृद्धि नहीं हुई है, लेकिन, मौजूदा और उभरते स्वरूपों पर नजर रखने के लिए निरंतर निगरानी की आवश्यकता है। बैठक में मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. प्रवीण भारती पवार, नीति आयोग के स्वास्थ्य सदस्य डॉ वी के पाल, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, मंत्रालय , भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, भारतीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### सीएम के निर्देश...

छात्रों का कहना है कि झारखंड सरकार सुप्रीम कोर्ट ना जाये, बल्कि फिर से नयी नीति बनाकर स्थगित परीक्षाओं को जल्द से जल्द ले। छात्रों ने कहा कि हर बार किसी न किसी कारण से परीक्षा और विज्ञापन रद्द हो जाता हैं। इसका असर छात्रों के भविष्य पर पड़ता है। हमारी उम्र भी निकलती जा रही है।

संविदा कर्मियों को समान वेतन व सुविधाएं नहीं : उधर विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बुधवार को राज्य में अलग-अलग सरकारी विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों को समान कार्य के लिए समान वेतन नहीं मिलेगा। राज्य सरकार ने सदन में यह सूचना दी है। सदन में विधायक राज सिन्हा ने सरकार से संविदा कर्मियों, समान कार्य के लिए समान वेतन और इससे संबंधित विषय पर जानकारी मांगी थी। इस पर राज्य सरकार ने इससे इंकार किया कि राज्य में संविदा पर नियुक्त कर्मी अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। साथ ही संविदा कर्मियों को ईपीएफ, सामान्य ग्रुप बीमा तथा भविष्य की सुरक्षा से संबंधित अन्य सुविधाएं दिए जाने के मसले पर बताया है कि नियमित रूप से नियुक्त सरकारी सेवक और संविदा कर्मियों का वेतन एवं अन्य सुविधाएं समान नहीं हो सकती हैं।

मजदूरों की वापसी की पहल करे सरकार : भाकपा माले के विधायक विनोद सिंह ने सदन में कहा कि गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग के 44 मजदूर कजाकिस्तान में फंसे हुए हैं। उन्हें वापस लाने की मंजूरी मिल चुकी है लेकिन उनके पास वापस आने के लिए पैसे नहीं है। इसलिए राज्य सरकार उन्हें वापस लाने की पहल करे।

### क्रेन पलटने से ...

तभी अचानक क्रेन अनियंत्रित होकर उनके ऊपर ही गिर गया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। मृतक अभियंता गुमला जिले के रहने वाले थे और फिलहाल रांची के बरियातू इलाके में रहते थे। नामकुम थाना क्षेत्र स्थित दुर्गा सोरेन चौक के समीप वह गोदाम का है, जहां पर फ्लाई ओवर निर्माण से संबंधित पाइलिंग का काम किया जाता है, जिसके बाद यहां से कांटाटोली भेजा जाता है। इस घटना के बाद से सभी कर्मचारी गोदाम से फरार हो गये।

## स्पीड न्यूज

### जेल से बाहर आयेगा कुख्यात चार्ल्स शोभराज



**काठमांडू।** नेपाल की सुप्रीम कोर्ट ने फ्रेंच सीरियल किलर चार्ल्स शोभराज को रिहा करने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के जज सपना प्रधान मल्ला और तिल प्रसाद श्रेष्ठ की बेंच ने रिहाई के निर्देश दिए हैं। कोर्ट के आदेश के बाद शोभराज करीब 19 साल बाद जेल से बाहर आएगा। शोभराज पर दो अमेरिकी पर्यटकों की हत्या करने का आरोप लगा था। जिसके बाद कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। वह 2003 से नेपाली जेल में बंद है।

### हिमाचल के लाहौल स्पीति में भूकंप के झटके

**शिमला।** हिमाचल के जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। जिसकी तीव्रता 2.6 रिएक्टर स्केल मापी गई है। हालांकि भूकंप से कोई जान-माल के नुकसान की जानकारी नहीं है।

### बद्रीनाथ, केदारनाथ धाम की सुरक्षा अब आइटीबीपी के हवाले

**नयी दिल्ली।** बर्फ से ढके केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिरों की निगरानी के लिए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) को सर्दियों के दौरान तैनात किया गया है। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### सेंसेक्स 635 अंक टूटा

**मुंबई।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को हरे निशान पर खुलने के बावजूद बाजार में बिकवाली दिखी और दिन का कारोबार खत्म होते-होते यह एक महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया। बुधवार को सेंसेक्स 635 अंकों की गिरावट के साथ 61067 पर और निफ्टी 186 अंकों की गिरावट के साथ 18199 पर बंद हुआ।


### वनों को जीवंत और स्वस्थ बनाये रखना जरूरी : द्रौपदी मुर्मू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास के लिए वनों को जरूरी बताते हुए कहा है कि वनों को जीवंत एवं स्वस्थ बनाये रखने में सभी को योगदान देना चाहिए। मुर्मू ने भारतीय वन सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास आवश्यक है लेकिन इसके साथ स्थायित्व भी आवश्यक है। प्रकृति ने हमें भरपूर उपहार दिए हैं तथा यह हममें से प्रत्येक का कर्तव्य है कि हम पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी बनें।

## लोकसभा में अमित शाह का राज्यों को संदेश

# ड्रग्स के खिलाफ मिल कर लड़ाई लड़नी होगी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को भी संसद में विपक्षी दलों ने हंगामा किया। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्षी दलों ने सरकार से चीन मुद्दे पर सदन में चर्चा की मांग की। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बयान दिया। उन्होंने कहा कि नशाखोरी एक गंभीर समस्या है जो पीढ़ियों को नष्ट कर रही है। ड्रग्स से होने वाले मुनाफे का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए भी किया जाता है।

**सभी को मिलकर लड़नी होगी नशे के खिलाफ लड़ाई**

गृह मंत्री ने कहा सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। हमें सीमाओं, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के माध्यम से नशीली दवाओं के प्रवेश को रोकने की जरूरत है। राजस्व विभाग, एनसीबी और मादक पदार्थ रोधी एजेंसियों को एक ही पृष्ठ पर होने वाले खतरे के खिलाफ काम करना होगा।

**जांच एजेंसियों पर सवाल उठाना बंद करें :** अमित शाह ने कहा कि सीमाएं केंद्र सरकार की जिम्मेदारी होती हैं, लेकिन जब हम बीएसएफ को अधिकार देते हैं तो कहा जाता है कि राज्यों के अधिकार लिए जा रहे हैं, अब वहां बीएसएफ कैसे काम करेगी। बीएसएफ ड्रग्स जब्त करती है, लेकिन मामला दर्ज करने का अधिकार नहीं है, इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने वाले मादक पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे हैं। बिना अधिकारों के एजेंसियां काम नहीं कर सकतीं, उन्हें अधिकार देने होंगे। हमें अपनी एजेंसियों पर विश्वास दिखाना चाहिए। एनसीबी पूरे देश में जांच कर सकती है। यदि अंतरराज्यीय जांच करने की आवश्यकता है तो एनसीबी प्रत्येक राज्य की मदद करने के लिए तैयार है। यहां तक कि एनआईए भी राज्यों की मदद कर सकती है अगर देश के बाहर जांच की जरूरत है।

**ड्रग्स और आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस :** अमित शाह ने कहा कि हमारी सरकार की ड्रग्स के मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस की नीति है। जो देश हमारे देश में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं, वे ड्रग्स से होने वाले मुनाफे का इस्तेमाल उसी के लिए कर रहे हैं। इस गंदे पैसे की मौजूदगी भी धीरे-धीरे हमारी अर्थव्यवस्था को खोखला कर देती है।

**मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों पर हो कार्रवाई**

शाह ने कहा कि हमारी नीति बहुत स्पष्ट है, नशा करने वाले पीड़ित हैं, हमें उनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए और पीड़ितों को उनके पुनर्वास के लिए अनुकूल माहौल देना चाहिए, लेकिन मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

### अमित शाह के बयान पर बोले अधीर रंजन

अमित शाह के बयान पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से गृह मंत्री ने भारत को ड्रग्स मुक्त करने की बात कही है, लेकिन यह जमीनी स्तर पर कुछ और ही बयां करती है। वर्ष 2018 में ड्रग्स से 7,193 आत्महत्या हुई हैं, वहीं वर्ष 2021 में ड्रग्स से 10,560 मृत्यु हुई। यह आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं।

**CAMBRIDGE INSTITUTE OF TEACHER EDUCATION**
Angara, Ranchi-835103, Jharkhand
Recognised by NCTE and Affiliated to Ranchi University, Ranchi & JAC
Courses Offered- B.Ed. & D. El.Ed. (02 year courses)
Silent Features:
● Scholarship for Deserving Candidates ● Fee in Easy Installment ● Bus Facility Available ● Equipped with CCTV Camera ● Excellent University Result ● Rich Library & Placement Assistance ● Language Lab for Beginners and Advance Learners ● Smart Class Best Faculty & Infrastructure ● Separate Hostel for Boys & Girls ● Facilities for online classes.
For Details Contact: 9431581023, 9431680313 & 7004716403
Website: www.citeranchi.com, E-mail: cambridge786@gmail.com

### बीएसएफ जवानों ने मार गिराया पाकिस्तानी ड्रोन

**अमृतसर।** भारत-पाक सीमा स्थित सीमा निगरानी चौकी दाओके में बीएसएफ के चौकस जवानों ने एक बार फिर पाकिस्तान की कोशिश को विफल कर दिया है। मंगलवार देर शाम सीमा पर गहरी धुंध में बीएसएफ जवान गश्त कर रहे थे। तभी जवानों को ड्रोन की आवाज सुनी। चौकस जवानों ने तुरंत फायरिंग की और ड्रोन पाकिस्तान लौट गया। सर्च के दौरान भरोपाल गांव के निकट बाड़ के पीछे खेत में पीले रंग की टेप में लिपटा एक पैकेट मिला। जांच में उसके अंदर से चार किलो और 300 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## उत्तर भारत में सर्दी का सितम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तर भारत में सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। साथ ही, सुबह और शाम के समय घने कोहरे के छाए रहने से विजिबिलिटी भी काफी कम रह गई। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटे के लिए घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। अगले 24 घंटे उत्तर प्रदेश, पंजाब, बिहार आदि राज्यों में घने से बहुत घना कोहरा छाया रहेगा। हरियाणा, चंडीगढ़ में अगले चार दिनों तक घना कोहरा रहेगा, जबकि उत्तर प्रदेश में दो दिनों तक सुबह और शाम के समय घने कोहरे का कहर रहेगा। इसके अलावा, अगले दो दिनों तक बंगाल, सिक्किम, असम, मणिपुर, हिमाचल, उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार आदि राज्यों में भी घना कोहरा देखने को मिल सकता है। विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटे तक न्यूनतम तापमान में कमी नहीं देखी जाएगी और उसके बाद दो डिग्री तक इसमें गिरावट आ सकती है। अगले चार से पांच दिनों तक उत्तर भारत के राज्यों के तापमान में कोई बहुत बड़ा बदलाव आने की संभावना नहीं है।

### अब 2024 के अंत में लॉन्च होगा गगनयान मिशन

**नयी दिल्ली।** गगनयान मिशन लगातार लेट हो रहा है। इसे एक बार फिर से आगे बढ़ा दिया गया है। गगनयान मिशन अब 2024 की चौथी तिमाही यानी साल के आखिरी में लॉन्च होगा। वहीं इसरो ने भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए सिस्टम्स को डेवलेप और टेस्ट करना जारी रखा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान एच1 मिशन को 2024 की चौथी तिमाही में लॉन्च करने का लक्ष्य रखा गया है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत है: सीतारमण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि कोविड महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत हुई है और वर्तमान स्थिति में भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है।

सीतारमण ने सदन में विनियोग (संख्या-5) विधेयक 2022 और विनियोग (संख्या -4) विधेयक 2022 पर दो दिनों तक चली चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि भारत दुनिया में उभरता हुआ सितारा है। उन्होंने कहा कि सरकारी व्यय के साथ ही निजी निवेश में भी तेजी आयी है। इस संबंध में उन्होंने इकरा की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुये कहा कि ऊर्जा, डिजिटलीकरण, सीमेंट, धातु, ऑटो मोबाइल, फार्मा और टेक्साटाइल सहित लगभग हर क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि उवर्रक सहित विभिन्न क्षेत्रों की सब्सिडी के लिए अनुपूरक अनुदान मांगे लायी गयी है। उन्होंने कहा कि रेवड़ी और सब्सिडी में अंतर है।

### जलदस्युता रोधी विधेयक पर संसद की मुहर

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा ने समुद्री मार्ग पर जहाजों को लूटने वाले डाकूओं पर शिकंजा कसने और महासागरों से व्यापार को सुरक्षित बनाने वाले 'समुद्री जलदस्युता रोधी विधेयक 2022' को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। इसे स्थायी समिति को भेजा गया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सदन में कहा कि इससे समुद्री व्यापार सरल और सुरक्षित होगा।

## सरकार ने की राहुल से यात्रा रोकने की अपील

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राहुल गांधी से यात्रा रोकने की अपील की है। इसके लिए कोरोना महामारी बढ़ने का हवाला दिया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राहुल को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि देश में एक बार फिर से कोरोना का खतरा बढ़ता जा रहा है, हेल्थ इमरजेंसी के हालात हैं। देश को बचाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा रोक दें। सरकार की अपील पर कांग्रेस ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा से मोदी सरकार बौखलाई हुई है। क्या गुजरात चुनाव में पीएम मोदी मास्क लगाकर गए थे? इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री का भी बयान आया। मंडाविया ने कहा- किसी खास परिवार के लिए सबको खतरे में नहीं डाला जा सकता। मैं तो सिर्फ स्वास्थ्य मंत्री होने का कर्तव्य निभा रहा हूं। कोई ये सोचता है कि कोई मंत्री उनसे सवाल कैसे कर सकता है तो हम उनकी मानसिकता का क्या कर सकते हैं? इस पर मुझसे सवाल करना मेरे काम में बाधा डालने जैसा है।

### कांग्रेस कोरोना प्रोटोकाल का पालन करेगी

स्वास्थ्य मंत्री के पत्र पर कांग्रेस ने कहा है कि यात्रा में प्रोटोकाल का पालन किया जाएगा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि संसद की बैठकें सामान्य रूप से हो रही है। उड़ानों के संचालन में मास्क अनिवार्य नहीं हैं। भाजपा ने राजस्थान और कर्नाटक में यात्राएं निकाली हैं। केंद्र की तरफ से राज्यों को कोई परामर्श जारी नहीं किया गया है इसके बावजूद भारत जोड़ो यात्रा में भीड़ होने की स्थिति में कोरोना प्रोटोकाल का पूरी तरह से और निश्चितरूप से पालन किया जायेगा।

## क्रिमिनल को दौड़ाते रहो, वो बैठ गया तो खुराफात करेगा: डीजीपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के नए डीजीपी राजविंदर सिंह भट्टी ने बतौर पुलिस महानिदेशक राज्य के सभी जिलों के एसपी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ पहली मीटिंग में कहा कि क्रिमिनल को दौड़ाइए, अगर वो बैठा रहा तो खुराफात करेगा और फिर आपको दौड़ाता रहेगा। क्रिमिनल को दौड़ाते रहने से क्राइम कम होगा। पटना में सीनियर पुलिस अफसर के साथ मीटिंग में भट्टी ने पुलिस फोर्स का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि कौन खुश होगा और कौन नाराज होगा, इसकी चिंता करना बंद कर दीजिए। साफ काम करिए और कानून के हिसाब से काम करिए। भट्टी ने कहा कि जो काम ही नहीं करता है उसकी शिकायत तो हो नहीं सकती। भट्टी ने कानून के मुताबिक काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि अगर आपने सही काम किया है तो अपने खिलाफ किसी भी शिकायत की चिंता करने की जरूरत नहीं है। शिकायत कोई भी करे जब तक मैं आरोप से संतुष्ट नहीं होता तब तक कुछ नहीं होगा। कुछ पूछना होगा तो मैं पूछ लूंगा।

### यूपीएससी सीडीएस-1 के लिए आवेदन शुरू

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने अपनी वेबसाइट पर संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा-1, 2023 की विस्तृत अधिसूचना जारी कर दी है। इसी के साथ प्रवेश आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। विभिन्न भारतीय सैन्य संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में 341 रिक्तियों पर प्रवेश के लिए यूपीएससी सीडीएस-1 परीक्षा 16 अप्रैल, 2023 को आयोजित की जाएगी। पाठ्यक्रम जनवरी 2024 में शुरू होंगे। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है उम्मीदवार 10 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं।


## जंग शुरू होने के बाद जेलेंस्की का पहला विदेश दौरा, अमेरिका पहुंचे

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की वाशिंगटन के दौरे पर अमेरिका पहुंचे। वे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से भेंट कर सकते हैं और बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करेंगे। यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की की ये अमेरिका यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब उसे भारी रूसी बमबारी से बचाव के लिए हथियारों और मिसाइलों की जरूरत है। जेलेंस्की ने आखिरी बार 19 फरवरी को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए यूक्रेन छोड़ा था। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने मंगलवार को एक पत्र में कहा था कि बुधवार रात कांग्रेस का एक सत्र होगा जिसमें 'लोकतंत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।'

## दुनिया के 50 महानतम कलाकारों की सूची में शामिल हुए शाहरूख



बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान एम्पायर मैगजीन की लिस्ट में दुनिया भर के 50 महानतम कलाकारों की लिस्ट में शामिल किये गये हैं। एम्पायर मैगजीन के अब तक के 50 महानतम कलाकारों की लिस्ट जारी की है, जिसमें भारत से एकमात्र शाहरुख ऐसे शख्स है, जिसका नाम इसमें शामिल हैं। एम्पायर मैगजीन की लिस्ट में हॉलीवुड के टॉम हैंक्स, डेंजल वाशिंगटन, मर्लिन मुनरो, रॉबर्ट डिनीरो, नेटली पोर्टमैन, हीथ लेजर, टॉम क्रूज, लियोनार्दो डिकैपरियो, सैमुअल एल जैक्सन, निकोलस केज, वियोला डेविस, केट, ब्लेंचेट, मारलोन ब्रांडो, टॉम हार्डी, मेरिल स्ट्रीप, क्रिश्चियन बेल, एंथनी हॉपकिंस, जूलियन मूर, चार्लीज थेरोन, अल पचीनो, पेनेलोप क्रूज, योकिन फीनिक्स, मोरगन फ्रीमैन आदि शामिल हैं। मैगजीन ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए साझा की है। यह लिस्ट मैगजीन के फरवरी अंक में छपेगी। हालांकि, ऑनलाइन इसे जारी कर दिया गया है। यह लिस्ट पाठकों की वोटिंग के आधार पर तैयार की गयी है। इस प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए लिखा गया है कि पाठकों से ऐसे अभिनेताओं और सितारों को लेकर वोटिंग करने के लिए कहा गया था, जिन्होंने हमेशा परिणाम दिये हैं, जो गेम चेंजर साबित हुए हैं और जिनके खास टैलेंट को दोहराया नहीं जा सकता है।

# नारी शक्ति की जीत का साल रहा 2022

### ● महिलाओं के हक में आये पांच बड़े फैसले

नयी दिल्ली। महिला सशक्तिकरण के लिए भारत सरकार, सरकारी और गैर सरकारी संगठन लगातार प्रयासरत हैं। हालांकि कई क्षेत्रों में महिलाओं को आज भी लिंग भेदभाव व असमानता का सामना करना पड़ रहा है। कभी महिलाओं को किसी मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं होती, तो कहीं महिलाओं को पुरुषों के समान वेतन नहीं मिलता। इस असमानता को झेल रहीं महिलाओं के लिए लगातार ऐसे बड़े और ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं, जो उन्हें समाज में समान पायदान पर लाने में मदद करें। साल 2022 इन्हीं ऐतिहासिक प्रयासों का साल रहा। यह साल नारी शक्ति के नाम रहा। साल 2022 में कुछ ऐसे बड़े और ऐतिहासिक फैसले लिए, जो महिलाओं के हक में रहे। महिलाओं के अधिकारों को बढ़ाने, उन की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए इस साल पांच बड़े फैसले लिए गए। आइए जानते हैं महत्वपूर्ण फैसलों के बारे में।

**बच्चे के उपनाम का अधिकार**

इसी साल जुलाई 2022 में सर्वोच्च न्यायालय ने माताओं के हक में फैसला सुनाते हुए बच्चे का उपनाम तय करने का अधिकार दिया। पुनर्विवाह करने वाली महिलाओं के लिए यह महत्वपूर्ण फैसला है, जिसमें कहा गया कि बच्चे का एकमात्र प्राकृतिक अभिभावक मां होती हैं, इसलिए बच्चे का उपनाम तय करने का अधिकार मां का है।



### समान अधिकार

वर्ष 2022 सितंबर में भारत की सर्वोच्च अदालत में महिलाओं के हक में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने देश की विवाहित और अविवाहित, सभी महिलाओं को गर्भपात का अधिकार दे दिया। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के तहत प्रत्येक गर्भवती महिला को 20 से 24 सप्ताह के बीच गर्भपात का अधिकार होगा। उनके विवाहित या अविवाहित होने से कोई फर्क नहीं पड़ता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, किसी महिला की वैवाहिक स्थिति को उसे अनचाहे गर्भ गिराने के अधिकार से वंचित करने का आधार नहीं बनाया जा सकता है। एकल और अविवाहित महिलाओं को भी गर्भावस्था के 24 सप्ताह में उक्त कानून के तहत गर्भपात का अधिकार है। चूंकि महिला के शरीर में एक भ्रूण विकसित होता है, इसलिए उसे निर्णय लेने का पूरा अधिकार है।

### वैवाहिक यौन दुष्कर्म भी बलात्कार है

सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए टिप्पणी करते हुए 'मैरिटल रेप' को भी बलात्कार की श्रेणी में माना। अदालत ने कहा कि पति द्वारा बिना महिला की अनुमति के किया दुष्कर्म बलात्कार है। इसलिए मैरिटल रेप की दशा में भी 24 सप्ताह की तय सीमा में पत्नी अनचाहे भ्रूण को समाप्त करने का अधिकार रखती है। हालांकि भारतीय महिलाएं वैवाहिक बलात्कार को अपराध बनाने वाले कानून के लिए अभी भी संघर्ष कर रही हैं। लेकिन शीर्ष अदालत ने अपनी इस टिप्पणी से इशारा कर दिया कि महिलाएं अपने पार्टनर द्वारा यौन शोषण का शिकार होती हैं।

### भारतीय नौसेना में महिलाएं शामिल

भारतीय नौसेना में महिलाओं को शामिल करने का इतिहास कदम साल 2022 में उठाया गया। पहली बार महिला नाविक नौसेना में शामिल हुईं। वहीं घोषणा की गई है कि अगले साल सभी शाखाओं में महिला अधिकारियों को शामिल करने का भी विचार किया जा रहा है। बता दें कि वर्तमान में केवल 7-8 शाखाओं में ही महिला अधिकारी हैं।

### महिला क्रिकेटरों को समान वेतन

साल 2022 खेल जगत की महिलाओं के लिए भी उपलब्धियों वाला वर्ष रहा। इस साल भारतीय क्रिकेटरों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने महिला खिलाड़ियों को समान वेतन देने की घोषणा की। इस फैसले के बाद महिला क्रिकेटरों की पुरुष खिलाड़ियों के समान ही आय होगी। इसके पहले तक महिला खिलाड़ियों की कमाई पुरुषों की तुलना में कम थी। क्रिकेट में लैंगिग भेदभाव को दूर करने वाला यह फैसला ऐतिहासिक रहा।

## स्पोर्ट्स

### बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले चोटिल हुए राहुल, पुजारा हो सकते हैं कप्तान



**ढाका।** भारतीय टेस्ट टीम के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले चोटिल हो गए। वह अभ्यास सत्र के दौरान अपने हाथ में चोट लगा बैठे हैं। अगर राहुल 22 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे मुकाबले में नहीं खेल पाते हैं तो उपकप्तान चेतेश्वर पुजारा टीम की कमान संभाल सकते हैं। नियमित कप्तान रोहित शर्मा के बाहर होने के बाद राहुल कप्तान और पुजारा उपकप्तान बने थे। राहुल के चोट के बारे में टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राहुल को चोट लगी है, लेकिन यह ज्यादा गंभीर नहीं है। राहुल के अगले मुकाबले में खेलने को लेकर अंतिम फैसला मैच से पहले लिया जाएगा। भारतीय टीम दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है।

### पीसीबी अध्यक्ष बने नजम सेठी, रमीज बर्खास्त

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रमीज राजा को बर्खास्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर नजम सेठी अब कुर्सी संभालेंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने नजम सेठी के नाम पर मुहार लगा दी है। इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज गंवा दी थी। उसके बाद इस बात की चर्चा हो रही थी कि रमीज राजा की कुर्सी जा सकती हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!